

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 126, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 35.1° अधिकतम तापमान | 25.8° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 05:24 सूर्यास्त 19:22


हल्द्वानी, रविवार, 23 जून 2024



प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज..14


# परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

## एनटीए पर सिफारिश के लिए कमेटी के अध्यक्ष बने इसरो के पूर्व प्रमुख राधाकृष्णन

**सकारात्मक पहल**

- डेटा सुरक्षा व एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में केंद्र को सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट विवाद को लेकर आलोचना का सामना कर रहे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्य प्रणाली को पारदर्शी, आसान और न्यायपूर्ण परीक्षा कार्यान्वयन की गारंटी के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया है। समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना एवं कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट की परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सरकार ने कहा है कि वह विद्यार्थियों के हित से खिलवाड़ नहीं होने नहीं देगी। इसी संदर्भ में इस समिति का गठन किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक समिति को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करना और प्रणाली की दक्षता में सुधार करने तथा संभावित उल्लंघन को रोकने के लिए उपाय सुझाने और एनटीए की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा करना तथा प्रत्येक स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र के साथ-साथ इन प्रक्रियाओं/प्रोटोकॉल को मजबूत करने के उपाय सुझाने का काम सौंपा गया है। वहीं, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार के संदर्भ में एनटीए की मौजूदा डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने तथा इसके सुधार के लिए उपाय सुझाने और विभिन्न परीक्षाओं के लिए पेपर-सेटिंग और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने तथा सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### एनटीए महानिदेशक को पद से हटाया गया

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाओं नीट और यूजीसी-नेट में अनियमितताओं को लेकर बड़े पैमाने पर उठे विवाद के बीच एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को शनिवार को पद से हटा दिया गया। सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित नियुक्ति किए जाने तक परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### विशेषज्ञों की समिति में ये सदस्य हैं शामिल

समिति में दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. के राममूर्ति, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य- कर्मयोगी भारत के सह-संस्थापक पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को रखा गया है। डॉ. राधाकृष्ण वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के संचालन मंडल के अध्यक्ष हैं।

# उत्तराखंड उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

ब्यूरो, देहरादून



- बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलौर के लिए बनाया स्टार कैंपेनर

**अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद दूसरा नाम उनके भतीजे आकाश आनंद का है।

राज्य में चमोली जिले की बदरीनाथ और हरिद्वार जिले की मंगलौर विधानसभा में उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ विस से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरवत करीम अंसारी विधायक थे। लेकिन उनका निधन होने के बाद अब मंगलौर सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। बसपा ने मंगलौर सीट पर पूर्व विधायक सरवत करीम अंसारी के बेटे उदेबुर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है।

हरिद्वार जिले में बसपा का खासा प्रभाव रहा है। हालांकि वर्ष 2022 के चुनाव में बसपा को हरिद्वार जिले की 11 में से सिर्फ दो सीटों पर ही सफलता मिली थी। लेकिन पूर्व में यहां बसपा का कई सीटों पर कब्जा रहा है। बसपा अपने वोट बैंक को फिर से समेटने में जुट गई है। यही वजह है कि मंगलौर विस उपचुनाव को पार्टी बेहद गंभीरता से ले रही है। इस सीट पर बसपा सुप्रीमो मायावती भी आएंगी। पार्टी की ओर से 13 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की गई है। सूची में मायावती के बाद दूसरा बड़ा नाम उनके भतीजे आकाश आनंद का है। राजनैतिक विशेषज्ञ मानते हैं कि यह आकाश आनंद की पार्टी में दोबारा वापसी है। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान एकाएक मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी में सभी पदों से मुक्त कर दिया था। जबकि कुछ महीने पहले ही उन्होंने आकाश को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। उस समय आकाश पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर के पद पर थे। तब आकाश ने महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे पर तेवर दिखाए थे।

## उत्तर प्रदेश में कई आईपीएस अफसरों के हुए तबादले

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस आयुक्त भी बदले गए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है।

अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे। लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया है। राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज की जिम्मेदारी दी है। प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है।

# पत्नी की गला रेतकर हत्या, गिरफ्तार

संवाददाता, किच्छा

- शक के चलते पत्नी को उतारा मौत के घाट, चार दिनों से बहन के घर रह रहे थे दोनों पति-पत्नी

**अमृत विचार :** अवैध संबंध के शक के चलते पति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी। आरोपी पति चार दिनों से अपनी बहन के यहां पत्नी के साथ रह रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आजादनगर, वार्ड नंबर 2, किच्छा निवासी अशोक कुमार का विवाह महतोष मोड़, थाना गदरपुर निवासी पूनम के साथ करीब 8 वर्ष पहले हुआ था। अशोक अपनी पत्नी पर किसी गैर व्यक्ति के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर शक करता था। इसके चलते दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। लगातार क्लेश के चलते पूनम करीब एक माह पहले के चलते मायके चली गई थी। पत्नी के मायके जाने के बाद अशोक उसे वापस लाने को रिश्तेदारों से संपर्क कर रहा था। इस पर अशोक की बहन धनवती व बहनोई तेजपाल अशोक व पूनम के बीच सुलह कराने के मकसद से दोनों को चार दिनों पहले हल्द्वानी मार्ग स्थित मंड फॉर्म, किच्छा स्थित अपने घर ले आए। तब से अशोक व उसकी पत्नी पूनम वहीं रह रहे थे।



मृतका पूनम एवं हत्यारोपी पति अशोक।

घटनाक्रम के मुताबिक शनिवार की सुबह धनवती और तेजपाल काम पर चले गए। इसी बीच अशोक का पत्नी पूनम में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि गुस्से में अशोक ने पूनम (30) की हसिये से गला रेत कर हत्या कर दी। काम से लौटने पर धनवती और तेजपाल को घटना की जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए। घर के आंगन में लहूलुहान अवस्था में पूनम का शव पड़ा हुआ था। कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। उधर, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। अशोक व पूनम के आठ वर्ष की पुत्री व ढाई वर्षीय पुत्र है। मां की मौत व पिता के जेल जाने के बाद दोनों बेसहारा हो गए हैं।






# जीएसटी काउंसिल की डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ करने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

- शनिवार को हुई 53वीं बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी काउंसिल की शनिवार को हुई 53वीं बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है।

बैठक के बाद सीतारमण ने कहा व्यापार सुविधा, अनुपालन बोझ को कम करने और अनुपालन में आसानी के मामले में करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इससे व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को लाभ होगा।

**पेट्रोल-डीजल को भी जीएसटी के दायरे में लाने की तैयारी :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।

### रेल सेवाओं में राहत

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद ने सौर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने के निर्णय के साथ ही रेलवे की सेवाओं के साथ ही कई अन्य सेवाओं पर जीएसटी से राहत देने की सिफारिश की है। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की है, जिसका अर्थ है स्टील, लोहा, एल्युमीनियम, चाहे किसी भी उपयोग में हो। उन्हें दूध के डिब्बे कहा जाता है, लेकिन जहां भी उनका उपयोग किया जाता है, वही दर लागू होगी, ताकि कोई विवाद उत्पन्न न हो।

**एक नजर**

### दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में सीएनजी 1 रुपये महंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किग्रा की बढ़ोतरी की गई। आईजीएल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपये से बढ़कर 75.09 रुपये प्रति किग्रा हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। अन्य शहरी गैस आपूर्तिकर्ताओं ने अभी तक कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।

### बम की सूचना पर रोकी गई फ्लाइट, छानबीन

**कोझिकोड।** केरल के कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह के लिए रवाना होने वाले एयर अरबिया के एक विमान में शनिवार को बम होने की सूचना पर विमान रोक दिया गया। बम निरोधक दस्ते ने विमान का गहन निरीक्षण किया जिसमें यह धमकी फर्जी पाई गई। हवाई अड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शारजाह से कालीकट आए यात्रियों में से एक ने सीट पर बम लिखा हुआ एक नोट छोड़ा था। अधिकारी ने बताया कि इसके बाद पुलिस को इसकी सूचना की गई बम निरोधक दस्ते ने विमान का गहन निरीक्षण किया। अधिकारी ने सुबह करीब 11 बजे कहा कि बाद में पता चला यह फर्जी धमकी थी। निरीक्षण और सुरक्षा जांच अभी समाप्त हुई है।

# सरकार ने मूल्य स्थिर रखने को 71,000 टन प्याज खरीदा

नई दिल्ली, एजेंसी

- देशभर में खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किग्रा, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किग्रा

सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार (बफर स्टॉक) के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के कुल लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश भागों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज खरीदा है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 74,071 टन प्याज खरीदा गया था। अधिकारी ने कहा इस वर्ष मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति पिछले वर्ष के बराबर है। हालांकि, रबी उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि सरकार मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन की खरीद का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला के गोहलान उरी सेक्टर में शनिवार तड़के घुसपैठ की कोशिश की गई। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। इसके बाद उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्लॉट पर कब्जे की कोशिश में खुलेआम फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पूर्व विधायक राजेश मिश्रा समेत 12 नामजद, 150 अज्ञात पर केस
- दोनों पक्षों की ओर से फायरिंग एक पक्ष ने दो बुलडोजर जलाए

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर कई करोड़ रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार सुबह बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग की और बुलडोजर से दुकान में रखे मार्बल तोड़ दिए। दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दो बुलडोजर जला दिए। दोनों पक्षों की ओर से करीब 50 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने रोहित की तहरीर पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार कर तीन कार कब्जे में ली है। पुलिस ने भी दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

> प्लाट कब्जा करने के लिए दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।
> – घुले सुशील चंद्रभान, एसएसपी

दरोगा राजीव प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शंकरा महादेव मार्बल दुकान के पास विवाद की सूचना पर पहुंचे तो वहां पर दुकान पर दो बुलडोजर से संजय नगर निवासी राजीव राणा और रोहित ठाकुर 20-25 सहयोगियों के साथ मार्बल हटवा रहा था। मार्बल दुकान के मालिक गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय अपने बेटे अभिराज और चौकीदार समेत साथियों के साथ पहुंचे विरोध किया। इस पर राजीव राणा ग्रुप के लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आदित्य पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से करीब 50 राउंड फायरिंग की गई। आदित्य पक्ष के साथियों ने दोनों बुलडोजर में आग लगा दी। बीच सड़क पर फायरिंग से अफरातफरी मच गई और ट्रैफिक रुक गया। लोग अपने वाहन छोड कर भागने लगे और दुकानें भी बंद हो गईं। फोर्स ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रण में की।



दोनों पक्षों में विवाद के बाद एक-दूसरे को समझाते लोग। ● अमृत विचार

### इन पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

एसएसपी और अन्य पुलिस अधिकारियों मौके पर पहुंचे और फिर थाने में भी मामले की जानकारी ली। एसएसपी की शुरुआती जांच में पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई। जिस पर एसएसपी ने थाना प्रभारी जयशंकर सिंह, दरोगा राजीव प्रकाश, मुख्य आरक्षी योगेश सिपाही सन्नी कुमार, विनोद कुमार, राजकुमार और अजय तोमर को निलंबित कर दिया।

## छह उत्पादन इकाइयां ठप हुईं

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला थम नहीं रहा है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद चल रही तीन इकाइयों को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति को संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की आपात कटौती की गई।

उप्र पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की 500 मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट क्षमता की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार देर रात चालू होने की उम्मीद जताई गई।

# मुख्यमंत्री धामी की कैबिनेट बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर लगी मुहर

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें उत्तराखंड एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण विधेयक-2024 समेत 12 महत्वपूर्ण प्रस्ताव चर्चा के बाद स्वीकृत किए गए।

लगभग तीन माह बाद मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में कैबिनेट बैठक हुई। इसमें वित्त, शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन, कृषि एवं कृषक कल्याण, शहरी विकास, राजस्व, महिला सशक्तिकरण समेत कई विभागों के प्रस्तावों पर मुहर लगी। बैठक में 12 प्रस्ताव आए जिन पर मंथन हुआ। कैबिनेट ने सबसे महत्वपूर्ण उत्तराखंड एकीकृत महानगर परिवहन प्राधिकरण विधेयक-2024 को मंजूरी दी। इसके तहत उत्तराखंड के सभी शहरी क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

### इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी

- आवास विभाग के विभिन्न प्राधिकरण में मिनिस्टीरियल कार्मिक की नियमावली को मंजूरी।
- कर्मियों की ट्रेनिंग अलग-अलग चरणों में होगी। प्रमोशन के बाद भी ट्रेनिंग दी जाएगी। सचिवालय सेवा व पीसीएस अफसरों की ट्रेनिंग अकादमी में होगी
- कर्मियों के वेतन खाते किसी न किसी बैंक में होते हैं। बैंक सुविधा देते हैं, लेकिन कर्मियों को लाभ नहीं मिल रहा था। स्टेट बैंक, बड़ोदा, यूनियन और केनरा बैंक में जिनके भी खाते होंगे, उनके कर्मचारियों को एक्सीडेंटल बीमा 30 लाख से 1 करोड़ तक मिलेगा। अपंगता में भी इसका लाभ मिलेगा। बच्चों को शिक्षा आदि भी मिलेगी। अलग से कोई प्रीमियम नहीं देना होगा। राज्य सरकार ने इन चार बैंकों से एमओयू के लिए डायरेक्टर ट्रेजरी को अधिकृत किया गया है।
- पर्यटन नीति 2018 में आई थी, जिसमें जिलों के हिसाब से सब्सिडी मिलती थी। यह तय कर दिया है कि इसके तहत एसजीएसटी रिम्बर्समेंट के तौर पर अगले पांच साल तक और मिलेगा। अब यह अवधि कुल 10 साल हो गई है।
- महासू देवता मंदिर के मास्टर प्लान को मंजूरी। प्रभावितों के लिए विस्थापन की नीति लाई गई है। जिनके पास जमीन है, उन्हें मकान बनाने को 10 लाख मिलेंगे। जिनके पास जमीन नहीं है ऐसे 26 परिवारों को सरकारी जमीन पर बसाया जाएगा।
- सहकारी समितियों में 33% पद महिलाओं के लिए सभापति और सदस्यों के लिए आरक्षित करने को मंजूरी
- 6 व 7 अप्रैल को हुए परिवार न्यायालय के क्षेत्रीय सम्मेलन के लिए 1 करोड़ की मंजूरी
- खाद्य विश्लेषण शाखा में 13 पद सृजित
- चिकित्सा विभाग के तहत एफडीआई में 8 पद आउटसोर्सिंग से भरने को मंजूरी

# नीट-यूजी : झारखंड से छह लोग हिरासत में

देवघर (झारखंड), एजेंसी

- सभी आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले

बिहार पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में अनियमितताओं के मामले में झारखंड के देवघर जिले से छह लोगों को हिरासत में लिया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात देवीपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के समीप एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी (देवघर सदर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार पुलिस ने हमें सूचना दी थी। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को बिहार ले जाया गया है। सभी संदिग्ध झुनू सिंह नाम के व्यक्ति के घर पर रह रहे थे। देवघर पुलिस के अनुसार संदिग्धों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, प्रशांत कुमार उर्फ काजू, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पंकू कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के नालंदा जिले के निवासी हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

### राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (पीजी) भी टली

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्च चिकित्सा शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा परा स्नातक (नीट-पीजी प्रवेश) टालने की घोषणा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की नीट-पीजी प्रवेश टाल दी गई है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। नीट-पीजी प्रवेश 23 जून रविवार को निर्धारित थी। मंत्रालय ने कहा है कि कुछ प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं की घटनाओं को देखते हुए इस परीक्षा को टालने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा की पूरी प्रक्रिया को परखा जाएगा। अभ्यर्थियों के हितों और परीक्षा की शुचिता को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है।

### बिहार पुलिस को मिले एनटीए से संदर्भ प्रश्न पत्र

**पटना।** बिहार पुलिस ने कथित नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त करने का दावा किया है। इस मामले की जांच कर रही बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक घर से कथित तौर पर लीक हुए प्रश्न पत्रों के जले हुए टुकड़े बरामद किए गए थे, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाने से पहले संदर्भ प्रश्न पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा।

## सार-संक्षेप



भीमताल में भागवत के दौरान कथा सुनाते व्यास कपिल देव। ● अमृत विचार

### श्रीकृष्ण जन्म की कथा सुनाई

**भीमताल :** विनायक घोड़ाखाल में भागवत कथा के पंचम दिवस के कार्यक्रम संचालन में व्यास कपिल देव ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा विस्तार से सुनाई। इस अवसर पर बन खंडी महाराज ने आशीर्वाद दिया। पूजा पाठ का कार्यक्रम मुख्य आचार्य नवीन गुरु, हर्ष पलड़िया, भास्कर भट्ट, मनोज तिवारी, मुख्य यजमान ललित मोहन पांडे, प्रेम सिंह कुल्याल, दीपक सिंह रौतेला, सूरज रावत, हर्ष वर्धन सिंह, विक्रम सिंह सपत्नीक तथा मुख्य पुजारी हरीश चंद्र पांडे तथा लालकुआं दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा ने भी परिवार सहित पूजा अर्चना में भाग लिया।

### पेयजल संकट पर भड़की धूराफाट संघर्ष समिति

**गरमपानी :** बेतालघाट-भुजान मोटर मार्ग से सटे ताड़ीखेत ब्लॉक के तमाम गांवों में बूंद बूंद पानी को हाहाकार मच गया है। पानी के लिए ग्रामीण दूर दराज स्थित प्राकृतिक जल स्रोत से पानी ढोने को मजबूर हो चुके हैं। धूराफाट संघर्ष समिति अध्यक्ष ने विभागीय अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई है। दो टूक चेतावनी दी है की यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो फिर आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में पेयजल संकट गहराने के बाद अब पड़ोसी ताड़ीखेत ब्लॉक के तमाम गांवों में भी बूंद बूंद पानी को हाहाकार मच गया है बयेडी, बलियाली, हिडाम़ समेत तमाम गांवों के सैकड़ों बाशिंदे बूंद बूंद पानी के लिए गांव से कई किमी दूर जाकर पानी ढोने को मजबूर हो चुके है। लगातार पानी कि किल्लत होने से समिति ने गहरी नाराजगी जताई है।

### बरसात को देखकर तीन माह का राशन अलॉट किया

**नैनीताल :** मानसून सीजन में बारिश के चलते कई इलाके संवेदनशील हैं। सड़कें खराब होने और भूस्खलन के कारण खाद्यान्न आपूर्ति करना मुश्किल हो जाता है, जिसके चलते जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संवेदनशील क्षेत्र के गल्ला विक्रेताओं को चिह्नित कर तीन महीने जून, जुलाई और अगस्त का अनाज अलॉट कर दिया है। साथ ही जुलाई माह सभी राशन कार्ड धारकों को 1 किलोग्राम नमक भी उपलब्ध करवाया जाएगा। जो पांच रुपये किलो होगा। विभाग के अनुसार अंतोदय राशन कार्ड (गुलाबी) कार्ड धारकों को कुल 35 किलोग्राम अनाज दिया जाता है, जिसमें 13 किलो 300 ग्राम गेहूं और 21 किलो 700 ग्राम चावल नि:शुल्क दिया जाता है। ज़िला खाद्य आपूर्ति अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि मानसून को देखते हुए सभी संवेदनशील इलाकों में तीन महीनों का राशन अलॉट करवा दिया गया है।



मैरून साड़ी में महिला समूह से जुड़ी महिलाएं। ● अमृत विचार

### समूह की महिलाओं का ड्रेस कोड प्रारंभ

**भीमताल :** जनपद नैनीताल में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन डे एनआरएलएम के अन्तर्गत समूह की महिलाओं का ड्रेस कोड प्रारंभ किया गया है। उप परियोजना निदेशक एपीडी चंदा फर्त्याल ने बताया कि समूह की महिलाएं कई बैठकों में प्रतिभाग करती हैं, परन्तु उन्हें अलग से पहचानने में समस्या होती है। महिलाओं को एक पहचान देने तथा समूह की महिलाओं में एकरूपता लाने व यह संहेश देने के लिए कि समूह में सभी महिलाएं समान हैं, महिलाओं के लिए ड्रेस कोड जारी किया गया है। महिलाओं में ड्रेस कोड को लेकर काफी उत्साह है। समूह की महिलाओं को मैरुन साड़ी से तथा पीआपी स्टाफ को नीली साड़ी के माध्यम से सरलता से पहचाना जा सकता है। महिलाएं ड्रेस कोड के माध्यम से समाज में समानता का संदेश भी दे रही हैं।



ग्रामीणों के साथ सांसद अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

### नारायण नगर और थापला में सांसद का भव्य स्वागत

**नैनीताल :** दूसरी बार सांसद बनने के बाद पहली बार नैनीताल भ्रमण पर आए नैनीताल ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट के सांसद अजय भट्ट ने शनिवार को नैनीताल विधानसभा के नारायण नगर, भगत धार, थापला आदि ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने फूल माला से उनका भव्य स्वागत किया। वहीं सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक सरिता आर्य, राज्य मंत्री दिनेश आर्य, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, विमल बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# सरकारी भवनों पर बाहरी राज्यों के मजदूरों का डेरा, लोगों में रोष व्याप्त

## जीआईसी भुजान के आवासीय भवन पर कब्जा, परिसर और कोसी नदी को किया जा रहा गंदा

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के धारी गांव के पंचायत भवन पर बाहरी मजदूरों की मौजूदगी का मामला सामने आने के बाद अब अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज भुजान के आवासीय भवनों पर बाहरी राज्यों के श्रमिकों के कब्जा किए जाने से हड़कंप मच गया है। श्रमिक जीवनदायिनी कोसी नदी में भी खुले में शौच कर नदी को प्रदूषित कर रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने जिम्मेदारों की अनदेखी से सरकारी भवन पर कब्जा किए जाने पर रोष जताया है।

खैरना- रानीखेत स्टेट हाईवे पर भुजान क्षेत्र में जीआईसी का वर्षों पुराना आवासीय भवन है। देखरेख के अभाव में करोड़ों रुपये की लागत से बने वर्तमान में खस्ताहालत में है। पिछले कुछ दिनों से बाहरी राज्यों से पहुंचे श्रमिकों ने विद्यालय के आवासीय भवनों पर कब्जा कर डाला है। बाहरी श्रमिक खुलेआम भवनों में रहकर पुलिस प्रशासन के साथ ही विद्यालय प्रबंधन को चुनौती दे रहे हैं। यही नहीं नजदीक ही कोसी नदी में भी जगह जगह गंदगी कर नदी क्षेत्र को प्रदूषित कर रहे हैं। विद्यालय के आवासीय भवनों पर बाहरी राज्यों के श्रमिकों की घुसपैठ से क्षेत्रवासियों में भी गहरी नाराजगी है।



गरमपानी में सरकारी भवन पर डेरा जमाए मजदूर। ● अमृत विचार

व्यापारी नेता सुनील सिंह मेहरा, गजेंद्र सिंह नेगी के अनुसार बाहरी राज्यों के श्रमिकों की आवाजाही तेज होने व विद्यालय के आवासीय भवनों पर कब्जा किए जाने से कभी भी बड़ी घटना सामने आ सकती है। लोगों ने विद्यालय प्रबंधन से पुलिस प्रशासन की मदद लेकर आवासीय भवनों से कब्जा खाली करवाए जाने की मांग उठाई है। दो टूक चेतावनी दी है की यदि अनदेखी की गई तो फिर आंदोलन का बिगुल फूंक दिया जाएगा।

# दो बैलों को करंट लगने से विभाग पर भड़के लोग

भीमताल, संवाददाता

**अमृत विचार :** भीमताल विद्युत विभाग के अधिकारियों की गैर जिम्मेदार बयानबाजी और कार्यप्रणाली पर अब ग्रामीण भी आंदोलन की राह में हैं। मामला पिनसिला पिनरौ से संबंधित है। क्षेत्र के प्रभावित काश्तकार गोकुल चंद्र के मुताबिक 22 जून को पिनशेला (पिनरो) भीमताल में वह अपने खेत में बैल लेकर मक्का की बुवाई कर रहे थे। कुछ देर जुताई के बाद दोनों बैल ट्रांसफार्मर के पास अचानक करंट के कारण गिर पड़े।

घटना के बाद उन्होंने बिजली घर पे फोन करके लाइट काटने की गुजारिश की। जिसके बाद भी विभाग ने बिजली नहीं काटी। उसके बाद 1912 में फोन करके लाइट काटने की प्रार्थना की गई तो वहां से फोन करके बताया गया की जेई बोल रहे हैं कि

**रोष**

**विधायक कैंड़ा के कहने पर बिजली विभाग ने काटी बिजली**

जहां पर ट्रांसफार्मर लगा है वो जमीन आपने बिजली विभाग को दी है। आप उस खेत को छोड़ दें। बिजली विभाग की तरफ से लाइट नहीं काटी जायेगी..,उसके बाद शंकर ने खुद जेई से बात कर लाइट 10 मिनट बंद करने की गुजारिश की, लेकिन जेई ने एसडीओ को फोन करने को बोल दिया। एसडीओ ने फोन नहीं उठाया। ग्रामीणों के मुताबिक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने विधायक राम सिंह कैड़ा को फोन कर सारी घटना बताई। विधायक ने तुरंत विभागीय अधिकारियों से बात कर लाइट काटने को बोला। गोकुल चंद्र ने बिजली विभाग के प्रति नाराजगी जताकर तुरंत ट्रांसफार्मर हटाने की मांग की है।

## वाहनों की फिटनेस नहीं होने पर रोष

**भीमताल, अमृत विचार :** वाहनों की फिटनेस आरटीओ से बाहर निजी संस्थान में कराने की बाध्यता समाप्त होने के बावजूद अब भी हल्द्वानी आरटीओ में वाहनों की फिटनेस नहीं की जा रही है। आदेश के बावजूद स्वामी वाहनों की फिटनेस आरटीओ कार्यालय से बाहर करने को मजबूर हैं, जिससे ट्रांसपोर्टरों में रोष है।

नाम ना छापने की शर्त पर पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र के ट्रांसपोर्टरों ने अवगत कराया कि अभी कुछ दिन पूर्व उच्च न्यायालय ने फिटनेस के लिए निजी हाथों से होने की बाध्यता को समाप्त कर दिया था। आरटीओ कार्यालय में भी फिटनेस कराने की बात कही थी। पर हल्द्वानी कार्यालय में यह व्यवस्था प्रारंभ नहीं हो सकी है। वहीं बताते हैं कि रुद्रपुर में यह व्यवस्था प्रारंभ हुई थी और एक दिन फिटनेस हुई भी पर वहां भी एक दिन फिटनेस होने के बाद यह सुविधा अब उपलब्ध नहीं है।

# राज्यपाल सिंह को भेंट की कॉफी टेबल बुक

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से राजभवन नैनीताल में दून विश्वविद्यालय, देहरादून की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने शिष्टाचार भेंट की। गौरतलब है कि प्रो. डंगवाल दूसरी बार दून विश्वविद्यालय की कुलपति नियुक्त हुई हैं। उन्होंने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की ओर से राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव पर आधारित कॉफी टेबल बुक भेंट की। राज्यपाल द्वारा दून विश्वविद्यालय को राजभवन देहरादून में आयोजित वसंतोत्सव-2024 की कॉफी टेबल बुक बनाने का जिम्मा सौंपा था जिसे उनके द्वारा पूरा कर लिया गया है।



राज्यपाल को कॉफी टेबल बुक भेंट करतीं दून विवि की कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल।

राज्यपाल ने कुलपति सहित इस कॉफी टेबल बुक को बनाने में सहयोग करने वाले विश्वविद्यालय के हर्ष डोभाल और छात्राओं श्रेजल सेमवाल और हिमांशी कैंत्यूरा को बधाई दी। राज्यपाल ने कुलपति से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तकनीकी हस्तांतरण, विभिन्न संस्थानों के साथ किए गए एमओयू एवं भविष्य की कार्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

## सीएम से मिल पार्किंग की मांग करेंगे क्षेत्रवासी

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल में छह वर्ष पूर्व तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भीमताल में एक बड़ी पार्किंग का निर्माण करने की घोषणा की थी। निर्माण को मुख्यमंत्री की घोषणाओं में शामिल किया था। इसके बाद भी कार्य नहीं हो पाया है। स्थानीय जनता की मानें तो इस योजना के विषय में झील विकास प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग दोनों ही जनता को गुमराह कर रहे हैं।

बताते हैं कि संबंधित विभाग के सचिव भीमताल आगमन पर इस योजना के विषय में नई अपडेट देते रहते हैं पर धरातल में कोई कार्य नहीं हो पाया। भीमताल में यातायात व्यवस्था को पटरी में लाने के लिए पार्किंग आवश्यक है। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा मनोज भट्ट करते हैं कि पार्किंग निर्माण के संबंध में शीघ्र ही शिष्टमंडल देहरादून जाकर मुख्यमंत्री से मिलेगा और पार्किंग की स्वीकृति शीघ्र देने की मांग करेगा।

## धीरे-धीरे कम हो रही सैलानियों की आमद

**नैनीताल, अमृत विचार :** मानसून के पहुंचते ही पर्यटन सीजन भी अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है, जिसके चलते अब धीरे-धीरे सैलानियों की भी आमद कम होती जा रही है। जुलाई से स्कूलों में गर्मियों के अवकाश भी खत्म होने जा रहे हैं जिसके चलते जुलाई पहले सप्ताह के बाद पर्यटन सीजन भी समाप्त हो जाता है। बता दें कि अमूमन हर वर्ष 15 जून के बाद मानसून प्रदेश में पहुंच जाता है लेकिन इस वर्ष मानसून 25 जून के बाद पहुंचने की उम्मीद है, इसलिए पर्यटन सीजन भी थोड़ा आगे चले गया, जिसके चलते स्थानीय व्यापारियों ने भी राहत की सांस ली, क्योंकि व्यापारियों द्वारा पर्यटन सीजन शुरू होते ही प्रशासन पर शहर में सैलानियों की गाड़ियों को नहीं घुसने का आरोप लगाया जाता रहा, हालांकि प्रशासन का कहना था कि रूसी बाईपास व नारायण नगर पर गाड़ियों को पार्क कर वहां से शटल के माध्यम से सैलानियों को नैनीताल भेजा जा रहा है, लेकिन व्यापारियों का आरोप था कि दोनों पार्किंगों में कोई सुविधा नहीं होने के चलते लोग वहां पर अपनी गाड़ियों को पार्क करना नहीं चाहते थे।



ज्योलीकोट में आयोजित बैठक को संबोधित करते ब्लॉक प्रमुख। ● अमृत विचार

### चोरी की घटनाओं पर अति शीघ्र कार्रवाई करें : बिष्ट

**भीमताल, अमृत विचार :** भीमताल ब्लॉक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट ने ज्योलीकोट न्याय पंचायत में ग्रामीणों की समस्या को सुना। ग्रामीणों ने बताया कि निरंतर क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हो रही हैं। वहीं पुलिस विभाग द्वारा चोरी की घटनाओं पर कोई कार्रवाई न करने पर रोष जताया। इस संबंध में ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि आए दिन चोरी की घटनाएं बेहद निराशाजनक हैं चोर आए दिन सार्वजनिक, सरकारी व व्यक्तिगत सामग्रियों को उठा रहे हैं उन्होंने पुलिस विभाग को शीघ्र इनको पकड़ कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जनप्रतिनिधियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान प्रधान रजनी रावत, हरगोविंद रावत, अमित कुमार, शेखर भट्ट, धर्मेंद्र रावत, मनोज चनियाल, बीडीसी रानी कोटलिया, निर्मला बोरा अन्य लोग मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

**परेशानी बरकरार** — सुगम यातायात कागजों तक ही सीमित, पर्यटन सीजन में लगा जाम ही जाम, लोगों की हुई फजीहत

# बैठकों में बनते हैं यातायात प्लान, धरातल पर व्यवस्था धड़ाम

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** इस वर्ष भी पर्यटन सीजन के लिए बनाए गए विशेष प्लान के बावजूद यातायात व्यवस्था नहीं संभल पाई है। प्रशासन व पुलिस की ओर से बनाई गई यातायात व पार्किंग व्यवस्था से स्थानीय और पर्यटक दोनों परेशान हैं। अव्यवस्था के चलते कई बार कारोबारियों व पुलिस के बीच विवाद हो चुका है। यहां तक कि खराब यातायात व्यवस्था से नाराज कारोबारी धरने पर तक बैठ चुके हैं। फिर भी प्रशासन व पुलिस यातायात को व्यवस्थित नहीं कर पाई है, जिससे आए दिन शहर में जाम लग रहा है।

नैनीताल में पर्यटन सीजन अपने चरम पर है। मैदानी क्षेत्रों में गर्मी के चलते लोग ठंड का मजा लेने पहाड़ों की ओर आ रहे हैं, जिसमें नैनीताल व कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों की संख्या ज्यादा है। इन दो क्षेत्रों में भारी संख्या में पर्यटकों के वाहन पहुंचने से लगातार जाम लग रहा है। पुलिस की ओर से कई प्लान जारी कर क्रियान्वयन भी किया जा चुका है, लेकिन उसके बाद भी यातायात व्यवस्थित नहीं हो पा रहा है। जगह-जगह लोग वाहनों की लंबी कतारों में फंस रहे हैं। यातायात अव्यवस्था को लेकर कारोबारी कई बार प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों से मिलकर व्यवस्था में सुधार के लिए सुझाव दे चुके हैं, लेकिन व्यवस्था जस की तस है। इससे स्थानीय लोगों, कारोबारियों समेत पर्यटक भी परेशान हैं। हालांकि पर्यटन में व्यवस्थाओं पर नजर रखने और उसको व्यवस्थित करने के लिए डीएम वंदना सिंह ने कई अधिकारियों को रूसी बाइपास, नारायण नगर व कैंची धाम में उतारा था, लेकिन हर ओर वाहनों की लंबी कतारों से लोग परेशान रहे।

> नैनीताल में हजारों पर्यटकों के वाहनों को बेवजह रूसी बाईपास में जगह होने के बाद भी इधर से उधर घुमाया जा रहा है। बैठकों में कारोबारियों व स्थानीय लोगों से राय लेने बाद बनाए गए प्लान की जगह पुलिस व प्रशासन अपने प्लान लागू कर रहा है, जो बिल्कुल भी सही नहीं है। **-दिग्विजय सिंह बिष्ट**, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन, नैनीताल

> नैनीताल में आने वाले पर्यटक यहां की यातायात व्यवस्था से परेशान हो रहे हैं, जिसका असर पर्यटन कारोबार पर पड़ रहा है। पार्किंग के नाम पर भी पर्यटकों को परेशान किया जा रहा है। **-राजकुमार गुप्ता**, पर्यटन कारोबारी, नैनीताल

> नैनीताल में पर्यटन सीजन के चलते पुलिस की ओर से पर्यटकों को बेवह जगह-जगह रोका जा रहा है। मुख्यमंत्री से इस विषय में वार्ता कर जानकारी दी गई है। पुलिस व प्रशासन से पर्यटकों को बेवजह न रोकने की अपील भी की गई है **-सरिता आर्य**, विधायक, नैनीताल

> नैनीताल में यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस की ओर से हर संभव प्रयास किया जा रहा है। नैनीताल की पार्किंग पैक होने के बाद ही पर्यटकों के वाहनों को अस्थाई पार्किंग स्थलों में रोका जा रहा है। साथ ही पार्किंग वाले होटलों में बुकिंग होने पर पर्यटकों को नगर में भेजा जा रहा है। पुलिस की ओर से पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ही कार्य किया जा रहा है। **-हरबंस सिंह**, एसपी अपराध व यातायात, नैनीताल




भवाली में जाम में फंसे पर्यटकों के वाहन। ● अमृत विचार

### वीकेन्ड पर उमड़े पर्यटक , जाम में फंसे

**भवाली :** वीकेन्ड के चलते भवाली व उसके आसपास पर्यटकों का सैलाब फिर से उमड़ गया है। पर्यटकों की बढ़ती भारी संख्या के चलते भवाली व आसपास के होटल व होमस्टे लगभग फुल हो चुके हैं। वहीं कई पर्यटक रूम ढूंढते नजर आये। पर्यटकों के साथ वाहनों की संख्या भी इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि पुलिस को यातायात नियन्त्रण के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। वाहन रेंग रेंगकर चल रहे हैं। रामगढ़ रोड, भीमताल रोड, अल्मोड़ा रोड पर बारी-बारी से जाम की स्थिति बनी हुई है। वहीं वाहनों की लम्बी कतार देखने को मिल रही।

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
• B.Sc. Nursing (4 Year)
• Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
• G.N.M (3 Year)
• A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
• O.T. Technician
• Optometry
• Cardiology
• Physiotherapy
• C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
• D. Pharma
Facilities Available
• QCI Rating 'A' Institute
• Scholarship Facility
• Smart Classes
• 100% Placement
• Clinical Training in 1050 Beded Hospital
• Experienced Faculty
• Well Equipped Computer Lab.
• Library
• Modern Specialization Laboratory
• Value Added Courses
• Field Visits
• Wi-Fi & Lush Green Campus
• Hostel
• Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 34.4° | 27.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.14 | सूर्यास्त 07.15 |

## एक नजर

### बाघ एक्सप्रेस एक घंटा देरी से पहुंची

**हल्द्वानी :** हावड़ा से काठगोदाम को नियमित चलने वाली बाघ एक्सप्रेस शनिवार को अपने निर्धारित समय से एक घंटा देरी से काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंची। आम तौर पर ट्रेन सुबह 9:15 बजे काठगोदाम स्टेशन पहुंचती है। देरी से चलने के कारण ट्रेन करीब 10:19 में निर्धारित स्टेशन पहुंची। स्टेशन अधीक्षक डीएस बोरा ने बताया कि ट्रेन को काठगोदाम स्टेशन से अपने समय से रवाना किया है।

### किसान की मौत, जहर खाने की आशंका

**हल्द्वानी :** एक 52 वर्षीय किसान की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि जहर मौत की वजह है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुलिस के मुताबिक बिनरा बाग खटीमा ऊधमसिंहनगर निवासी रणजीत सिंह की शनिवार सुबह डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। 20 जून को अचानक उनकी हालत बिगड़ गई थी। प्राथमिक तौर पर जिस दिन किसान की हालत बिगड़ी थी, उस दिन घरेलू कलह होने की बात सामने आई है। आशंका जताई जा रही है कि किसान की मौत जहर के चलते हुए है। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चल पाएगी।

# पहाड़ों पर हुई बारिश शहर के लिए बनी संजीवनी

## हल्द्वानी वासियों की प्यास बुझाती है गौला नदी, 47 से बढ़कर 130 क्यूसेक हुआ बैराज का जलस्तर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हुई बारिश हल्द्वानी के लिए संजीवनी साबित हुई है। गौला नदी के लगातार गिरते जल स्तर में सुधार हुआ है। इससे हल्द्वानी में गौला नदी से होने वाली पानी आपूर्ति की समस्या दूर होगी।

भीषण गर्मी से गौला नदी के जल स्तर में लगातार गिरावट हो रही थी। पिछले सप्ताह गौला नदी का जल स्तर न्यूनतम 47 क्यूसेक दर्ज हुआ जो कि रिकॉर्ड गिरावट थी जबकि हल्द्वानी के शहरी क्षेत्र व शहर से सटे ग्रामीण इलाकों में गौला नदी से आपूर्ति होती है। इस वजह से इन क्षेत्रों में भी पानी का हाहाकार मच गया था। सिंचाई के लिए भी रोस्टर बनाकर पानी आपूर्ति की जा रही थी। सप्ताह में पांचवें दिन सिंचाई के लिए पानी दिया जा रहा था। भीषण गर्मी में इसमें गिरावट हो रही थी। आशंका थी जल्द बारिश नहीं हुई तो स्थिति भयावह हो सकती है। इधर, पहाड़ों पर हुई झमाझम बारिश से गौला नदी के 130 क्यूसेक तक उछाल आया है। शनिवार को गौला बैराज का जलस्तर 130 क्यूसेक रिकार्ड किया गया। इसमें 30 क्यूसेक पानी शीश महल स्थित फिल्टर प्लांट को दिया गया बाकी का 100 क्यूसेक स्टोर किया गया है। गौला बैराज के इंजार्ज मनोज तिवारी ने बताया कि बारिश से नदी में पानी रिचार्ज होने लगा है, मानसून सत्र शुरू होने से अब लगातार नदी में पानी की मात्रा बढ़ती रहेगी।



पहाड़ों में बारिश के बाद गौला बैराज में पानी का रंग हुआ मटमैला। ● अमृत विचार

**बीते दिनों गौला बैराज का जलस्तर**

| | |
|---|---|
| 15 मई- | 50 क्यूसेक |
| 16 मई- | 48 क्यूसेक |
| 17 मई- | 48 क्यूसेक |
| 18 मई- | 47 क्यूसेक |
| 19 मई- | 48 क्यूसेक |
| 20 मई- | 64 क्यूसेक |



तल्लीताल कूड़ा खड्ड के पास पहाड़ी से गिरे बोल्डर से क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार



बारिश के बाद बढ़ा नैनीझील का जलस्तर। ● अमृत विचार

### एक घंटे की झमाझम बारिश से गर्मी से मिली राहत

**रामनगर :** शनिवार दोपहर के बाद अचानक हुई तेज बारिश गर्मी से झुलस रहे लोगों के लिए राहत लेकर आई। दिन में करीब दो बजे लगभग एक घंटे तक मेघ जमकर बरसे। बता दें कि बारिश न होने से लीची को काफी नुकसान पहुंचा था। भीषण गर्मी के चलते नमी न मिलने से आम में भी मिठास कम हो चुकी थी। बगीचे के ठेकेदार मो. इस्लाम का कहना है कि बारिश से आने वाली आम की प्रजाति लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली और मलिका के स्वाद में सुधार की उम्मीद है। उद्यान विभाग केंद्र प्रभारी एएस परवाल ने बताया कि बारिश से आम को फायदा होगा। नमी बनने से आकार थोड़ा बढ़ सकता है, साथ ही आम की अगली फसल रसीली होगी। यह बारिश 15 दिन पहले होती तो दशहरी की फसल भी बेहतर हो जाती।

# बारिश में पहाड़ी से गिरे बोल्डर, वाहन क्षतिग्रस्त

संवाददाता, नैनीताल

**11**:20 से सुबह रुक-रुक कर बारिश होती रही और दो बजे बाद एक बार फिर हल्की धूप खिल गई तथा शाम होते होते फिर बादलों ने नैनीताल को घेर लिया

**20** डिग्री सेल्सियस हुआ नैनीताल का अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

**अमृत विचार :** प्री मानसून ने अब धीरे-धीरे रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है। शुक्रवार को हुई तेज बारिश के बाद शनिवार को भी नगर में सुबह 11:20 से रुक-रुक कर बारिश होती रही वहीं दो बजे बाद एक बार फिर हल्की धूप खिल गई तो शाम होते होते फिर बादलों ने नैनीताल को घेर लिया। मौसम विज्ञान केंद्र जीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस तो वहीं न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

शनिवार को तल्लीताल कूड़ा खड्ड के समीप पहाड़ी से बोल्डर गिरने शुरू हो गए इससे वहीं सड़क किनारे खड़ी एक गाड़ी के आगे का सीसा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि इस दौरान सड़क से कोई वाहन या पैदल नहीं गुजर रहा था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दो तीन घंटे की बारिश के बाद से ही कई स्थानों पर अभी से पहाड़ियों से बोल्डर गिरने लगे हैं। ऐसे में मानसून सीजन के दौरान भारी नुकसान की आशंका बन रही है। हालांकि प्रशासन ने मानसून सीजन को लेकर अपनी सभी तैयारियां पूरी करनी शुरू कर दी है।



नैनीताल में शनिवार को बारिश के दौरान रंगबिरंगी छाताएं लेकर टहलते सैलानी। ● अमृत विचार

### झील के जलस्तर में एक इंच की बढ़ोत्तरी

दो दिन की बारिश नैनी झील के लिए वरदान साबित हुई। लम्बे समय से बारिश ना होने के कारण नैनी झील का जलस्तर लगातार घट रहा था, जिसके कारण झील का जलस्तर पांच साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार शाम और शनिवार दोपहर तक बारिश होने के बाद झील के जलस्तर में भी बढ़ोत्तरी देखने को मिली। माइनस आठ इंच से बढ़कर झील का जलस्तर माइनस सात इंच हो गया है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि बारिश होने के बाद झील के जलस्तर में एक इंच की बढ़ोत्तरी हुई है। लगातार ऐसी ही बारिश होती रही तो झील के जलस्तर में रोजाना बढ़ोत्तरी होगी।

# कॉलेजों के भवन निर्माण को मिले 7.36 करोड़

**हल्द्वानी:** उच्च शिक्षा विभाग राजकीय महाविद्यालयों के लिए भवन बना रहा है। प्रदेश में 5 कॉलेजों के लिए भवन निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए 7.36 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी मिल गई है। इसके तहत राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय थलीसैंण (पौड़ी गढ़वाल) में विज्ञान संकाय का निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए 1.65 करोड़ रुपये मिले हैं।

राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल (पौड़ी गढ़वाल) में महिला छात्रावास के लिए 71.64 लाख, राजकीय महाविद्यालय द्वाराहाट (अल्मोड़ा) में महिला छात्रावास निर्माण के लिए 81.18 लाख रुपये, बड़कोट (उत्तरकाशी) में विज्ञान संकाय भवन निर्माण के लिए 1.98 करोड़ रुपये, देवाल (चमोली) में कला संकाय और विज्ञान संकाय के भवन निर्माण के लिए दूसरी किश्त के रूप में 2.17 करोड़ रुपये मिले हैं। पांचों कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए कुल 22.27 करोड़ रुपये अनुमोदित हैं। जिसमें से 12 करोड़ रुपये जारी कर दिये गए हैं। 10 करोड़ रुपये की राशि अभी शेष है। विभाग ने सभी कॉलेजों में अलग-अलग एजेंसियों को काम सौंपा है। साथ ही उच्च शिक्षा विभाग की ओर से राजकीय महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लास बनाने की योजना का प्रस्ताव भी बनाया जा रहा है।

# व्यापारियों को सरस बाजार पार्किंग में मिलेंगे टीनशेड

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने रकसिया और कलसिया नाले का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को मानसून से पहले इन नालों के निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर व्यापारियों ने डीएम से वार्ता की। जिसमें तय हुआ कि व्यापारियों को सरस बाजार पार्किंग में अस्थाई टीनशेड बनाकर दिए जाएंगे।

डीएम वंदना ने शनिवार को प्रेमपुर लोश्ज्ञानी में रकसिया नाले का निरीक्षण किया। प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि बारिश में पानी आने पर यह नाला तबाही मचाता था। अब इस नाले को एडीबी के अंतर्गत 30 करोड़ की लागत से चैनेलाइज किया जा रहा है। इसकी लंबाई 1500 मीटर है। नाले को 3-4 मीटर भूमिगत कर ऊपर से सड़ बनाई जाएगी। इस पर डीएम ने जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए।

वहीं, डीएम ने नगर निगम, सिंचाई विभाग को प्री मानूसन से पहले रकसिया नाले की सफाई के आदेश दिए थे। जब डीएम ने निरीक्षण किया तो लगभग 4200 मीटर के हिस्से में नाले की सफाई नहीं की। इसपर डीएम ने नगर निगम और सिंचाई विभाग को मशीन और कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर तीन दिन में नालों और नहरों की सफाई करवाने को कहा। उन्होंने तहसीलदार को सफाई की सत्यापन रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। इस बीच स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश में पनचक्की चौराहे के समीप जलभराव होता है। इस पर डीएम ने राजस्व, सिंचाई, वन और नगर निगम की संयुक्त समिति गठित करते निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समिति जलभराव के कारण देखेगी ताकि समाधान हो सके।

इसके बाद डीएम ने देवखडी नाले में आपदा मद से हो रहे निर्माण का जायजा लिया। उन्होंने वन विभाग को नाले की सफाई के निर्देश दिए। इस नाले में 8 मीटर के 7 वायरक्रेटस, 10,700 सीमेंट बैग रखे जाने हैं।

डीएम ने शहर के 13 चौराहे के चौड़ीकरण का भी निरीक्षण किया। उन्होंने लोनिवि को एक सप्ताह में नरीमन चौराहे से लालडांट चौराहे के बीच निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने ने नगर निगम, राजस्व को स्पष्ट निर्देश दिए है की जिन चौराहों पर काम हो गया है, वहां अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। नगर निगम का दायित्व है कि शहरी सड़कों के आसपास नो हॉकर जोन निर्धारित करें ताकि जाम व अतिक्रमण से मुक्ति मिले। इसके बाद डीएम का काफिला मंगल पड़ाव पहुंचा। जहां सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे व्यापारियों ने बातचीत में कहा कि सड़क चौड़ीकरण से कारोबार प्रभावित होगा। वाहनों की पार्किंग समस्या भी होगी। इस पर डीएम ने कहा कि सड़क दोनों 12-12 मीटर चौड़ीकरण प्रस्तावित है। इस पर व्यापारियों ने चौड़ीकरण को 10-10 मीटर तक करने, शॉपिंग कांपलेक्स बनने तक अस्थाई टीनशेड बनाने को कहा। सहमति बनी कि सरस बाजार पार्किंग में चौड़ीकरण के प्रभावितों को अस्थाई टीनशेड बनाकर दिए जाएंगे। उन्होंने लोनिवि ईई को जल्द टीनशेड बनाने को कहा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, अपर निदेशक प्रशिक्षण ऋचा सिंह, एसडीएम परितोष वर्मा, लोनिवि ईई अशोक चौधरी आदि रहे।




हल्द्वानी में जिलाधिकारी वंदना सिंह से वार्ता करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# मानसून पर अलर्ट: 24 घंटे फोन ऑन रखने के निर्देश

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम विभाग के जारी पूर्वानुमान के अनुसार नैनीताल जनपद में 24 से 26 जून एवं 29 जून तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान बारिश, आंधी, तूफान से पेड़ एवं मलबा गिरने से मार्ग बाधित, संवेदनशील क्षेत्रों मे होने वाली घटनाओं से तत्परता से निपटने के लिए जनपद के सभी अधिकारी अलर्ट मोड पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोनिवि की सभी डिवीजनों को भूस्खलन के लिहाज से संवेदनशील मार्गों पर उक्त अवधि में जेसीबी एवं गैंग कार्मिकों की तैनाती करने के निर्देश दिए हैं ताकि वैकल्पिक मार्गों को शुरू कर यातायात सुचारू रखा जा सके। इसके अलावा नगरीय क्षेत्रों में जलभराव तथा प्रमुख मार्गों पर रपटों में सुरक्षा के लिए आवश्यक मानव एवं अन्य संसाधन की तैनाती भी की जाए ताकि अप्रिय घटनाओं को रोका जा सके। एडीएम ने कहा कि सभी जिला, परगना, ब्लॉक एवं संबंधित क्षेत्र के अधिकारी मुख्यालय पर बने रहेंगे। सभी अधिकारी-कर्मचारियों का मोबाइल फोन 24 घंटे ऑन रहेगा और हर घंटे आपदा की सूचना तहसील एवं जिला कंट्रोल रूम देंगे।



### तराई में अगले तीन दिन तक बारिश का अनुमान

**काशीपुर :** तराई में अगले तीन दिन बारिश होने का पूर्वानुमान मौसम वैज्ञानिकों ने लगाया है। उन्होंने कहा कि बारिश होने के साथ ही तापमान भी ठंडा रहेगा। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिल सकेगी। रविवार हल्की, जबकि सोमवार और मंगलवार को तेज बारिश होने की संभावना है। तराई में शनिवार की सुबह से आसमान में बादल रहे। इसके साथ ही ठंडी हवाएं चलीं। इससे लोगों को गर्मी से काफी हद तक राहत मिली। जीबी पंत विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शनिवार को तराई का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस रहा। उन्होंने बताया कि शनिवार और रविवार को 10 एमएम बारिश होने की संभावना है। जबकि सोमवार और मंगलवार को 15 से 20 एमएम बारिश होने की संभावना है।

**उम्मीद** | वर्षा जल फिल्टर कर जमीन में छोड़ा जाएगा, आरटीओ, समाज कल्याण सहित सरकारी स्कूलों में बनेंगे रिचार्ज पिट

# भूमिगत जलस्तर बढ़ाने को सरकारी विभागों में बनेंगे पिट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** अक्सर बारिश का पानी यूं ही सड़क और नालियों में बर्बाद होता रहता है जबकि दूसरी तरफ गर्मियों में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता है। अब इसी संकट से निपटने के लिए एक योजना पर काम किया जा रहा है। जिसमें भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। योजना के तहत भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के लिए रिचार्ज पिट बनाये जा रहे हैं। आरटीओ परिसर से इसकी शुरुआत हो रही है। परिवहन विभाग ने परिसर में रिचार्ज पिट बनाने की अनुमति दे दी है जिसके लिए डिजायन बनाया जा रहा है। समाज कल्याण परिसर में भी रिचार्ज पिट बनाने की अनुमति मिल चुकी है। एडीबी शीघ्र यहां भी काम शुरू करने वाला है।

इसी तरह शहर के अन्य सरकारी संस्थानों और सरकारी स्कूलों के परिसर में भी रिचार्ज पिट बनाए जाएंगे। योजना पर शहरी विकास विभाग के अंतर्गत एडीबी एशियन डेवलपमेंट बैंक काम कर रहा है। वर्तमान में एडीबी सभी सरकारी संस्थानों का सर्वे कर रहा है। योजना में सरकारी संस्थानों के परिसर में जगह उपलब्ध होने पर मशीन से बोर किया जाएगा और एक टैंक बनाया जाएगा जिसमें संस्थान की छत से पाइप के जरिये पानी को टैंक तक लाया जाएगा जहां पानी को फिल्टर कर जमीन में रिसने के लिए छोड़ दिया जाएगा। वहीं, जिस परिसर में कम जगह उपलब्ध है वहां मैनुअली काम किया जाएगा। एडीबी की ओर से शहर के सरकारी स्कूलों को रिचार्ज पिट बनाने के लिए पत्र भेजा है। स्कूलों की ओर से अनुमति मिलने पर रिचार्ज पिट का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। यूयूएसडीए के प्रोजेक्ट मैनेजर कुलदीप सिंह ने बताया कि शहर में कुल 17 लोकेशन का सर्वे किया गया है जिसमें कुछ स्थानों में रिचार्ज पिट बनाने की अनुमति मिल चुकी है।

### तीन परतों के जरिये पानी होगा साफ

रिचार्ज पिट बनाने के लिए सात फीट लंबा, चार फीट चौड़ा तथा एक फीट गहरा गड्ढा तैयार किया जाएगा। पिट बनाने के लिए उस गहराई तक बोरिंग की जाएगी जहां पूर्वव्यापी क्रंकीट परत मिल जाएगी। यह परत किसी स्थान पर 30 एमएम में तो कहीं 50 एमएम की गहराई पर मिलती है। इसके बाद तीन अलग-अलग परतों के जरिये बारिश के पानी को फिल्टर किया जाएगा जिसमें पहली परत में 1.5-3 एमएम कोर सैंड, दूसरी परत में 5-10 एमएम ग्रेवल (रोड़ी) और तीसरी परत में 20 एमएम की रोड़ी बिछाई जाएगी। इसके बाद छिद्रयुक्त पीवीसी पाइप से साफ पानी जमीन में रिस जाएगा।



### ब्लॉक व नारायण नगर स्कूल में बना है रिचार्ज पिट

ब्लॉक कार्यालय में पूर्व में तीन रिचार्ज पिट बनाए गए हैं। यहां बड़ा परिसर होने से काफी मात्रा में पानी एकत्र होता है। रिचार्ज पिट बनने के बाद पानी बर्बाद होने से बचाया जा रहा है और इसे फिल्टर कर भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के लिए जमीन में छोड़ा जा रहा है। साथ ही नारायण नगर स्कूल में भी एक रिचार्ज पिट बनाया गया है जहां वर्षा जल संग्रहण कर पानी को फिल्टर कर जमीन में छोड़ा जा रहा है।

# कार चालक ने तोड़ा बस ड्राइवर का दांत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कार सवार चालक ने एक बस चालक को कोतवाली के सामने पीट दिया। उसने अपने दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया और बस चालक का दांत तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों का मेडिकल कराया है। कार सवार कार के बस से टकरा जाने से नाराज था, जबकि वह खुद बस को ओवरटेक कर रहा था।

गौस मियां बरेली उत्तर प्रदेश निवासी उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में बस चालक है। वह बरेली डिपो की बस यूपी 25 डीटी 6553 शनिवार की शाम हल्द्वानी डिपो से बरेली के यात्रियों को लेकर निकली थी। तिकोनिया से होते हुए बह कोतवाली पहुंची। तभी यूके 04 एन 0021 कार सवार ने बस को गलत दिशा बाईं ओर से ओवरटेक किया। जिससे कार बस से रगड़ती हुई आगे निकल गई और कार का साइड मिरर भी टूट गया। इसके लिए कार चालक ने बस चालक को आरोपी ठहरा दिया और कार को बीच सड़क रोक हंगामा शुरू कर दिया। उसने अपने दोस्तों के साथ बस चालक को पीटना शुरू कर दिया। जिससे बस चालक का दांत टूट गया।

सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी को कोतवाली ले आई। पुलिस ने सभी का मेडिकल कराया है। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि मामले में किसी पक्ष की ओर से अभी तहरीर नहीं दी गई है।



कार व बस की टक्कर के बाद मौके पर जुटी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### इनरव्हील क्लब की महिलाओं ने कहा- चारधाम यात्रा के रामनगर से जुड़ने पर युवाओं के लिए रोजगार के द्वार भी खुलेंगे

# चारधाम यात्रा से कुमाऊं-गढ़वाल की संस्कृति भी होगी मजबूत

रामनगर, अमृत विचार : कभी चारधाम यात्रा का अंतिम पड़ाव राम की नगरी थी। उसी खोये गौरव को प्राप्त करने के मकसद से नगर के अनेक संगठन फिर से जागरूक हो चुके हैं। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हर कोई चारधाम यात्रा को रामनगर से जोड़ने की वकालत अपनी तरह से करता दिखाई दे रहा है। इसी कड़ी में इनरव्हील क्लब की महिलाओं ने भी प्रदेश सरकार से चार धाम यात्रा को जोड़ने की वकालत की। इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने क्या कहा आइये जानते हैं उनके विचार...



चार धाम यात्रा को रामनगर से जोड़ना जरूरी है, इससे कुमाऊं और गढ़वाल के बीच व्यापारिक संबंधों को बल मिलेगा वहीं युवाओं के लिए स्वरोजगार के द्वारा भी खुलेंगे। सरकार के इस कदम का कुमाऊं मंडल में स्वागत होगा, इससे पर्यटकों को रामनगर क्षेत्र की भाषा, इतिहास, धर्म इत्यादि से जुड़ने का मौका भी मिलेगा। **-पीयूषी अग्रवाल**



चार धाम की यात्रा की शुरुआत रामनगर से ही होनी चाहिए। इससे प्रदेश के उन क्षेत्रों का भी विकास होगा जो विकसित नहीं हो पा रहे हैं। कॉर्बेट होने के कारण यहां किसी प्रकार की फैक्ट्री या उत्पादन कार्य संभव नहीं है। जिस कारण युवा वर्ग व्यापार के लिए पलायन करने के लिए मजबूर हैं। यही हाल पर्वतीय अंचलों का है। निसंदेह यह रिसॉर्ट नगरी है लेकिन इसके बावजूद रामनगर में व्यापार की स्थिति कुछ अच्छी नहीं है, परंतु यह शुरुआत गढ़वाल और कुमाऊं दोनों ही क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के नए द्वार खोलेगी। **-कविता अग्रवाल**



चार धाम यात्रा को यदि रामनगर को जोड़ा जाता है तो रामनगर के साथ साथ कुमाऊ गढ़वाल की सांस्कृतिक सभ्यता का बेजोड़ मिश्रण देखने को मिलेगा, जो उत्तराखण्ड की एकता की एक मिशाल कायम करेगा। पिछले कई वर्षों से लोगों द्वारा एवं मांग उठाई गई है। अब संगठनों ने भी सरकार का ध्यान इस ओर केंद्रित करने की का प्रयास किया है। सरकार को जनता के हितों को ध्यान में रखकर रामनगर को चार धाम यात्रा से जोड़ने की ओर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। **-संगीता जिंदल**



चार धाम यात्रा रामनगर से शुरू होती है तो रामनगर के बंद हो चुके व्यापार में गति आ जाएगी। रामनगर का विकास होगा। ऐसे व्यापारी जिनका कारोबार किन्ही कारणों से मंद पड़ गया था, इस यात्रा के जुड़ने से पुन: गति पकड़ेगा। इसके अलावा रामनगर से कर्णप्रयाग तक पड़ने वाले छोटे-छोटे गांव के नौजवानों को भी रोजगार के नए-नए अवसर मिलेंगे। **-अंजली जिंदल**



रामनगर से चार धाम यात्रा आरंभ होती है तो हर नागरिक की भविष्य की उम्मीदों को भी पंख लग जाएंगे। इससे न केवल रामनगर के व्यापार का विकास होगा बल्कि कर्णप्रयाग तक पर्वतीय स्थलों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यदि पर्वतीय स्थलों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे तो वहां के लोगों और वहां की जो युवा पीढ़ी है, उसे रोजगार के लिए कई मैदानी क्षेत्र में नहीं जाना पड़ेगा। **-अनुप्रीत कौर**



रामनगर को चार धाम यात्रा से जोड़ने पर यहां पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। फिर लोग इसे कार्बेट की नगरी के साथ-साथ आध्यात्म की नगरी के नाम से जानेंगे। विकास की नई कहानी लिखता दिखाई देगा रामनगर। इससे रामनगर की युवा पीढ़ी अपने स्वरोजगार की ओर प्रेरित होगी। चार धाम यात्रा से जोड़ने पर यहां के नागरिकों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। **-सीमा लखोटिया**



अभी रामनगर को कॉर्बेट के नाम से एक पर्यटन नगरी के रूप में पहचाना जाता है जब चार धाम यात्रा को सरकार रामनगर से जोडेगी तो पर्यटकों को रामनगर के धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में भी जानकारी मिलेगी। गिरिजा मंदिर, हनुमान धाम, ढिकुली में पांडव काली गरल कंठेश्वर महादेव मन्दिर की महत्ता भी बढ़ जाएगी। इससे रोजगार की प्राप्ति होगी इस मांग को लोगों के हितों के मददेनजर पूरा किया जाना चाहिए। **-नविता बंसल**



रामनगर को चार धाम यात्रा से यदि सरकार जोड़ती है तो यह कुमाऊं के छोटे इलाकों में युवाओं के लिए रोजगार के दरवाजे खोल देगा, जो युवा नौकरियों के लिए दूर दराज के इलाकों में जाकर धक्के खाने को मजबूर है। वह अपने घरों में खुद का कारोबार शुरू कर सकेंगे। इस कार्य से उनके जीवन में बहुत बड़े परिवर्तन आएंगे और वह दूसरों को भी नौकरी देने में सक्षम हो जाएंगे। सरकार और उसके नुमाइंदों को इस दिशा में गम्भीरता से मनन करना चाहिए। **-चारूल जिंदल**

## सार-संक्षेप



गोकुल धाम पार्क में योग करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### गोकुल धाम पार्क में महिलाओं ने किया योग

**हल्द्वानी** : आवास विकास कॉलोनी के गोकुल धाम पार्क में फिटनेस योग ग्रुप ने कॉलोनी की महिलाओं के साथ योग किया। इस अवसर पर रमा पाठक, कविता सोलंकी, सुनीता यादव, निशा चौहान, शीतल गुप्ता, रेनू वर्मा, बीना गोस्वामी, गीता बल्यूटिया, पूजा, सुमन बिष्ट, सोनिया, रिंकी, श्वेता, वंशिका, मीनू, निर्मल मौजूद रहीं।




वैश्य महासभा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### रामबाबू जायसवाल बने वैश्य महासभा के अध्यक्ष

**हल्द्वानी** : रामपुर रोड स्थित अग्रसेन भवन में शनिवार को वैश्य महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें चुनाव संचालन समिति ने चुनाव भी संपन्न कराया। जिसमें रामबाबू जायसवाल को अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए तनुज गुप्ता को निर्वाचित किया गया। चुनाव निर्वाचन समिति में भगवान सहाय अग्रवाल, विनय लाहोटी, बद्री प्रसाद गुप्ता, सुशील अग्रवाल पप्पी, श्रीकांत खंडेलवाल रहे। अध्यक्षता आलोक शारदा और संचालन महासचिव भवानी शंकर नीरज ने किया। इससे पहले साधारण सभा में सबसे पहले आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में वैश्य महासभा और अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर देवेंद्र केसरवानी, गंगा जायसवाल, राजीव जायसवाल, पूनम अग्रवाल, अतुल जायसवाल, भोलानाथ केसरवानी, बीनू जयसवाल आदि उपस्थित रहे।

# घायलों को समुचित इलाज न मिलने पर भड़के विधायक

### स्वास्थ्य मंत्री से अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने की मांग की

**पीड़ा**

- हादसे में बच्चे की मौत और तीन लोग हो गए गंभीर रूप से घायल
- पूरा इलाज न मिलने के कारण अन्यत्र रेफर करना पड़ा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** सल्ट से कोटद्वार जा रही कार के खाई में गिरने और हादसे में गंभीरू रूप से घायल तीन लोगों को रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय में समुचित इलाज नहीं मिलने पर लैंसडाउन के विधायक दिलीप रावत भड़क उठे। हादसे की जानकारी मिलते ही विधायक शुक्रवार रात में ही रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय पहुंच गए। अपने विधानसभा क्षेत्र के घायलों को रामनगर के अस्पताल में समुचित इलाज न मिलने पर वह पीपीपी मोड पर चल रहे अस्पताल की व्यवस्था पर सवाल उठाने लगे। उन्होंने रात में ही स्वास्थ्य मंत्री को फोन कर अस्पताल को पीपीपी मोड से हटाने की मांग की। जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया है।

बता दें कि दुर्गापुर बमनपुर कोटद्वार जिला पौड़ी गढ़वाल निवासी अमित नेगी अपने बड़े भाई दीपक नेगी की ससुराल गौलीखाल से अपनी भाभी किरण, भतीजा अंश और भाभी की मां सरोज को साथ लेकर कोटद्वार लौट रहे थे। इसी बीच सल्ट के झिमार गांव के पास उनकी कार असंतुलित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में 5 माह के अंश पुत्र दीपक नेगी की मौत हो गई, जबकि किरण, अमित नेगी, सरोज रूप से घायल हो गए। घायलों को पहले सल्ट के देवालय अस्पताल फिर रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, लेकिन यहां भी घायलों को समुचित इलाज न मिलने के कारण घायलों को अन्यत्र रेफर कर दिया गया।



फोन पर स्वास्थ्य मंत्री से बात करते लैंसडाउन के विधायक दिलीप रावत। ● अमृत विचार

## राजाराम को मिला मथुरादत्त पुरस्कार



**रामनगर:** कुमाउनी के वरिष्ठ साहित्यकार मथुरादत्त मठपाल की स्मृति में दिये जाने वाला "मथुरादत्त मठपाल स्मृति पुरस्कार" इस बार क्षेत्र के साहित्यकार राजाराम विद्यार्थी को दिया जाएगा। यह निर्णय दुदबोली संस्था की बैठक में लिया गया। पुरस्कार स्वर्गीय मथुरादत्त मठपाल की 83वीं जयंती 29 जून को रामनगर में कार्यक्रम के दौरान दिया जाएगा।

किशनपुर छोई रामनगर निवासी राजाराम विद्यार्थी की सैकड़ों कविताएं, कहानियां, आलेख, रिपोतार्ज, संस्मरण, विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की पत्र-पत्रिकाओं व समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुकी है। मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी दिल्ली के पूर्व सचिव डॉ. हरिसुमन बिष्ट के सानिध्य में होने वाले कार्यक्रम में हमरी दुदबोली, हमरी पछयाण विषय पर परिचर्चा के साथ ही कुमाउनी पत्रिका दुदबोली के 300 पृष्ठ के वार्षिकांक का भी विमोचन होगा। निर्णायक समिति की बैठक में प्रो. गिरीश चंद्र पंत, भुवन चंद्र पपनै, निखिलेश उपाध्याय, दुदबोली संपादक चारु तिवारी, हरिमोहन मोहन, नवेंदु मठपाल, बालकृष्ण चंद, सीपी खाती मौजूद रहे।

## गीले कूड़े का निस्तारण न होने पर होगी कार्रवाई

**हल्द्वानी:** बल्क वेस्ट जनरेटर (बीडब्ल्यूजी) को गीले कूड़े का निस्तारण खुद करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ नगर निगम की ओर से कार्रवाई की जाएगी।

नगर निगम के स्वस्थ्य विभाग की ओर से शहर के सभी होटलों, बैंक्वट हॉलों, हॉस्टल आदि को पत्र लिखा गया है। ऐसा नहीं करने वाले संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि स्वयं से गीले कूड़े का निस्तारण नहीं करने वालों के खिलाफ अपशिष्ट प्रबंधन नियम (एसडब्ल्यूएम), 2016 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# सिखों के छठवें गुरु श्री हरगोविंद साहिब का प्रकाश पर्व मनाया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** सिखों के छठवें गुरु श्री गुरु हरगोविंद साहिब का प्रकाश पर्व शनिवार को गुरुद्वारा गुरुनानकपुरा में धूमधाम से मनाया गया। प्रकाश पर्व के कार्यक्रम में रागी जत्था भाई प्रभु सिंह ने कीर्तन गायन किया और कथावाचक जगपाल सिंह ने गुरु हर गोविंद साहिब की जीवनी पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि उस वक्त की हुकूमत ने जनता पर बहुत अत्याचार किए थे लेकिन गुरु साहिब ने दो तलवार एक मीरी और एक पीरी धारण कर मुगलों से लोहा लेते हुए संदेश दिया कि एक तलवार भक्ति और दूसरी शक्ति की प्रतीक है। गुरु हर गोविंद सिंह का जन्म बडाली, अमृतसर में हुआ था। वे सिखों के पांचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव के पुत्र हैं। उन्होंने अपना ज्यादातर समय युद्ध प्रशिक्षण व युद्ध कला में लगाया। उन्होंने ही सिखों को अस्त्र-शस्त्र का प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया तथा सिख पंथ को योद्धा चरित्र प्रदान किया।



इसके बाद हजूरी रागी जत्था दरबार साहिब, भाई जगतार सिंह ने कीर्तन गायन कर संगत को निहाल कर दिया। मुख्य सेवादार हरजीत सिंह ने समूह संगत को गुरुपर्व की बधाई दी व समूह सेवादारों का धन्यवाद किया। संचालन अमरजीत सिंह ने किया। कार्यक्रम में समूह हल्द्वानी की संगत ने शिरकत की और लंगर छका।

# शहीदों के परिवारों को मिला सम्मान, बच्चों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वाइव्स एसोसिएशन की 29वीं वर्षगांठ केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ग्रुप केंद्र काठगोदाम में धूमधाम से मनाई गई। जहां शहीद के परिवारों का सम्मान और उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। साथ ही मेधावी बच्चों को सम्मान देकर उनकी हौसला-अफजाई भी की गई। डीआईजी ने शहीद के परिवारों की समस्या सुनी और उनका मौके पर निस्तारण भी किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र के डीआईजी शंकर दत्त पांडे और वाइव्स एसोसिएशन की अध्यक्ष रिचा पांडे ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए किया। इसके बाद मंच पर नैनीताल, हल्द्वानी और लालकुआं से आए शहीदों के परिजनों को आमंत्रित किया गया। उन्हें न सिर्फ सम्मानित किया गया बल्कि डीआईजी ने समस्याएं सुन उनका समाधान भी किया। शिक्षा, कला, खेल व व्यवसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में मेधावी रहे सीआरपीएफ जवानों के बच्चे भी सम्मानित किए गए। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ संदीप बिष्ट ने किया।



सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र काठगोदाम में सम्मान समारोह में सम्मानित महिलाएं व बच्चे।

### चर्चाओं में आया बढेरी गांव

**गरमपानी** : बेतालघाट ब्लॉक का बढेरी गांव इन दिनों खूब चर्चाओं में है। कभी खेतीबाड़ी के क्षेत्र में खास पहचान रखने वाला यह गांव एक के बाद एक स्टोन क्रशरों के निर्माण के लिए चर्चाओं में आ गया है। पहले से ही दो स्टोन क्रशरों के स्थापित होने के बाद अब कुछ और स्टोन क्रशरों की सुगबुगाहट होने लगी है।


NCTE & HARIYANA BOARD & M.P. BOARD
Recognized University से मान्यता प्राप्त कॉलेजों में सीधे प्रवेश
D.El.Ed. (डी.एल.एड.)
• योग्यता 50% • NO AGE LIMIT
• प्राइमरी अध्यापक के लिए नया नियम डी.एल.एड. आवश्यक हो गया है।
DIRECT ADMISSION
B.Ed., M.Ed, B.P.Ed. Ph.D. (All Subject)
ADMISSION OFFICE
GLOBAL CAREER INSTITUTE
Add. : Canal Road, Near Durga City Centre, Haldwani
Mob. 7617632557

अग्रवाल न्यूरो एण्ड मेडिकल सेन्टर, हल्द्वानी
डॉ. रजत अग्रवाल (न्यूरोफिजिशियन)
पूर्व विशेषज्ञ : सर गंगाराम हॉस्पिटल, दिल्ली
सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी
सुविधायें :- • मिर्गी दौरे • हिस्टीरिया • लकवा (Stroke) • सिर दर्द / माइग्रेन / चक्कर आना • मस्तिष्क ज्वर • दिमाग में सूजन • दिमाग में सूजन • मानसिक तनाव, घबराहट, मन उदास • कमर व गर्दन का दर्द • शियाटिका, स्पोंडिलाइटिस • हाथ पैरों में सुन्नपन • झनझनाहट • दिमागी कमजोरी • याददाश्त की कमी • बैचेनी एवं नींद न आना।
New Well Equipped Setup - अपने नए सेन्टर में
नया पता : होटल पर्ल इन के पीछे, निकट सरगम सिनेमा, रामपुर रोड, हल्द्वानी, Mob. 7302293944

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
National Institute of Open Schooling (NIOS)
10th and 12th पास करने का अंतिम मौका!
फेल हुए विद्यार्थी अपना साल बचायें।
8th फेल 10th करें
11th फेल 12th करें
NIOS या कोई अन्य बोर्ड परीक्षा में फेल हुए छात्रों के लिए पास होने का सुनहरा अवसर!
NIOS on Demand Exam (फॉर्म भरे जा रहे हैं)
NAWABI ROAD, KHANDELWAL COMPLEX, OPP. JAI DURGA COLONY, HALDWANI
E-mail ID : educationpoint72@gmail.com
सम्पर्क करें : 9068543067, 9105528933

जोशी क्लिनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko) N.D.D.Y. C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन (उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर) फिस्चुला (भगंदर) फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा Leech Therapy (जलोका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
10 Years Anniversary
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता (BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता (BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस, स्ट्रिक्चर यूरेथ्रा/ किडनी रोग, नेत्र रोग, सफेद दाग, स्पाइनल समस्याएँ, बालों की समस्या, पाचन समस्याएँ, पोस्ट कोविड समस्याएँ, सर्दी खाँसी-दमा, सोरायसिस, थाइरायड समस्या, माइग्रेन/ मानसिक रोग, स्पोर्ट्स इंजरी, इन्फर्टिलिटी, बच्चों के रोग, गॉल ब्लैडर स्टोन, सौंदर्य समस्याएँ, स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म, नाड़ि परीक्षण, गर्भ संस्कार, लीच थैरेपी, नेत्र तर्पण, उत्तर बस्ती, शिरोधारा, स्वर्ण प्राशन, पत्र पोट्टलि, अग्निकर्म
Google TOP RATED
✆ 7895372936 ☎ 05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation @ svpayurvedaclinic.com

# नलकूप खराब होने से पानी के लिए हाहाकार

## पानी संकट वाले इलाकों में विभाग 30 टैंकरों से करा रहा आपूर्ति, ईई ने किया दो दिन में ठीक होने का दावा

**किल्लत**

- 20 हजार आबादी के सामने पेयजल का संकट छाया
- नवाबी रोड, कुल्यालपुरा, ब्लॉक परिसर आदि में संकट गहराया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बीते कई दिनों से महिल डिग्री कॉलेज, ब्लॉक कार्यालय, लामाचौढ़ खास और आनंदपुर का नलकूप खराब होने से 20 हजार आबादी के सामने पेयजल का संकट छाया हुआ है। जलसंस्थान की ओर से टैंकर भेजकर पानी की आपूर्ति कराई जा रही है।

जलसंस्थान और सिंचाई विभाग का नलकूप खराब होने के चलते करीब आधा दर्जन से अधिक इलाकों में पेयजल आपूर्ति की दिक्कत बनी हुई हैं। इसमें नवाबी रोड, कुल्यालपुरा, वार्ड नंबर आठ, ब्लॉक परिसर, कठघरिया, लामाचौड़ खास और आनंदपुर रामपुर रोड समेत कई इलाकों में हजारों की आबादी के सामने पेयजल की समस्या गहराई हुई है। वहीं जलसंस्थान की ओर से 30 टैंकरों के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति पानी संकट वाले इलाकों में कराई जा रही है, लेकिन पर्याप्त मात्रा में लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। नलकूप खंड के ईई अंचित रमन ने बताया कि नलकूपों की मरम्मत का कार्य जारी है, जिसे 2 दिन में ठीक कर लिया जाएगा। इधर जलसंस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया कि नलकूप को ठीक कर जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। जबकि पानी संकट वाले इलाकों में शामिल गौलागेट, दमुवाढूंगा, गौजाजाली, इंदिरानगर, विकासनगर समेत अन्य इलाकों में टैंकर से नियमित पानी बांटा जा रहा है।



जल संस्थान से जलापूर्ति के लिए पानी भरता टैंकर। ● अमृत विचार

### मरम्मत के चलते 3 घंटे तक आपूर्ति रही बाधित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** बिजली घरों में केबल व मरम्मत के चलते करीब 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। शनिवार को हाईडिल गेट काठगोदाम में स्थापित 12 .5 एमवीए से 300 एमएम को 600 एमएम केबल बदलने के चलते 1 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही जिसके चलते मुखानी पोषक से संबंधित इलाकों में बिजली कटौती रही। इधर रानीबाग में पैनल की वीसीबी की मरम्मत व रखरखाव कार्य चलने के चलते 2 घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली विभाग के ईई प्रदीप बिष्ट ने बताया कि कार्य पूरा होते ही बिजली आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

## काठगोदाम में 10 एमवीए के 2 नए ट्रांसफार्मर लगेंगे

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बिजली विभाग काठगोदाम स्थित मुख्य अभियंता कार्यालय के समीप 10 एमवीए के 2 नए ट्रांसफार्मर स्थापित करेगा। इसके लिए विभाग ने शासन में प्रस्ताव भी भेजा हुआ है, धनराशि स्वीकृत होते ही कार्य शुरू होने की उम्मीद है।

आरडीएसएस योजना के तहत बिजली विभाग काठगोदाम इलाके में करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से ट्रांसफार्मरों को लगाया जाएगा। इन ट्रांसफार्मरों के लगने से बिजली कटौती व ट्रिपिंग की समस्या में कमी आएगी। वर्तमान में अलग-अलग फीडरों से टाउन-2, टाउन-3 और मुखानी इलाके में बिजली आपूर्ति की जाती है, लेकिन नए फीडर बनने के बाद इन इलाकों में एक ही फीडर से बिजली आपूर्ति की जाएगी। जिससे दमुवाढूंगा, बिठौरिया, 2 नहरिया और मुखानी तक के इलाकों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रूप से हो पाएगी। बिजली विभाग ने नए फीडर में 2 ट्रांसफार्मरों को लगाने के लिए डीपीआर तैयार कर शासन भेजा हुआ है।

आरडीएसएस योजना के अंतर्गत नए फीडर का निर्माण कार्य होना है। इधर बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता प्रदीप बिष्ट ने बताया कि नए फीडर के निर्माण होने के बाद बिजली की समस्या में कमी आएगी। कार्य का प्रस्ताव शासन में भेज दिया गया है, संस्तुति मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सार-संक्षेप**


पानी की जांच के लिए पहुंचे अधिकारी। ● अमृत विचार

### पानी के बिलों में सुधार के लिए डीएम से लगाई गुहार

**हल्द्वानी :** जन सेवा समिति गौजाजाली ने डीएम वंदना सिंह को ज्ञापन सौंप कर पानी के बिलों में सुधार की मांग की। आरोप लगाया कि उपभोक्तओं के बिल अनावश्यक बढ़ाकर भेजे गए हैं। डीएम के निर्देशों के बाद जल निगम की टीम मौके पर पहुंची और बिल लिए। अब इन बिलों की जांच की जाएगी। समिति के प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में डीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि वार्ड-60 में पानी के बिल की सस्मया है। जल संस्थान की अपेक्षाकृत जल निगम पानी का अधिक शुल्क वसूल रहा है। एक कमेटी बनवाकर बिलों की जांच कराई जाए। इस पर डीएम ने सिटी मजिस्ट्रेट और नगर आयुक्त को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद नगर आयुक्त विशाल मिश्रा एवं सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी शनिवार की देर सायं मौके पर पहुंचे और पानी की गुणवत्ता, लाइनें देखी और बिल लिए। उन्होंने कहा कि बिल की जांच कराईजाएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में कुंदन पडियार, संजय पांडे, जगदीश पांडे, एमएस बिष्ट, शशि वर्मा, रविशंकर, मदन बुडलाकोटी, सुनीता सोनी आदि मौजूद रहे।

### शिक्षक की मौत मामले में दो माह बाद मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** चुनाव ड्यूटी में लगे अथिति शिक्षक की मौत हो गई थी। इस मामले में दो माह बाद मुकदमा दर्ज हुआ है। जोशी कालोनी चोरपानी रामनगर निवासी अरुण उप्रेती ( 42 वर्ष) अतिथि शिक्षक थे। वह यहां अपनी पत्नी तनुजा उप्रेती व बच्चों के साथ रहते थे। अरुण की लोकसभा चुनाव में सीसीटीवी वेब कास्टिंग में ड्यूटी लगी थी। पुलिस को दी तहरीर में तनुजा ने लिखा, लोकसभा चुनाव ड्यूटी के बाद 20 अप्रैल को वह रामनगर से सीसीटीवी कैमरा एमबीपीजी हल्द्वानी स्थित केंद्र में जमा करने जा रहे थे। स्कूटी सवार अरुण को लामाचौड़ पैट्रोल पंप के पास एक टेंपो ने टक्कर मार दी। उनकी हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। तनुजा का कहना है कि पति की मौत के बाद वह घर में अकेली थी। अपने छोटे बच्चों व अन्य परेशानियों में व्यस्त होने के कारण तब मुकदमा दर्ज नहीं करा सकी।

### युवक का अंगूठा काटा, कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी :** मारपीट के मामले में काठगोदाम पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने न्यायालय में शिकायत दी, जिसके बाद मुकदमा दर्ज हुआ। काठगोदाम क्षेत्र के बाईपास रोड की रहने वाली साहिमा सिद्दीकी के बेटे आसिफ से बीती 15 मई को काठगोदाम चुंगी के करीब एक दर्जनसे अधिक लड़कों ने बुरी तरह पीटा था। उस पर धारदार हथियार से हमला किया, जिससे दाहिने हाथ का अंगूठा भी कट गया। घटना की लिखित शिकायत साहिमा ने पहले काठगोदाम पुलिस और फिर एसएसपी कार्यालय भी गई, लेकिन तब भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। 31 मई को पीड़िता ने न्यायालय में शिकायत दी। न्यायालय के आदेश पर काठगोदाम पुलिस ने 20 जून को आरोपी राहुल, राहुल उर्फ बिलोट और दीपक समेत 10-12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।


विकास भवन में विकास योजनाओं पर चिंतन करते विधायक राम सिंह कैड़ा।

### मूलभूत समस्याओं का शीघ्र समाधान करें : कैड़ा

**भीमताल :** विकास भवन सभागार में विधायक राम सिंह कैड़ा ने जिले के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर मूलभूत समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान भीमताल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिजली, पानी, स्वास्थ, सड़क, शिक्षा सहित अन्य मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित गति से समाधान करने के निर्देश दिए गए। साथ ही भीमताल विधानसभा क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों को समयावधि में पूरा करने के साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्माण कार्यों को करवाने को कहा। बैठक में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

## आयोग पहुंचा छात्राओं के गायब होने का मामला

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**जायजा**

- एसएसपी से फोन पर बातचीत कर कार्रवाई का लिया जायजा
- छात्राओं की जल्द सकुशल बरामदी को लेकर दिए निर्देश

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा से लापता छात्राओं का मामला महिला आयोग तक पहुंच गया है। मामले का संज्ञान लेते हुए शनिवार को आयोग की अध्यक्ष ने एसएसपी से बात कर अपडेट दिया। एसएसपी ने छात्राओं की जल्द सकुशल बरामदगी का भरोसा दिया है।

गुरुवार को 9वीं और 11वीं कक्षा की दो छात्राएं लापता हो गईं। इस पर अगले दिन बनभूलपुरा थाने में जमकर हंगामा हुआ था। सामाजिक संगठनों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी भी की। परिजनों का आरोप था कि मोहल्ले के ही रहने वाले एक 16 वर्षीय किशोर ने दोनों उत्तर प्रदेश ले गया। शुक्रवार को जब मामले ने तूल पकड़ा तो परिजन और सामाजिक संगठनों ने बनभूलपुरा थाने के बाहर जमकर हंगामा व नारेबाजी की। महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा से फोन पर बातचीत की।

साथ ही कार्रवाई की प्रगति रिपोर्ट पूछी। एसएसपी ने जल्द छात्राओं के सकुशल बरामद करने और मामले का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है और दो टीमों को तलाश में उत्तर प्रदेश रवाना कर दिया गया है।

## निगम में शिकायतों का अंबार

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** नगर निगम में शिकायतों का अंबार लगा है लेकिन लोगों को उचित समाधान नहीं मिल पा रहा है। लोग समस्याओं से परेशान होकर सीएम हेल्पलाइन नंबर पर भी शिकायत कर रहे हैं।

नगर निगम को सीएम हेल्पलाइन नंबर से 571 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें ज्यादातर साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, निर्माण आदि से जुड़ी हुई हैं। साफ-सफाई व स्ट्रीट लाइटों की शिकायतें हल हो रही हैं, लेकिन अन्य समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। नगर निगम की सह आयुक्त विमला जोशी ने बताया कि सभी समस्याओं का समाधान करने की कोशिश की जा रही है। कहा कि स्ट्रीट लाइट की कुल 60 शिकायतों में से 42 का समाधान कर दिया गया है, जबकि आठ शिकायतकर्ताओं से संपर्क नहीं हो पाया है। इसी तरह साफ सफाई, अतिक्रमण आदि की समस्याओं को भी तेजी से सुलझाया जा रहा है।

## तहसील व उपनिबंधक दफ्तर के लिए नहीं मिली जगह

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सौगात 'नमो भवन' प्रोजेक्ट को पलीता लगता दिख रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की घोषणा के ढाई साल बाद भी नमो भवन का काम शुरू होना तो दूर बस अड्डा, तहसील, उपनिबंधक दफ्तर व कोषागार शिफ्ट नहीं हो सके हैं हालांकि प्रशासन का दावा है कि जल्द ही शिफ्टिंग हो जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर 2021 को एक चुनावी जनसभा में हल्द्वानी को 2,200 करोड़ की सौगात दी थी। इसमें 350 करोड़ रुपये से तहसील, सब रजिस्ट्रार दफ्तर, ट्रेजरी और रोडवेज का परिसर मिलाकर बहुद्देश्यीय नमो भवन भी शामिल है। इस भवन में सरकारी दफ्तर, 450 वाहनों की पार्किंग, बस अड्डा, लाइब्रेरी आदि बनाया जाना प्रस्तावित है। टाटा कंसलटेंसी ने जिला प्रशासन व नगर निगम के साथ डिजाइन भी तैयार किया है। प्रशासन ने बस अड्डे को शिफ्ट करने के लिए एचएन इंटर कॉलेज, एमजी इंटर कॉलेज के बाद ट्रांसपोर्ट नगर का चयन कर लिया है। बस अड्डा अस्थायी तौर पर टीपी नगर से संचालित होगा। वहीं, तहसील, उप निबंधक दफ्तर और कोषागार को शिफ्टिंग के लिए स्थान का चयन होना बाकी है। संभावना है कि कोषागार को समाज कल्याण विभाग और उपनिबंधक दफ्तर एवं तहसील बरेली स्थित पुराने समाज कल्याण भवन में शिफ्ट होगा। पूर्व में अनुमान था कि नए वर्ष के बाद शिफ्टिंग होगी। फिर लोकसभा चुनाव में मतदान और मतगणना की वजह से मामला लंबित हो गया। अब मतगणना होने के बाद भी भवन शिफ्ट नहीं हो सके हैं। ऐसे में नमो भवन योजना का काम जल्द शुरू होने की उम्मीद नहीं है।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए हो रहे जागरूक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** आईटीआई में छात्र अधिक से अधिक प्रवेश लें इसके लिए प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय काम कर रहा है। विभाग की ओर से टीमें बनाई गईं हैं जो ग्राम सभा स्तर पर गांव के प्रधान के सहयोग से विद्यार्थियों को आईटीआई के विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश लेने के लिए जागरूक कर रही हैं। उन्हें ट्रेडों में प्रशिक्षित होकर अच्छा करियर बनाने के बारे में बताया जा रहा है।

आईटीआई में प्रवेश के लिए कुछ दिनों पहले सीट मैट्रिक्स जारी कर दी गई थी। अगले माह इसके लिए प्रवेश शुरू हो जाएंगे। इस शिक्षा सत्र में प्रदेश के 13 जिलों के विभिन्न आईटीआई में कुल 8218 सीटों पर प्रवेश होंगे। जिसमें सबसे अधिक देहरादून में 1308 सीटें हैं और बागेश्वर में सबसे कम 92 सीटों पर प्रवेश होंगे।

## रेनू जोशी को आगरा में किया गया सम्मानित

**उपलब्धि**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आगरा में आयोजित इनरव्हील डिस्ट्रिक्ट 311 के नव्यारंभ कार्यक्रम पुरस्कार समारोह में इनरवहील क्लब शाइनिंग हल्द्वानी की अध्यक्षा रेनू जोशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट 311 की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संध्या गुप्ता ने क्लब के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें चेयरमैन एक्सीलेंस अवार्ड व डायमंड ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

क्लब ने समाज के लिए किये गए कार्य जैसे कैंसर अवेयरनेस कैंप, नैचुरोपैथी, लैंगिक समानता, करियर काउंसलिंग व सामूहिक विवाह आदि के लिए भी सम्मानित किया। इस मौके पर क्लब कोषाध्यक्ष प्राची, सचिव जया जायसवाल और आईएसओ निशा धोनी को भी पुरस्कार से नवाजा गया।


इनरव्हील क्लब की हल्द्वानी अध्यक्ष रेनू जोशी स्मृति चिन्ह के साथ ● अमृत विचार

## दुष्कर्म की कोशिश का आरोपी बरी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जंगल में शौच के लिए गई युवती से दुष्कर्म की कोशिश करने वाले को न्यायालय ने संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया। यह मामला न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी आदर्श त्रिपाठी की कोर्ट में चल रहा था।

चोरगलिया निवासी लियाकत अली गुज्जर पर एक युवती ने छेड़खानी, जबरन शारीरिक संबंध बनाने की कोशिश करना व कपड़े फाड़ने का आरोप लगाया था। मामले में लियाकत की पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजन सिंह मेहरा ने बताया कि 27 सितंबर 2022 को लियाकत के खिलाफ क्षेत्र की युवती ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि शौच के लिए जंगल गई युवती से लियाकत ने छेड़छाड़ की, दुष्कर्म का प्रयास किया और उसके कपड़े फाड़ दिए।

**परेशानी** 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

# आयकर पोर्टल की धीमी रफ्तार से बढ़ी मुश्किल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आयकर पोर्टल ने अभी से हांफना शुरू कर दिया है जबकि रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि में अभी सवा माह का समय बाकी है। ऐसे में अंतिम तिथि नजदीक आने पर मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वेतनभोगी और व्यक्तियों के आयकर रिटर्न जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। रिटर्न जमा करने में समय है लेकिन आयकर विभाग के पोर्टल ने अभी से ही हांफना शुरू कर दिया है। आयकर अधिवक्ताओं की मानें तो आयकर विभाग की साइट खुल तो रही है लेकिन रिटर्न जमा करने में काफी परेशानी हो रही है। फार्म-26 एएस डाउनलोड नहीं हो रहा है, कभी पोर्टल तो कभी सर्वर कभी सिस्टम एरर शो हो रही है। करदाताओं के पैन कार्ड आधार से लिंक है लेकिन फिर भी नहीं दर्शा रहा है ऐसे में पेशेवरों को आयकर रिटर्न जमा करने में भारी परेशानी हो रही है। रिटर्न जमा करने की अंतिम 31 जुलाई है, यदि समय से रिटर्न जमा नहीं किया तो 5 लाख तक आमदनी वाले को 1 हजार और 5 लाख से अधिक आमदनी पर 5 हजार रुपये विलंब शुल्क भुगतान करना होगा। इससे करदाताओं को काफी परेशानी हो रही है।


"आयकर विभाग का पोर्टल ढंग से काम नहीं कर रहा है। फॉर्म-26 एएस वगैरह डाउनलोड करने में परेशानी हो रही है। पैन से आधार लिंक होने के बाद भी नहीं दर्शा रहा है। ऐसे में आयकर रिटर्न जमा करने की तिथि नजदीक आएगी तो समस्या बढ़ सकती है।
**-सुमित गुप्ता**, आयकर एवं वाणिज्यकर अधिवक्ता


"आयकर विभाग का पोर्टल बहुत स्लो काम कर रहा है। ट्रांजेक्शन वगैरह जांचने के लिए जो फाइलें देखनी हैं उन्हें डाउनलोड होने में काफी समय लग रहा है। करदाता समय से रिटर्न भरना चाहते हैं उन्हें दिक्कतें हो रही हैं।"
**-मजहर अली**, आयकर एवं वाणिज्यकर अधिवक्ता






## एक नजर

### ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर ठगी

**बाजपुर :** पांच लाख रुपये का लोन दिलवाने के नाम पर ऑनलाइन करीब 11 हजार रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुगर फैक्ट्री निवासी अनीता पत्नी भरत सिंह ने पुलिस को बताया कि शनिवार को अनजान व्यक्ति का फोन आया और 5 लाख रुपये का लोन करवाने की बात कहते हुए आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक की पासबुक सेंड करवा ली। इसके बाद एक स्कैनर सेंड करते हुए इसमें 1,150 रुपये ऑनलाइन डलवा लिए। इसके पश्चात किसी न किसी बहाने 3150 रुपये, 5460 रुपये व 2100 रुपये जैसे-जैसे वह बोलता गया वैसे-वैसे पैसे भेजती रही। इसके बाद फिर से पैसों की मांग की गई। असमर्थता जताने पर आरोपी ने लोन नहीं होने की बात कही। पैसे वापस करने को कहा तो उसने साफ मना कर दिया जिसके चलते उसे ठगे जाने का एहसास हुआ।

### शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**काशीपुर :** टांडा चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान ढड़ियाल रोड छीना फार्म के पास सड़क किनाने कच्ची शराब बेचते ग्राम रम्पुरा निवासी रजत सिंह उर्फ बूटा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 48 पाउच कच्ची शराब बरामद की है।

### पंतनगर विवि के प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित, मास्टर्स व पीएचडी की आठ जून और स्नातक व एमसीए की 16 जून को हुई थी परीक्षा

# स्नातक स्तरीय प्रवेश परीक्षा में अल्मोड़ा के रूपक रहे टॉपर

संवाददाता पंतनगर,


रूपक सिंह।


इशिता बोहरा।


प्रतीक पांडे (स्नातक)।


धृति होरे।


ऐमी सजवाण।


छिप्रवी भट्ट (स्नातकोत्तर)।


गौरव कुमार सिंह।


गौरव पाठक।


हिमानी पांडेय (एमसीए)।

**अमृत विचार :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में वर्ष 2024 के लिए मास्टर्स व पीएचडी की प्रवेश परीक्षा आठ जून और स्नातक स्तर व एमसीए के लिए प्रवेश परीक्षा 16 जून को पंतनगर सहित प्रदेश के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इसके परिणाम विवि कुलपति डॉ. एमएस चौहान की स्वीकृति के बाद शनिवार को घोषित कर दिए गए।

स्नातक स्तरीय प्रवेश परीक्षा में हवालबाग अल्मोड़ा के रूपक सिंह ने 506 अंक हासिल कर टॉप किया है। साथ ही स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा में पंतनगर निवासी धृति होरे ने 470 अंकों के साथ टॉप किया। वहीं एमसीए में जवाहर नगर के गौरव कुमार सिंह 375 अंकों के साथ अव्वल रहे।

विवि में वर्ष 2024 के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित करते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणामों के अनुसार स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा में थापनियां हवलबाग अल्मोड़ा निवासी कुलदीप सिंह व पन्ना देवी के मेधावी पुत्र रूपक सिंह ने स्नातक स्तर की प्रवेश परीक्षा में 600 में 506 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि हनुमान मंदिर रोड लोहाघाट चंपावत निवासी मुकेश सिंह बोहरा व भारती बोहरा की पुत्री इशिता बोहरा ने 600 में 495 अंक के साथ दूसरा और हनीमैन इनक्लेव कॉलोनी कुसुमखेड़ा हल्द्वानी निवासी प्रकाश चंद्र पांडे व प्रभा पांडे के पुत्र प्रतीक पांडे ने भी 600 में से 495 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं स्नातकोत्तर की प्रवेश परीक्षा में पंतनगर विवि परिसर के टा कॉलोनी निवासी माधवी होरे की मेधावी पुत्री धृति होरे ने 600 में 470 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया। धृति पंतनगर विवि में बीएससी फिशरीज की छात्रा हैं। जबकि लार्ड कृष्णा ग्रीन केदारपुर देहरादून निवासी महावीर सिंह सजवाण व ममता सजवाण की पुत्री ऐमी सजवाण 600 में 392 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। ऐमी दून विवि में लाइफ साइंस की छात्रा हैं।

इसके अलावा टीएस कॉलोनी रोशनबाग गैस गोदाम कुसुमखेड़ा हल्द्वानी निवासी नवीन चंद्र भट्ट व निर्मला भट्ट की पुत्री शिप्रवी पाठक ने 600 में 380 अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। शिप्रवी कुमाऊं विवि में लाइफ साइंस की छात्रा हैं। एमसीए की प्रवेश परीक्षा में न्यू कृष्णा कॉलोनी जवाहर नगर निवासी राना प्रताप सिंह व मीना सिंह के पुत्र गौरव कुमार सिंह ने 600 में 375 अंक हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। गौरव कुमाऊं विवि में एमएससी गणित के छात्र रहे हैं। वहीं जग्गी बंगर हल्दूचैड़ लालकुआं निवासी दीपक कुमार पाठक व जानकी पाठक के पुत्र गौरव पाठक ने 600 में 371 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। गौरव ग्राफिक एरा हिल विवि से बीसीए का कोर्स कर रहे हैं। जबकि निर्मला स्कूल काठगोदाम निवासी राजेश चंद्र पांडेय व पूनम पांडेय की पुत्री हिमानी पांडेय ने 600 में 362 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया है। हिमानी दिल्ली विवि में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं।

परीक्षा परिणाम जारी करने के दौरान कुलसचिव डॉ. दीपा विनय, कार्यवाहक डीन कृषि डॉ. एमएस पाल, डीन वेटरिनरी डॉ. एसपी सिंह मौजूद रहे।

### जुलाई में होगी काउंसलिंग

पंतनगर : परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि विवि के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा परिणामों की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। इसमें स्नातक स्तरीय एग्रीकल्चर (ऑनर्स) के लिए 130 सीटों, कम्यूनिटी साइंस (ऑनर्स) की 70, वेटरिनरी साइंस की 65, फिशरीज की 24, बीटेक फूडटेक की 30 व बीटेक बायोटेक के लिए 40 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इसमें बीटेक फूडटेक व बीटेक बायोटेक में पहले से स्ववित्त पोषित सीटें रखी गई हैं। इसके अलावा एग्रीकल्चर में 26 स्ववित्त पोषित सीट में से 13 उत्तराखंड के अभ्यर्थियों व 13 अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए, कम्यूनिटी साइंस में पांच सीटें उत्तराखंड के अभ्यर्थियों व पांच अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए हैं। जबकि वेटरनरी में 12 सीटें उत्तराखंड के अभ्यर्थियों व 12 अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों के लिए और फिशरीज में दो उत्तराखंड राज्य के अभ्यर्थी व दो सीटों पर अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। डॉ. सिंह ने बताया काउंसिलिंग जुलाई में आयोजित की जाएगी, जिसकी सूचना अलग से अभ्यर्थियों को दी जाएगी।

### पॉश कॉलोनी बन गई कुत्ते- बिल्लियों की शरणस्थली

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** वार्ड-16 स्थित एक पॉश कॉलोनी इन दिनों आवारा कुत्तों और बिल्लियों की शरणस्थली बनती जा रही है। इससे आजिज स्थानीय बाशिंदों ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर समाधान निकालने की मांग की।

वसुंधरा गुरबख्श ग्रीन कॉलोनी के लोगों का कहना है कि कॉलोनी में करीब 100 से अधिक परिवार रहते हैं। तीन माह से कॉलोनी के अंदर आवारा कुत्तों और जंगली बिल्लियों का जमावड़ा लगा रहता है। आवारा जानवरों ने कॉलोनी को अपना डेरा बना लिया है। इससे कॉलोनी के लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बताया कि अक्सर जानवर हिंसक हो जाते हैं और आसपास से गुजरने वाले लोगों को काट रहे हैं। इसके अलावा संक्रमण बीमारी भी फैलने का खतरा बना रहता है। कहा कि कई बार इस संबंध में नगर निगम को अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

उन्होंने आवारा जानवरों से निजात दिलाने की मांग की। इस मौके पर चरन जीत सिंह, बीएस जोशी, अभिषेक गुप्ता, हरीश चंद्र, जितेंद्र सिंह, सुनीता शर्मा आदि मौजूद रहे।

# बाथरूम में करंट आने से युवक झुलसा, लोग भड़के

### घरों के ऊपर से जा रही विद्युत लाइन हटाने को लेकर प्रदर्शन, करंट इतना तेज था कि युवक के कपड़ों में तक आग लग गई, हालत गंभीर

संवाददाता, गदरपुर


गदरपुर में विद्युत लाइन को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते वार्ड वासी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** 33 केवीए विद्युत लाइन से घर में करंट आने से युवक बुरी तरह झुलस गया। इससे भड़के वार्ड वासियों ने घर के ऊपर से गुजर रही 33 केवीए की लाइन को हटाने के लिए विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

सिनेमा रोड वार्ड नंबर 3 निवासी मेवाराम के घर के ऊपर से 33 हजार केवीए की लाइन निकल रही है। शनिवार को मेवाराम का पुत्र विशेष प्रातः 9 बजे नहाने के लिए बाथरूम में गया। बाथरूम में उसे तगड़ा करंट लग गया और उसके कपड़ों में आग लग गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह आग पर काबू पाया। विशेष की गंभीर हालत को देखते हुए परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से चिकित्सकों ने उसे रुद्रपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे रुद्रपुर के निजी अस्पताल में ले गए वहां से उसे दिल्ली के लिए रेफर कर दिया गया। विशेष के भाई वेद राम ने थाने में विद्युत विभाग के खिलाफ तहरीर देकर कहा कि उसके घर के ऊपर से 33 केवीए की लाइन गुजर रही है। लाइन से उसके घर में करंट आ गया जिससे विशेष बुरी तरह झुलस गया। उधर देर शाम राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में दर्जनों वार्ड वासियों ने विद्युत लाइन हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वार्ड वासियों का कहना था कि कई बार विद्युत विभाग को लाइन हटाने के लिए कहा गया है। लेकिन विद्युत विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी वजह से युवक जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। वार्ड वासी राजेंद्र सिंह का कहना था कि अगर विद्युत विभाग द्वारा घरों के ऊपर से जा रही विद्युत लाइन को नहीं हटाया गया तो विद्युत विभाग के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में परमजीत कौर, फरमान, वेदराम सिंह, गुलफाम, अजय, मनीष, नजाकत, रिजवान, अख्तर, सोमवती, प्रीति, सुमन, गोमती, उषा, माया, ज्योति सोनिया, पूनम आदि मौजूद थे।


दिनेशपुर के झंडा तिराहा चक्कीमोड़ में विद्युत कटौती के खिलाफ प्रदर्शन करते उपभोक्ता। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर में विद्युत कटौती के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती से भड़के उपभोक्ताओं ने चक्कीमोड़ झंडा तिराहे पर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने अल्टीमेटम दिया कि तीन दिन के अंदर विद्युत कटौती बंद नहीं की गई तो उपभोक्ता विद्युत सबस्टेशन (विद्युत उपकेंद्र) में धरना प्रदर्शन करेंगे। शनिवार को चक्कीमोड़ झंडा तिराहे पर व्यापारी नेता महेश बुधौरी व किसान नेता चंचल सिंह देऊपा के नेतृत्व में दर्जनों लोग एकत्रित हुए। उनका आरोप था कि अक्सर विद्युत कटौती होने से भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। वहीं क्षेत्र के लघु उद्योग ठप पड़े हैं एवं जल संस्थान द्वारा पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। व्यापारी नेता महेश बुधौरी ने कहा अघोषित विद्युत कटौती के चलते व्यापार प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र में लगे लघु उद्योग व जल संस्थान की पेयजल आपूर्ति ठप रह रही है। किसान नेता चंचल सिंह देऊपा ने कहा कि विद्युत कटौती के चलते किसानों द्वारा लगाए गए आर्टिजन व ट्यूबवेल बंद पड़े हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि तीन दिन के भीतर विद्युत व्यवस्था सुचारु रुप से शुरू न करने पर क्षेत्र के उपभोक्ता विद्युत उप संस्थान दिनेशपुर में प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। अवर अभियंता अफसान शैफी ने बताया कि भीषण गर्मी व अत्यधिक लोड होने से भदईपुरा (रुद्रपुर) से दिनेशपुर विद्युत उपसंस्थान आ रही 33 केवी विद्युत लाइन में फाल्ट आ जाने से अक्सर विद्युत कटौती हो रही है। प्रदर्शन करने वालों में विक्रम सिंह नगरकोटी, गुलशन कुमार, गुड्डू मनराल, चंचल सिंह देऊपा, कन्हई सिंह, महेश बुधौरी, मनोज आर्या, हरीश खोलिया, वीर सिंह, राम सिंह मेहता, फूल सिंह, गगन राजपूत, ललित खोलिया, चंद्रमणि देवराड़ी आदि मौजूद थे।

### खटीमा के ग्रामीण क्षेत्रों की दस घंटे बिजली ठप

**खटीमाः** हल्दी घेरा विद्युत सब स्टेशन के ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी के चलते क्षेत्र के कई गांवों में करीब 10 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप है। अलबत्ता विद्युतकर्मी खराबी को दुरुस्त करने में जुटे हैं। विद्युत खंड खटीमा के सब स्टेशन हल्दी घेरा में शनिवार सुबह छह बजे अचानक बिजली गुल हो गई। घंटों बिजली न आने पर ग्रामीणों ने जब जानकारी हासिल की तो पता चला कि लोहियाहेड और हल्दी घेरा के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी के चलते आपूर्ति ठप है। इससे पोलीगंज, चांदा, उलानी और चंदेली फीडर से जुड़े करीब 26 गांवों में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने सब स्टेशन का दौरा कर चल रहे काम का जायजा लिया और आपूर्ति शीघ्र चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाम तक आपूर्ति चालू हो जाएगी। बिजली न आने से लोगों को पानी की सप्लाई भी नहीं मिल सकी। टीम में जेई विनोद जोशी, जेई ओम प्रकाश, लाइनमैन जोसफ गिल, गुलाब सिंह, दीपक रावत, मनोज राणा, सुभाष राणा, मदन सिंह धामी, ननकू, गोपाल सिंह, जीत सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पीएनबी मैट लाइफ पालिसी संख्या-00001321 एवं Application No. 687593392 में नाम अनिल पाण्डे पुत्र गोपाल दत्त पाण्डे दर्ज है जबकि शैक्षिक अभिलेखानुसार मेरा नाम अनिल कुमार पाण्डे पुत्र गोपाल दत्त है। मुझे उक्त दोनों नामों से जाना व पढ़ा जाय। **अनिल कुमार पाण्डे पुत्र गोपाल दत्त निवासी गली नं. 1, भोजक कालोनी, लोहारियासाल तल्ला, हल्द्वानी।**

**NOTICE**

In my service records the DOB of my wife Karamjeet Kaur is wrongly recorded as 02.09.1979, whereas the correct DOB should be recorded as 15.10.1978. JC 501863 Rank Sub Gurcharan Singh S/o Sh. Joginder Singh R/o Vill. Kaliyawala tehsil Jaspur, U.S.Nagar Uttarakhand


जिलाधिकारी से मिलते गदरपुर विधायक अरविंद पांडे। ● अमृत विचार

### विधायक पांडे ने डीएम के समक्ष रखे कई मुद्दे

**रुद्रपुर :** गदरपुर विधायक ने विधानसभा से जुड़े कई मुद्दों को लेकर डीएम से मुलाकात की और समाधान की मांग की। इस पर डीएम ने आश्वासन दिया कि समस्याओं के निदान के प्रयास किए जाएंगे। शनिवार को मुलाकात के दौरान गदरपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री अरविंद पांडेय ने बताया कि गदरपुर महाविद्यालय के लिए चयनित भूमि पर कब्जा दिलाया जाए और भूमि का सीमांकन कर चारदीवारी बनाई जाएं। इसके अलावा गांव कोपा मुनस्यारी में वन भूमि पर मिट्टी भरान कर कच्ची सड़क का बनना बेहद जरूरी है। विधायक ने बताया कि स्टोन क्रशर के ओवरलोड वाहनों के कारण मुख्य मार्ग पर बजरी गिर जाती है। जिस कारण कई राहगीर सड़क हादसे का शिकार हो चुके हैं। ऐसे में ओवरलोड वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के ठोस कदम उठाए जाएं। विधायक द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर डीएम उदयराज सिंह ने जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

### नशे में पत्नी-बच्चों को घर से निकाला

**बाजपुरः** पति पर शराब के नशे में आए दिन गाली-गलौज व मारपीट करने तथा उसे तीन बच्चों समेत घर से निकालने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति आए दिन शराब के नशे में उसके साथ गाली-गलौज, लड़ाई-झगड़ा व मारपीट करता है तथा जान से मारने की धमकी देता है। आरोपी उसे जान से मारकर और शादी करने की बात कह रहा है। इतना ही नहीं अन्य ससुराल वाले भी उसकी मदद करने व समझाने के बजाय पति का ही साथ दे रहे हैं। ससुराल वालों के भड़काने पर आरोपी ने शुक्रवार को उसे तीनों बच्चों समेत मारपीट कर घर से निकाल दिया है।

# पंतनगर एयरपोर्ट पर किया गया राज्यपाल का स्वागत

संवाददाता, रुद्रपुर


एयरपोर्ट पर राज्यपाल को बुके देते डीएम।

**अमृत विचार :** दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम पर निकले राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह का पंतनगर एयरपोर्ट पहुंचने पर आला अधिकारियों ने बुके देकर स्वागत किया और आपसी अनुभव साझा किये।

शनिवार को पंतनगर एयरपोर्ट पर राज्यपाल का विमान उतरने की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी उदयराज सिंह और एसएसपी मंजूनाथ टीसी अधीनस्थों के साथ एयरपोर्ट पहुंचे। जहां उन्होंने बुके देकर राज्यपाल गुरमीत सिंह का स्वागत किया और पंतनगर विश्राम गृह में अनुभवों को साझा किया। इससे पहले राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान पता चला कि राज्यपाल रात्रि विश्राम करने के बाद रविवार की सुबह नौ बजे तराई भवन से कार द्वारा बनबसा चंपावत के लिए प्रस्थान करेंगे और बनबसा से साढे.12 बजे के करीब प्रस्थान कर डेढ़ बजे नानकमत्ता गुरुद्वारा साहिब पहुंचेंगे। ढाई बजे वह कार द्वारा नैनीताल के लिए प्रस्थान करेंगे। इस मौके पर सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, एसडीएम मनीष बिष्ट, एसपी काशीपुर अभय प्रताप सिंह, राकेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज 4x5 सेमी 600/- रु.
साइज 4x6 सेमी 720/- रु.
साइज 4x7 सेमी 840/- रु.
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति
रुद्रपुर जनपद ऊधमसिंह नगर
पत्रांक : कृ०उ०म०स०/ दु०आ० (स्व०वि०यो०)/134 दिनांक : 18/06/2024
स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत दुकानों के पंजीकरण हेतु सूचना
कृषि उत्पादन मण्डी समिति, रूद्रपुर के गल्ला मण्डी फाजलपुर महरौला रामपुर रोड (झा इण्टर कालेज के समीप) रूद्रपुर, में नव निर्मित गल्ला मण्डी स्थल की 100 दुकानों का स्ववित्त पोषित योजना के अन्तर्गत निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। अतः मण्डी समिति रूद्रपुर से लाईसेन्स प्राप्त खाद्यान के दुकान विहिन लाइसेंसधारी थोक व्यापारियों, आढ़तियों तथा थोक व्यापारी एवं आढ़तिया को सूचित किया जाता है कि वे दिनांकः 08.07.2024 तक निर्धारित प्रार्थना पत्र पर रू० 50,000.00 पंजीकरण शुल्क समिति के कार्यालय में नकद अथवा बैंक डाफ्ट के माध्यम से जमा कर दें। स्ववित्त पोषित योजना की नियमावली एवं आवेदन पत्र का प्रारूप रू० 500.00+28%G.S.T के नकद भुगतान पर किसी कार्यदिवस में समिति कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता हैं। उपरोक्त दुकानों के लिये जिन थोक व्यापारी एवं आढ़तिया द्वारा पूर्व में फॉर्म भरकर पंजीकरण करा दिया गया है, उन्हें फॉर्म भरने की दुबारा आवश्यकता नही है। पूर्व पंजीकरण ही मान्य होगा।
निर्धारित तिथि के उपरान्त किसी भी व्यापारी का प्रार्थना पत्र एवं पंजीकरण शुल्क स्वीकार नहीं किया जायेगा।
(विश्वविजय सिंह देव) सचिव श्रेणी-1
(मनीष बिष्ट) प्रभारी अधिकारी

# सीएम पोर्टल की समस्याओं का समाधान

संवाददाता, रुद्रपुर


सीएम पोर्टल सहित समस्याओं की समीक्षा कर समाधान करते सीडीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकास भवन सभागार में सीएम पोर्टल, तीस सूत्रीय कार्यक्रम, बीस सूत्रीय कार्यक्रम, सीएम घोषणा, सीएम हेल्पलाइन, एनीमिया मुक्त भारत, एसडीजी की प्रगति, अंतर्विभागीय प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। इस दौरान सीडीओ ने कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया। उन्होंने अधीनस्थों को आदेशित किया कि सीएम पोर्टल सहित शिकायतों पर विशेष ध्यान देकर समयानुसार समाधान करें।

शनिवार को समीक्षा के दौरान सीडीओ ने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों पर विभागवार चर्चा की व जल्द निदान के आदेश दिए। इसके अलावा सीएम द्वारा की गई घोषणाओं की कार्य करने और जिन घोषणाओं की अभी तक डीपीआर नहीं बनी, उसे तत्काल बनाने का आदेश दिया। सांसद आदर्श ग्राम योजना में सांसद द्वारा गोद लिए गए गांव के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने विभागों को आपसी तालमेल बनाकर सभी मूलभूत सुविधाओं मुहैया कराने का आदेश दि या। इसके अलावा राज्य,केंद्र व जिला योजना के तहत आवंटित बजट का शत-प्रतिशत सदु प्रयोग कर लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने का भी आदेश दिया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा, सीईओ केएस रावत, डीडीओ सुशील मोहन डोभाल, प्रभारी अधिकारी अमृता शर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जीएम उद्योग विपिन कुमार, डॉ. एके वर्मा, अभिहित अधिकारी प्रकाश चंद फुलारा, संगीता आर्या, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी नफील जमील आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### वन संरक्षण अधिनियम व चोरी के मामले में मिली आरोपियों को जमानत

**काशीपुर :** वन संरक्षण अधिनियम व चोरी के मामले में न्यायालय ने आरोपित को जमानत दे दी है। काशीपुर पुलिस ने बीती 17 जून को सागौन व शीशम के गिल्टे बरामद किए थे। इसमें मौके से रिजवान अली निवासी अलीनगर स्वार रामपुर और रईस अहमद निवासी स्वार जिला रामपुर को पकड़ा गया था। इसके उपरांत अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल, मुनिदेव विश्नोई व भारत भूषण के माध्यम से अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर के यहां जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। कहा कि विशेष अधिनियम के मामले में आईपीसी नहीं लगती है और पुलिस द्वारा कोई 41 सीआरपीसी का नोटिस भी नहीं दिया गया है। अधिवक्ता की बहस व तर्कों से संतुष्ट होकर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट काशीपुर द्वारा आरोपियों को जमानत दी गई।

### चाकू सहित युवक को किया गिरफ्तार

**काशीपुर :** संदिग्ध अवस्था में चहलकदमी करते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने एक नाजायज चाकू बरामद किया है। आरोपी का पुलिस ने आर्म्स एक्ट में चालान किया है। शुक्रवार रात कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान बैलजुड़ी तिराहे पर ढेला पुल की ओर संदिग्ध अवस्था में चहल कदमी करते वार्ड नं. 20 जसपुर निवासी नाजिम को गिरफ्तार किया। उसके पास से पुलिस को एक नाजायज चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है तथा नशे की लत का पूरा करने के लिए घर से दूर आकर चोरी व चाकू दिखाकर छीना-छपटी करता है। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट के तहत चालान किया है। पुलिस टीम में एएसआई दीपक चौहान व कांस्टेबल कैलाश राणा शामिल रहे।

### ड्यूटी के लिए निकली नगर निगम की कर्मी लापता

**काशीपुर :** ड्यूटी के लिए घर से निकली नगर निगम की महिला कर्मी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। मोहल्ला कटरामालियान निवासी संदीप गोस्वामी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 18 जून की सुबह उसकी 58 वर्षीय माता कमलेश गोस्वामी रोजाना की भांति नगर निगम में ड्यूटी के लिए निकली थी और वहां से दीनदयाल पार्क, आवास विकास जाना था। लेकिन वह वहां नहीं पहुंची और न ही घर वापस आई। तमाम संभावित स्थानों पर उनकी तलाश की गई। लेकिन उनका कहीं कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

---

**कोषाध्यक्ष ने लगाया मैनेजर-अध्यक्ष पर आरोप, बोले मैनेजर- द्वेष भावना से किया जा रहा बदनाम, सीओ ने कहा-पुलिस साक्ष्यों के आधार पर करेगी कार्रवाई**

# गुरुनानक शिक्षा समिति पर लगाया 31.26 लाख गबन का आरोप

विवाद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर की शैक्षिक संस्था गुरुनानक शिक्षा समिति पर लाखों रुपये गबन करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर जहां कोषाध्यक्ष ने समिति के मैनेजर और अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं मैनेजर महज इसे द्वेष भावना से बदनाम करने की साजिश बता रहे हैं। उनका कहना है कि 31.26 लाख गबन नहीं, बल्कि बैंक की गलती और विद्यालय के कर्मचारी द्वारा फर्जीवाड़ा किया गया। इसका पैसा वर्ष 2023 में ही बैंक द्वारा अपनी गलती मानकर जमा कर दिया है। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के तीर शहर में चर्चा का विषय बन गए हैं।

गुरुनानक शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष अमरदीप ने समिति के खाते से हेराफेरी कर 113 चेकों के माध्यम से 32 लाख रुपये का गबन करने का आरोप लगाया था। 18 अगस्त 2023 को पुलिस महानिदेशक को भेजे गए शिकायती पत्र में उनका आरोप था कि वर्तमान शिक्षा समिति के मैनेजर गुरमीत सिंह व अध्यक्ष दिल राज सिंह ने विद्यालय के एक कर्मचारी के साथ मिलकर 113 चेकों के माध्यम से गबन किया। जब मामले की जांच सीओ सदर द्वारा शुरू की गई, तो आरोपी अपना बयान देने नहीं जा रहे हैं, जबकि वह दो बार अपने बयान दर्ज करा चुके हैं। शैक्षिक समिति पर लगे गबन के आरोप के बाद कोषाध्यक्ष और समिति के मैनेजर आमने-सामने हो गए और आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। शनिवार को सोशल मीडिया में कोषाध्यक्ष और जांच अधिकारी सीओ सदर का इंटरव्यू चर्चा का विषय बन गया।

वहीं मैनेजर गुरमीत सिंह ने महज इसे द्वेष भावना के तहत बदनाम करने की साजिश करार दिया है। उनका मानना है कि 32 लाख नहीं, बल्कि 17 लाख का फर्जीवाड़ा हुआ था। मामले को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोपों के तीर छोड़ रहे हैं।



> वह गुरुनानक शिक्षा समिति रुद्रपुर के आजीवन सदस्य हैं और वर्तमान में समिति के कोषाध्यक्ष पद पर हैं। गबन की जानकारी मिलते ही 18 अगस्त 2023 को पुलिस महानिदेशक को शिकायती पत्र देकर प्रकरण की जांच का मुद्दा उठाया गया। गबन प्रकरण समिति के मैनेजर गुरमीत सिंह व वर्तमान अध्यक्ष दिलराज सिंह ने अपने एक कर्मचारी के साथ मिलकर सेल्फ चेक पर फर्जी हस्ताक्षर कर 31.26 लाख का गबन किया और दो बार नोटिस भेजने के बाद भी सीओ कार्यालय में पेश नहीं हुए। इससे साफ हो गया है आरोपी अपने बचाव की कोशिश कर रहे हैं।
>
> **-अमरजीत सिंह**, कोषाध्यक्ष गुरु नानक शिक्षा समिति



> गुरुनानक शिक्षा समिति द्वारा कोई भी गबन नहीं किया, बल्कि वास्तविकता यह है कि विद्यालय के एक कर्मचारी ने चेक में हेराफेरी कर बैंक से 17 लाख रुपये का भुगतान किया था। जब इसकी जानकारी हुई, तो समिति ने तत्काल कार्रवाई की। वहीं बैंक ने भी माना कि समिति का इसमें कोई दोष नहीं है, बल्कि बैंक की गलती से रकम का भुगतान किया। प्रबंधक द्वारा क्लीन चिट भी दी गई है और 17 जून 2023 को ही 17 लाख की रकम बैंक द्वारा जमा कराई गई। आरोपी कर्मचारी पर कार्रवाई की गई। ऐसे में प्रकरण के पटाक्षेप के एक साल बाद कोषाध्यक्ष अमरजीत सिंह को गबन की चिंता हुई। द्वेष भावना के तहत बदनाम करने की साजिश रची गई है और सीओ के समक्ष सभी दस्तावेजों के साथ साक्ष्य पेश किए जाएंगे व प्रकरण का पर्दाफाश किया जाएगा।
>
> **- गुरमीत सिंह,** मैनेजर गुरु नानक शिक्षा समिति



> गुरुनानक शिक्षा समिति के कोषाध्यक्ष द्वारा एक शिकायती पत्र दिया गया था। इसमें कोषाध्यक्ष द्वारा समिति के मैनेजर और अध्यक्ष पर 31.26 लाख रुपये का गबन करने का आरोप लगाया था। मामले की जांच करते हुए दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता के बयान दर्ज करने के बाद आरोपी पक्ष के लोगों को नोटिस भेज दिया गया है। पुलिस साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।
>
> **-निहारिका तोमर**, सीओ सदर रुद्रपुर

---

# प्रसव के बाद रक्तस्राव से महिला की मौत लापरवाही पर परिजनों ने काटा हंगामा

**बच्चे को दिया जन्म, चिकित्सकों पर लगाया आरोप, पुलिस ने पहुंचकर लोगों को समझाया**

आक्रोश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** मुरादाबाद रोड स्थित एक हॉस्पिटल में प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया। लेकिन हायर सेंटर पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। मृतका के परिजन उसका शव वापस हॉस्पिटल ले आए। उन्होंने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा काटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाकर शांत किया। शव पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया है।

मंडी चौकी क्षेत्र स्थित एक हॉस्पिटल में ग्राम कुंडेश्वरा, टांडा, रामपुर निवासी राजवीर सिंह ने अपनी 27 वर्षीया पत्नी अंशु रानी को प्रसव पीड़ा होने पर 20 जून को मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार को दोपहर दो बजे उसने आपरेशन से एक बेटे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद अंशु को रक्तस्राव होने लगा। रक्तस्राव से महिला की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे आनन-फानन में मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां एक निजी अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत से लोगों का आक्रोश भड़क उठा। शव को लेकर परिजन वापस काशीपुर स्थित संबंधित निजी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों पर इलाज में कोताही बरतने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। सूचना पर मंडी चौकी प्रभारी मनोहर चंद्र पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने भड़के लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मंडी चौकी प्रभारी मनोहर जोशी ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

### शर्मनाक : अस्पताल की मेज पर गर्भवती को देना पड़ा शिशु को जन्म

**नर्स व आशा कार्यकर्ता पर लापरवाही का आरोप**

**बाजपुर :** सरकारी अस्पताल में तैनात एक नर्स व एक आशा कार्यकर्ता की लापरवाही की वजह से गर्भवती ने अस्पताल की मेज पर शिशु को जन्म दे दिया। आरोप है कि स्वस्थ होने के बावजूद कुछ पैसों के लालच में आकर नवजात शिशु को बिना पूछे ही प्राइवेट हास्पिटल में ले जाकर जीवन रक्षक मशीन में रखवा दिया जिसमें शिशु के पिता को बेवजह 13 हजार रुपये का खर्च वहन करना पड़ा है। पीड़ित ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मामले की लिखित शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्राम लखनपुर निवासी विशाल ने बताया कि उसकी गर्भवती पत्नी की तबियत खराब होने पर 19 जून की शाम करीब 6 बजे आशा कार्यकर्ता के माध्यम से सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां पर जांच इत्यादि करवा कर बाहर मेज पर लेटा दिया और उसके अनुरोध के बावजूद आशा कार्यकर्ता उसे अस्पताल में छोड़कर अपने घर चली गई। रात में पत्नी की तबियत बिगड़ती चली गई, जबकि वहां पर कोई भी नर्स नहीं थी। आरोप है कि कई बार नर्स को बुलाया गया, लेकिन वह नहीं आई। जिसके चलते गर्भवती महिला की बाहर मेज पर लेटे हुए ही डिलीवरी हो गई। इतना ही नहीं डिलीवरी के दौरान चीख-पुकार की आवाज होने पर भी कोई निकलकर नहीं आया। कुछ देर बाद आशा व नर्स आई तो परिवार वालों ने डिलीवरी बाहर ही होने की बात कही। जिस पर नर्स ने जवाब दिया कि उन्हें केवल एक यही काम नहीं है, जो तुम्हारे पीछे-पीछे लगे रहे। इतना कहकर नर्स वहां सफाई आदि कार्य करने लगी। यह आरोप भी लगाया है कि आशा कार्यकर्ता नवजात शिशु को लेकर बाहर आ गई और कहने लगी कि इसकी हालत खराब है। इसके बाद स्वजनों से बिना पूछे ही शिशु को मुख्यमार्ग स्थित एक हास्पिटल में ले जाकर जीवनरक्षक मशीन में रखवा दिया। जिसका 24 घंटे का 13,000 रुपये का बिल बना, जोकि विशाल को अदा करना पड़ा। कहा कि डिलीवरी होने पर उसका पुत्र बिलकुल स्वस्थ था। आशा कार्यकर्ता द्वारा जान-बूझकर अपने लाभ के चलते उसे प्राइवेट हास्पिटल में मशीन में रखवाया गया। वहीं सरकारी अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डा.पीडी गुप्ता ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और सरकारी अस्पताल में बाहर मेज पर ही डिलीवरी होना गंभीर विषय है। कहा कि पूरे प्रकरण की निष्पक्षता के साथ जांच करवाई जा रही है।

---

## पत्नी की डिलीवरी के बहाने हड़पे 1.12 लाख रुपये

**रुद्रपुर, अमृत विचार :** सिडकुल की कंपनी में कार्यरत महिला श्रमिक ने सहकर्मी पर पत्नी की डिलीवरी का बहाना बनाकर लाखों रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

थाना ट्रांजिट कैंप के जगतपुरा की रहने वाली सलोनी ने बताया कि वह व उसका भाई सिडकुल की एक कंपनी में काम करते हैं। उनके साथ ही एक दंपति भी कार्य करता है। आरोप था कि सहकर्मी ने अपनी पत्नी की डिलीवरी के बहाने 1.12 लाख रुपये मांगे और चार माह के अंदर वापस करने की बात कही। खुद के पास इतनी बड़ी रकम नहीं होने पर उसने अपनी बहन से नगदी लेकर आरोपी सिडकुल कर्मी को दी थी। आरोप था कि आरोपी ने रकम लेते वक्त यह कहा था कि 1.12 लाख की देनदारी का जिक्र उसकी पत्नी से नहीं करे, क्योंकि उसे दो बार अटैक आ चुका है। आरोप था कि रकम लेने के बाद आरोपी सिडकुल कर्मी ने पैसा वापस नहीं किया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

# गौशाला में आग से सात मवेशियों की गई जान



गौशाला में लगी आग बुझाते फायर कर्मी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अग्निकांड**

- कुंडेश्वरी क्षेत्र में स्थित एक गौशाला में अचानक आग लगने से मचा हड़कंप

**अमृत विचार :** काशीपुर के कुंडेश्वरी क्षेत्र स्थित ग्राम शिवलालपुर डल्लू में एक गौशाला में अचानक आग लग गई। देखते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। गौशाला में बंधे सात मवेशी व एक बाइक आग में जल गए। सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। वहीं अग्निशमन विभाग ने अधिकारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

शनिवार को ग्राम शिवलालपुर डल्लू स्थित एक गौशाला में आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी। अग्निशमन के काशीपुर प्रभारी गोविंद राम ने बताया कि दो घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने बताया कि आग की घटना में सात मवेशियों की मौत हो गई। इसमें पांच गाय जबकि दो बछड़े शामिल हैं। साथ ही एक मोटरसाइकिल समेत अन्य घरेलू सामान भी जल गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस दौरान फायर टीम में रामकुमार, संदीप शर्मा, सुमित पवार, विनोद कुमार, अमरीश कुमार, पुष्कर सिंह, जगदीश कांडपाल, सनी कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

---

# गमगीन माहौल में किया विवाहिता का अंतिम संस्कार

**वर्षा हत्याकांड**

- विवाद की आशंका के चलते परिजन ससुराल नहीं ले गए शव
- राजस्थान में गोली मारकर की गई विवाहिता की हत्या का मामला

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** राजस्थान में गोली मारकर की गई जसपुर की विवाहिता की हत्या के बाद शनिवार को विवाहिता का शव मायके में पहुंचा। इस दौरान परिवार में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में मृतका का अंतिम संस्कार किया गया।



वर्षा (फाइल फोटो)।

जसपुर के मोहल्ला चौहान निवासी विशाल कुमार अपनी पत्नी 35 वर्षीय वर्षा को विगत 13 जून को किराए की कार से खाटू श्याम बाबा के दर्शन कराने राजस्थान ले गया था। इसी दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में गोली मारकर उसकी हत्या हो गई थी। बुधवार को उसका शव जिला पाली, राजस्थान के थाना सोजत सिटी के अंतर्गत बिलाड़ा मोड़ मार्ग पर लावारिस हालत में पड़ा पाया गया था। घटना के बाद से मृतका का पति व कार चालक गांव मंडुवा खेड़ा, जसपुर निवासी मन्नू फरार थे। घटना का पता चलने पर मृतका के पिता उत्तर प्रदेश के थाना रेहड़, बिजनौर के गांव उदयपुर निवासी यशपाल सिंह चौहान व भाई हिमांशु चौहान ने राजस्थान पहुंचकर पति विशाल कुमार, चालक समेत ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को उसके पिता व भाई को सौंप दिया था। वे शव को लेकर शुक्रवार देर रात अपने गांव उदयपुर पहुंचे। विवाहिता का शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया और उसके पिता के घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भीड़ लग गई।

मृतका के पिता ने बताया कि किसी प्रकार का कोई विवाद पैदा होने की आशंका के कारण ससुराल में अंत्येष्टि न करके अपने गांव उदयपुर (मायके) में ही कर दी। मृतका को उसके भाई हिमांशु चौहान ने मुखाग्नि दी।

### बेटी नहीं कर पाई मां के अंतिम दर्शन

**जसपुर :** मृतका के पिता ने बताया कि वर्षा की 7 वर्षीय पुत्री परी अपनी मां के अंतिम दर्शन नहीं कर पाई। क्योंकि अपनी मां वर्षा की हत्या हो जाने के बाद से वह अपने पिता विशाल के परिवार के पास ही रह रही है। विशाल उसे उसकी मां के साथ राजस्थान नहीं ले गया था।

### पति और चालक को अपने साथ ले गई पुलिस

**जसपुर :** विवाहिता की हत्या के मामले में राजस्थान की थाना सोजत सिटी पुलिस आरोपी पति व घटना में उसके सहयोगी रहे कार चालक मन्नू को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई है। उनसे घटना के संबंध पूछताछ किए जाने की जानकारी मिली है। हालांकि संबंधित थाना पुलिस से अभी इस बात की पुष्टि नहीं हो पा रही है। संबंधित मुकदमे में वांछित अन्य आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताए गए हैं।

---

**अतिक्रमण** | व्यापारियों ने किया प्रदर्शन, ठेले-फड़ हटने पर हुआ धरना समाप्त

# सड़क से ठेले-फड़ हटाने को लेकर धरना

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्य चौक से सब्जी मंडी तक जाने वाले खड़ंजा रोड पर लगने वाले ठेले और फड़ों को लेकर मार्ग के व्यापारियों ने सड़क पर धरना दिया। पुलिस प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटवाने के बाद व्यापारियों ने धरना समाप्त किया।

नगरपालिका के निवर्तमान सभासद एवं व्यापारी नीरज रस्तोगी के नेतृत्व में खड़ंजा रोड के व्यापारी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मार्ग पर ही दरी बिछाकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि मार्ग के बीच लगने वाले फड़ और ठेलों से व्यस्ततम मार्ग पर आम आदमी का निकलना दूभर हो गया है। सब्जी और मनिहारी बाजार से लगे होने के कारण इस मार्ग पर महिलाओं का आवागमन अधिक रहता है। भीड़ भाड़ के चलते कई बार उठाईगीर महिलाओं के पर्स पार कर देते हैं। धरने की सूचना पर मौके पर पहुंचे तहसीलदार हिमांशु जोशी ने व्यापारियों से बात की। बाद में ठेले, फड़ आदि हटवाने पर व्यापारियों ने अपना धरना समाप्त किया। निवर्तमान सभासद रस्तोगी ने बताया कि इस अतिक्रमण को पूरी तरह हटाने को लेकर सोमवार को पालिका सभागार में बैठक आयोजित की गई है ताकि इस मार्ग पर भविष्य में भी ठेले, फड़ आदि न लगें। इस अवसर पर एसएसआई अशोक कुमार, बाजार चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल, सतीश गोयल, सतीश भट्ट, धीरज अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अमित वर्मा, अनुराग वर्मा, सुभाष पंचोली, कासिम सिद्धकी, तसबर अली फारूकी, संजय रस्तोगी, ओम प्रकाश अग्रवाल, दिनेश भट्ट, सलीम, जुनेद, बबलू, अनुपम वर्मा, राजीव साहू,ठाकुर जितेंद्र सिंह, विक्की गुप्ता, रेवती वर्मा, सोनू रोहेला, मनोज बत्रा, प्रेम चौधरी, अरविंद , मोहमद कमर, अमरदीप आदि मौजूद रहे।



खटीमा के खड़ंजा मार्ग पर धरने पर बैठे व्यापारी। ● अमृत विचार

### हत्या के मामले में निर्दोष युवक को परेशान करने का आरोप लगाया

**जसपुर :** राजस्थान में गोली मारकर विवाहिता की हत्या किए जाने के मामले में जसपुर पुलिस ने अस्पताल रोड निवासी एक निर्दोष युवक को उठा कर अनावश्यक रूप से परेशान किया। पुलिस उक्त युवक को घटना से संबंधित कार का चालक बताकर कोतवाली की पतरामपुर पुलिस चौकी में ले गई। इस दौरान पुलिस ने इस युवक को करीब 3 घंटे बैठाए रखा और उसे अनावश्यक प्रताड़ित कर से घटना के संबंध में पूछताछ की। जबकि वह उक्त कार का चालक नहीं था। वह बार-बार मना कर रहा था कि उसे घटना के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। वह पेयजल सप्लाई का काम करता है। लोगों का कहना है कि जब मृतका के मायके वालों द्वारा घटना के संबंध में दी गई तहरीर में संबंधित कार चालक का नाम व पता स्पष्ट रूप से दिया गया है, तो पुलिस द्वारा इस युवक को मानसिक रूप से पीड़ित किया जाना सरासर गलत है।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### चोरी की दो बाइक के साथ किशोर गिरफ्तार

काशीपुर। आईटीआई थाना क्षेत्र से अलग-अलग स्थानों से दो बाइक चोरी हो गईं। पुलिस ने इस मामले में एक किशोर को पकड़ा है। उसके कब्जे से पुलिस ने चोरी की दोनों बाइक बरामद हुई हैं। आर्यनगर डॉक्टर सिंह वाली गली निवासी गौरव अरोरा ने बताया कि उसके पिता बीते 10 नवंबर 2023 को बाइक से द्रोणा सागर घूमने गए थे। इस दौरान बाइक चोरी हो गई। उधर, द्रोणा विहार निवासी ईशू कुशवाहा ने बताया कि बीती 16 मई को उसके घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी खंगालते हुए द्रोणा सागर टीले के पीछे से एक किशोर को पकड़ा। उसके पास से पुलिस ने दोनों बाइक बरामद कर ली हैं।

### अवैध शराब के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार

खटीमा। कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अलावृद्धि निवासी मक्खन सिंह और उसके पुत्र कुलदीप सिंह को बाइक पर 30 लीटर अवैध शराब को लेकर जाते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया और बाइक सीज कर दी है।

# संत बाबा की याद में सालाना समागम

## संत बाबा मक्खन शाह लबाना की याद में खंबारी के गुरुद्वारा साहिब में किया आयोजन

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर में उत्तराखंड सर्वप्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो को सम्मानित करते बाबा सुखदेव सिंह।

**अमृत विचार :** संत बाबा मक्खन शाह लबाना की याद में ग्रामसभा खंबारी में स्थापित गुरुद्वारा साहिब में दिल्ली से आए संत बाबा सुखदेव सिंह व गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में सालाना समागम का आयोजन किया गया। इसमें अनेक राज्यों से शिरकत करने पहुंचे पंथ प्रचारकों ने गुरुवाणी के यशगान के साथ ही भाई मक्खन शाह लबाना के जीवन पर प्रकाश डाला।

शनिवार को भाई मक्खन लबाना की याद में रखे गए अखंड पाठ के भोग के उपरांत ग्रामसभा खंबारी में विशाल समागम प्रारंभ किया गया। इसमें पंथ प्रचारक भाई करतार सिंह ने कहा कि मक्खन शाह लबाना व्यापारी थे और उस समय इन्हें एक धर्मनिष्ठ सिख और लोबाना जनजाति के एक अमीर व्यापारी के रूप में जाना जाता था। भाई सुंदर सिंह, भाई संतोष सिंह, हरमीत सिंह द्वारा कथा व कीर्तन के माध्यम से संत बाबा मक्खन सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि व्यापारी रहते हुए भी मक्खन शाह लवाना ने धर्म-कर्म का काम करते हुए अपने आपको संत के समान रखा और अपने समाज के लिए आज भी पूजनीय हैं।

इस मौके पर दिल्ली से आए संत बाबा सुखदेव सिंह ने कहा कि आज का व्यक्ति स्वार्थ से प्रेरित होकर व्यापार करता है, जबकि लबाना साहिब ने धर्म-कर्म के कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए व्यापार को अपनाया और जीवनभर सेवा कार्य किया।

इस दौरान संत बाबा सुखदेव सिंह व ग्राम प्रधान संतोख सिंह द्वारा उत्तराखंड सर्वप्रदेश गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो, हरमीत सिंह बड़ैच, जसविंदर सिंह जस्सा सहित अन्य प्रांतों से आए प्रमुख लोगों को सरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष संतोख सिंह, निरंजन सिंह, पप्पू सिंह, अतर सिंह, चरण सिंह आदि मौजूद रहे।

# बकरी पालन पर वर्चुअल प्रशिक्षण

**पंतनगर, अमृत विचार :** विवि के समेटी-उत्तराखंड (प्रसार शिक्षा निदेशालय) एवं राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज) हैदराबाद की ओर से 'बकरी पालन-एक लाभकारी व्यवसाय' पर तीन-दिनी वर्चुअल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसका समापन शनिवार को हो गया।

निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेंद्र क्वात्रा ने कहा कि आय सृजन के लिए बकरी पालन विशेष रूप से लघु और सीमांत कृषकों के लिए वरदान साबित हो सकता है। इस व्यवसाय से बहुत कम समय में कई गुना आय बढ़ाई जा सकती हैं। प्राध्यापक डॉ. बीडी सिंह ने प्रशिक्षण की रूप-रेखा व मैनेज के समन्वयन से संचालित होने वाले कार्यक्रमों को बताया। मैनेज हैदराबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शाहजी फंड ने एग्री क्लीनिक व एग्री बिजनेस सेंटर सहित संस्थान से संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में उत्तराखंड सहित अन्य प्रदेशों के लगभग 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# ट्राले व कार की टक्कर में एक पर्यटक की मौत

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** हल्द्वानी मार्ग पर नैनीताल से बरेली लौट रहे पर्यटकों की कार ट्राले से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। घटना में कार सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बरेली निवासी तीन लोग देर रात्रि नैनीताल से कार पर घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि हल्द्वानी मार्ग पर बेनी बाजार के निकट कार संख्या यूपी 61- 6975 अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे ट्राले से टकराकर पलट गई। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस की टीम ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इस दौरान गंभीर रूप से घायल ग्राम हस्तपुर, मीरगंज, जिला बरेली निवासी हीरालाल एवं देवी, बरेली निवासी मुनीर अहमद एवं रवि कपूर को इलाज के लिए सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने 45 वर्षीय हीरालाल को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उप निरीक्षक राजेंद्र पंत ने बताया कि कार सवार तीनों लोग नैनीताल घूमने के बाद बरेली लौट रहे थे। अनुमान जताया जा रहा है कि कार चालक को झपकी आने के बाद कार दुर्घटना का शिकार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अन्य वाहन से पास लेने के बाद अचानक कार ट्रॉले से टकराने के बाद पलट गई। घटना की सूचना पर घायलों एवं मृतक के परिजन भी किच्छा पहुंच गए। घटना की जानकारी पर मृतक हीरालाल के परिजनों में कोहराम मच गया।

# नाले का रुख बदलने पर ग्रामीणों का प्रदर्शन


खटीमा के तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार :** उमरुखुर्द, अमाऊं और भुड़ाई के ग्रामीणों ने कुछ लोगों पर सीमा क्षेत्र पर बहने वाले नाले की भूमि पर कब्जा कर नाले का रुख बदलने का आरोप लगाते हुए तहसील कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

तहसीलदार को संबोधित ज्ञापन देते हुए लोगों ने कहा कि उत्तराखंड पेयजल निगम की आड़ ने कुछ लोग नाले की जमीन पर कब्जा कर नाले का रुख बदल दिया है। इससे बरसात में नाले का पानी घरों में घुसने की स्थिति पैदा हो गई है और मकानों को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा है कि नाले की भूमि पर कब्जा कर बदले गए रुख को पूर्व की भांति किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में विमला पांडेय, किशन सिंह कन्याल, प्रकाश जोशी, कविता देवी, कलावती, घनश्याम, जगदीश राणा, राजेंद्र, प्रताप सिंह, चंद्र बहादुर आदि थे।

# पड़ोसी से विवाद में महिला और बच्चे घायल

**काशीपुर।** पारिवारिक बातों को लेकर पड़ोसी से हुए विवाद में एक युवक की पत्नी समेत उसके पुत्र व पुत्री घायल हो गए। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पैगा चौकी पुलिस को दी तहरीर में पार का मंझरा धीमरखेड़ा निवासी राजकुमार ने बताया कि बीती 18 जून को उसके पड़ोसी अमर सिंह के साथ कुछ पारिवारिक बातों को लेकर झगड़ा हो गया था। इसमें उसके पुत्र विकास कुमार व पुत्री सलोनी व उसकी पत्नी सुनीता देवी को चोटें आयीं। मारपीट में अमर सिंह, मदन, राकेश पुत्र किशनलाल, अभिषेक, राहुल पुत्र अमर सिंह, प्रवेश देवी पत्नी अमर सिंह, अंकुर पुत्र मदन लाल तथा अन्य व्यक्ति भी शामिल थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रुद्रपुर में विवाह बंधन में बंधे सात निर्धन जोड़े


निर्धन वर-वधुओं को आशीर्वाद देते पूर्व विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

- रंपुरा चौरासी घंटा मंदिर में सामूहिक वैवाहिक समारोह
- निर्धन कन्याओं में खुशी, लोगों ने दिया आशीर्वाद

**अमृत विचार :** हर साल की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय कोली एवं कोरी समाज ने रंपुरा चौरासी घंटा मंदिर परिसर में सामूहिक विवाह का आयोजन किया।

इसमें सात निर्धन कन्याओं का मंत्रोच्चारण के बीच विवाह कराया गया और शहर के संभ्रांत नागरिकों ने नवविवाहित जोड़ों को खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। अपनी बेटियों को वैवाहिक जोड़े में देखकर परिवार में खुशी का माहौल देखने को मिला। शनिवार को कार्यक्रम संयोजक हिम्मत राम कोली और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की देखरेख में सामूहिक विवाह की सारी तैयारी की गई और दोपहर गाजे बाजे के साथ काली मंदिर रंपुरा बस्ती से बारात शुरू हुई और दो बजे चौरासी घंटा मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां विधि विधान के साथ निर्धन कन्या मानसी- अमित, आरती-राजीव कुमार, रूबी-अनिल कोली, फूलन देवी-सुनील कुमार, निशा-शिव कुमार, ज्योति-कमल कुमार और खुशबू- वीरपाल परिणय सूत्र में बंधे और जनसमूह ने पुष्प वर्षा की। इस दौरान आयोजकों ने वर-वधू को उपहार स्वरूप दान दहेज भी दिया और बारातियों का स्वागत किया। पूर्व विधायक ठुकराल ने बताया कि इस वर्ष संभ्रांत लोगों के सहयोग से सात निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया। इसमें उन्हीं कन्याओं को शामिल किया गया, जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय थी। इस मौके पर महिला समिति की चंद्रावती देवी, माया देवी, लक्ष्मी देवी, जमुनी देवी, विशाल मेहरा, राम कोली, पंकज कोली, सोनू कोली, राजेश कोली, मान सिंह, विद्या रानी आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम मनाई गई संत कबीर दास की जयंती

**रुद्रपुर :** संत शिरोमणि संत कबीर दास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान कई स्थानों पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। शनिवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने रंपुरा बस्ती पहुंचकर संत कबीर दास मंदिर में मत्था टेका और प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत कबीर दास के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इस मौके पर भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राज कोली, लालमन कोली, हिम्मत राम कोली, दिनेश कोली, दर्शन कोली, विपिन कोली, चंद्रपाल कोली, लेखराज कोली, हर प्रसाद, मोहनलाल, नोनी राम कोली, आशु कोली, छोटू कोली, रामसेवक कोली, देवीलाल कोली, किशन कोली, पिंटू कोली आदि मौजूद रहे।


संत कबीर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। ● अमृत विचार

# सिपाही का ससम्मान अंतिम संस्कार

- अल्मोड़ा के थाना सल्ट में तैनात था सिपाही
- पैर फिसलने के कारण तबीयत बिगड़ गई थी

संवाददाता, बाजपुर


अंतिम संस्कार से पहले सिपाही के पार्थिव शरीर को सलामी देते जवान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद अल्मोड़ा के थाना सल्ट में तैनात केलाखेड़ा के ग्राम रहमतुल्ला निवासी सिपाही हरपाल सिंह का पार्थिव शरीर गांव में पहुंचा तो वहां शोक हो गया। गमगीन माहौल में राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। पिछले दिनों पैर फिसलने के कारण हरपाल सिंह का स्वास्थ्य खराब हो गया था।

इसी बीच अचानक से उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई और उनका निधन हो गया। शनिवार की सुबह पुलिस के जवान उनकी पार्थिव देह लेकर ग्राम रहमतुल्ला पहुंचे तो पूरे गांव में शोक हो गया। जवानों ने अपने साथी को राजकीय सम्मान के साथ विदाई देते हुए उनकी अंतिम यात्रा निकाली व सलामी देने के साथ अंतिम संस्कार किया गया। वहीं गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी बाजपुर अन्नराम आर्य, केलाखेड़ा थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल, राजीव नेहरा, केलाखेड़ा के पूर्व चेयरमेन मोहम्मद सफी अंसारी, पूर्व प्रधान हरिओम शर्मा, जितेंद्र चानना, संता कंबोज, विजय कालड़ा, शशि प्रीत सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मतदाता सूची तैयार करने को लेकर किया मंथन

- नगरपालिका सभागार में समीक्षा बैठक

संवाददाता, बाजपुर


बाजपुर नगरपालिका सभागार में समीक्षा बैठक को संबोधित करते सहायक निर्वाचक अधिकारी एवं तहसीलदार अक्षय भट्ट।

**अमृत विचार :** नगर निकाय चुनाव में मतदाता सूची तैयार करने के कार्य की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट की अगुवाई में शनिवार को नगरपालिका सभागार में समीक्षा बैठक हुई।

इसमें नगरपालिका परिषद बाजपुर के समस्त 13 वार्डों की निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए नियुक्त संगणक व सुपरवाइजरों से कार्य की प्रगति व समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संगणकों द्वारा अवगत कराया गया कि क्षेत्र के मतदाताओं द्वारा फोटो पहचानपत्र उपलब्ध कराने में काफी विलंब किया जा रहा है, जिससे काफी असुविधा हो रही है। बैठक में निकाय के सहायक निर्वाचक अधिकारी एवं तहसीलदार अक्षय भट्ट ने कहा कि प्रत्येक संगणक घर-घर जाकर ईमानदारी के साथ सही-सही पात्र व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावली में शामिल करें। ग्रामीण क्षेत्र के निवास करने वाले व्यक्तियों के नाम बिल्कुल शामिल न किए जाएं। प्रत्येक परिवार के व्यक्तियों का साक्ष्य व अभिलेखों के अनुसार सत्यापन आवश्य कर लें। बैठक में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार दास, निर्वाचक लिपिक अखिल भारतीय सक्सेना, कानूनगो सुनीतिपाल सैनी, ममता नैयर, केवलराम, मोहम्मद हनीफ, रामपाल सिंह, दिनेश पांडेय, रामगोपाल यादव, सीताराम तिवारी, बीना कश्यप, गोल्डी देवी, रामपाल सिंह, विनीत, जितेंद्र कुमार शर्मा, ममता भटनागर, मंजीत कौर, बीना सैनी, सरिता, मीनू त्रिपाठी, मंजू गोस्वामी, प्रेमा तिवारी, रुखसना, रेखा पांडेय, रेनू यादव, कमला पांडेय आदि मौजूद रहे।

# घर पर पथराव करने के मामले में 14 पर केस

संवाददाता, काशीपुर

## रंजिश

- 18 जून की शाम 7 बजे खेत से घर आते समय किया हमला
- लाठी-डंडों, तलवारों व तमंचों से लैस आरोपियों ने गुरुद्वारे के गेट पर रोकने का किया प्रयास

**अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने गांव के ही कुछ लोगों पर रंजिशन जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने 14 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

गांव दुर्गापुर निवासी अतर सिंह ने कुंडा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गांव के ही निवासी करतार सिंह, महेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह उर्फ राजा, अर्जुन सिंह, मन्नू सिंह, चरन सिंह, महेंद्र सिंह, रविंद्र सिंह, मनिन्दर सिंह, सुखविंदर सिंह, अमरजीत सिंह, सन्नी सिंह, हरमीत सिंह तथा जगदीप सिंह ग्राम प्रधानी के चुनाव को लेकर रंजिश रखते हैं।

ये लोग आये दिन उसके और परिजनों के साथ गाली गलौज कर धमकाते रहते हैं। आरोप है कि 18 जून की शाम करीब 7 बजे वह खेत से घर आ रहा था। इसी दौरान हथियारों, लाठी-डंडों, तलवारों, भालों एवं नाजायज तमंचों से लैस सभी आरोपियों ने उसे गुरुद्वारे के गेट पर रोकने का प्रयास किया। जिस पर वह अपनी जान बचाकर अपने घर में घुस गया। हमलावरों ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास करते हुए उसके घर पर पथराव किया। इससे उसे गंभीर चोटें आई। यह घटना सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दामाद व रिश्तेदार पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** एक महिला ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर अपनी बेटी के पति व उसके रिश्तेदार पर उसकी बेटी का शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र निवासी एक महिला ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल कर बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी बीती 17 फरवरी 2023 को कुंडेश्वरी क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति के साथ की थी। शादी में लगभग 25 से 30 लाख रुपये खर्च हुए थे और अपने दामाद को उन्होंने क्रेटा गाड़ी खरीदकर दी थी। बाद में उनका दामाद व उसके परिजन उनकी बेटी का उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि दामाद ने अपने एक रिश्तेदार के साथ मिलकर बेटी से अप्राकृतिक संबंध भी बनाए। इससे उसकी तबीयत खराब हो गई और किसी को बताने पर बेटी व उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बाद में आरोपी उनकी बेटी का वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगे। इससे त्रस्त होकर उनकी बेटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया और इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दामाद, उसके रिश्तेदार व बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# नाबालिग बच्चों से श्रम कराने से बेहतर उन्हें किया जाए शिक्षित


बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन अभियान के अंतर्गत विचार गोष्ठी एवं जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एक होटल में किया गया।

इसमें उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना मुख्य अतिथि उपस्थित रहीं। मंच का संचालन एएलसी अरविंद सैनी ने की। आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि बाल श्रम उन्मूलन के लिए 1 से 30 जून तक प्रदेश भर में जिला प्रशासन के साथ जन जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि देश में बाल श्रम पूरी तरह से खत्म करना है। उन्होंने कहा कि नाबालिग बच्चों से श्रम कराने से बेहतर है कि उन्हें शिक्षित किया जाए। जिससे बाल श्रम पर अंकुश लगे। वही आयोग के अनुसचिव डॉ. एसके सिंह ने कि बाल विवाह रोकने के लिए स्कूली बच्चों पर नजर व उनकी उपस्थिति चिंताजनक होने पर और शादी की संभावना पर सूचित करने को कहा। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी, एएलसी अरविंद सैनी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विपिन कुमार, उद्योगपति आलोक कुमार, काशीपुर सीडीपीओ विमल बाराकोटी, सीडीपीओ मोहिनी बिष्ट, शबनम अंजू मौजूद रहे।



### दवा, बिजली, पीआरडी जवानों की तनख्वाह समेत भुगतान में हो रही परेशानी, सीएमएस ने उच्चाधिकारियों को भेजा प्रस्ताव

# सरकारी अस्पताल का पौने तीन करोड़ रुपये बजट अटका

संवाददाता, काशीपुर




**अमृत विचार :** काशीपुर के सरकारी अस्पताल का बजट आवंटित न होने से अस्पताल के कई कार्य अटक गए हैं। वहीं अस्पताल में दवाई, मरीजों का खाना समेत कई सुविधाएं लड़खड़ा गई हैं। अस्पताल के सीएमएस ने उच्चाधिकारियों को पौने तीन करोड़ का प्रस्ताव भेजा है।

वित्तीय वर्ष के शुरू होने के साथ ही अस्पताल को संचालित करने के लिए शासन की ओर से बजट आवंटित किया जाता है। इस बजट से अस्पताल में पीआरडी जवानों व उपनल कर्मियों का वेतन, अस्पताल का रंग रोगन, मरीजों को दी जाने वाली दवाएं, खाना, बिजली-पानी का बिल समेत अन्य कार्यों का भुगतान कराया जाता है, लेकिन इस वर्ष अब तक बजट न मिलने से अस्पताल की सुविधा लड़खड़ाने लगी हैं और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### बजट में बर्न वार्ड के एसी का भी भेजा प्रस्ताव

**काशीपुर :** काशीपुर के एलडी भट्ट सरकारी अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, अस्पताल के बर्न वार्ड में बीते कुछ सालों से एसी खराब पड़े हैं। इस वर्ष अस्पताल प्रशासन ने बर्न वार्ड में नए एसी लगाने का भी प्रस्ताव भेजा था, लेकिन बजट नहीं मिलने से आग से ग्रसित पीड़ितों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### आचार संहिता के चलते आवंटन नहीं हुआ

अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, हर वर्ष वित्तीय वर्ष शुरू होने के कुछ समय बाद ही अस्पताल को शासन की ओर से बजट आवंटित होता था, लेकिन इस वर्ष आचार संहिता के चलते अस्पताल को समय से बजट आवंटित नहीं हो सका था।

"अस्पताल के खर्चों का पौने तीन करोड़ रुपये का प्रस्ताव बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दिया है। बजट उपलब्ध होते ही सभी लंबित कार्य सुचारू होंगे।"
**-डॉ. खेमपाल**, सीएमएस, काशीपुर।


भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

### तीसरे दिन भी भूख हड़ताल जारी

**जसपुर :** अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर जसपुर के मोहल्ला भूप सिंह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र सिंह द्वारा शुरू की गई भूख हड़ताल शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रही। तीसरे दिन भी नगर पालिका प्रशासन ने उनकी कोई सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक उनकी भूख हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि वे 24 घंटे भूख हड़ताल पर हैं।

# अब सैलून और ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारी भी होंगे चुनाव में शामिल

### व्यापार मंडल चुनाव में शामिल किए जाने की घोषणा के बाद व्यापारियों ने जताया आभार

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में सदस्यता फार्म प्राप्त करते व्यापारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव में बाहर किए गए ट्रांसपोर्ट नगर एवं सैलून व्यापारियों को मतदान प्रक्रिया में शामिल किए जाने की घोषणा कर दी गई है। इसके बाद तमाम व्यापारियों ने चुनाव संचालन समिति के सदस्यों का आभार जताया और सदस्यता फार्म प्राप्त किए। चुनाव संचालन समिति सदस्यों ने बताया कि व्यापारी एवं संगठन हित में हर संभव प्रयास किया जाएगा।

दो दिन पूर्व व्यापारी नेता अक्षय बाबा, समाजसेवी एनयू खान एवं ट्रांसपोर्ट नगर यूनियन अध्यक्ष जीशान मलिक के नेतृत्व में तमाम व्यापारियों ने चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा को ज्ञापन सौंपते हुए ट्रांसपोर्ट नगर एवं नगर क्षेत्र के सैलून व्यापारियों को व्यापार मंडल संगठन में सदस्य बनाए जाने का आग्रह किया था। चुनाव संचालन समिति की बैठक के बाद समिति द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर एवं सैलून व्यापारियों को चुनाव प्रक्रिया में शामिल कर सदस्य बनाने की घोषणा कर दी गई। शनिवार को ट्रांसपोर्ट नगर यूनियन के अध्यक्ष जीशान मलिक, व्यापारी नेता अक्षय बाबा, समाजसेवी एन यू खान के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारी चुनाव अधिकारी सतपाल गाबा के पंत मार्केट स्थित प्रतिष्ठान पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने चुनाव संचालन समिति का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर एवं सैलून व्यापारियों ने सदस्यता फार्म प्राप्त करने के बाद समिति का धन्यवाद किया। शॉल पहनाकर सम्मानित करने के आग्रह पर चुनाव संचालन समिति सदस्य सतपाल गाबा, विनोद फुटेला, महादेव अग्रवाल, राजेंद्र अरोड़ा, लियाकत अंसारी एवं रामबाबू प्रधान ने व्यापारियों से कहा कि चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न होने के बाद सम्मान प्राप्त करेंगे। व्यापारी नेता जीशान मलिक, छोटेलाल कोली, राजू खुराना, दुर्गेश गुप्ता, नाजिम मलिक, हाफिज मलिक, जालीस सैफी, अनीस मलिक, मुशर्रफ, इरफान, फहीम खान, अयूब खान, रफीक अहमद, मोहम्मद हनीफ, शकील अहमद आदि मौजूद रहे।

### युवक को धमकाकर गले से सोने का लॉकेट छीना

**रुद्रपुर:** थाना ट्रांजिट कैंप में युवक को डरा धमकाकर गले से सोने का लॉकेट छीनने का मामला सामने आया है। युवक की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

थाना ट्रांजिट कैंप स्थित श्मशान भूमि रोड निवासी काजल ने बताया कि उसके बेटे के गले में सोने का लॉकेट पड़ा हुआ था। आरोप था कि एक सप्ताह पहले वहां के रहने वाले रणवीर नाम के युवक ने बेटे को बुलाया और गले से सोने का लॉकेट छीन लिया।

धमकी दी कि यदि लॉकेट की जानकारी किसी को दी, तो तुझे मार दूंगा। कुछ दिन तक युवक मामले को दबाता रहा, लेकिन जब उसकी मां की नजर बेटे के गले पर पड़ी तो मामला खुल गया। युवक की मां ने थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि सोने के लॉकेट की कीमत चार हजार रुपये से अधिक है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कच्ची शराब के खिलाफ दूसरे दिन भी जारी रही छापेमारी

**कार्रवाई**

- 22 हजार लीटर लहन व भट्टियां कीं ध्वस्त
- शराब तस्करों पर शिकंजा कसने की तैयारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** जिला आबकारी अधिकारी के आदेश पर आबकारी विभाग की टीम ने दूसरे दिन भी कच्ची शराब के खिलाफ मुहिम जारी रखी और कई शराब की भट्टियों व हजारों लीटर लहन को नष्ट किया। इस दौरान टीम ने फरार हुए शराब तस्करों को चिन्हित करने की तैयारी शुरू कर दी है।

आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी के आदेश पर शनिवार को बाजपुर के सरकड़ी, कुईखेड़ा के अलावा रुद्रपुर के कुछ गांवों में छापामार कार्रवाई की। टीम ने पांच शराब की भट्टियां और 22 हजार लीटर लहन को नष्ट किया। इसके अलावा मौके से 147 लीटर कच्ची शराब बरामद की। छापामार कार्रवाई की भनक लगते ही शराब तस्कर फरार हो गए। इनको चिह्नित करने का प्रयास किया जाएगा। शराब तस्करों पर शिकंजा कसा जाएगा।


कच्ची शराब के खिलाफ जंगलों में कार्रवाई करती आबकारी की टीम। ● अमृत विचार

### 50 लीटर शराब के साथ दो गिरफ्तार

**जसपुर :** पुलिस ने 2 लोगों को 50 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक चन्दन सिंह समेत पुलिस टीम ने दबिश देकर दो लोगों को 25-25 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार होने वाले आरोपियों में बग्गा सिंह निवासी भोगपुर डाम तीरथ नगर कोतवाली जसपुर व पिन्द्र निवासी धर्मपुर कोतवाली जसपुर शामिल हैं।


विदाई समारोह मे मौजूद लोग ● अमृत विचार

### डाककर्मियों को दी भावभीनी विदाई

**रामनगर :** डाकघर की स्थानीय मुख्य शाखा से तीन डाककर्मियों के स्थानांतरण पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गयी। शनिवार को रानीखेत रोड स्थित डाकघर में संपन्न संक्षिप्त विदाई कार्यक्रम में यहां से अलग-अलग स्थानों पर स्थानांतरित होकर जाने वाले पोस्टमैन आदर्श कुमार यादव, डाककर्मी सुषमा डोभाल व प्रीति की ओर से अपने सेवाकाल में किए गए बेहतरीन व सराहनीय कार्यों की प्रशंसा कर पोस्ट मास्टर गुलजार हुसैन व समाजसेवी डॉ. जफर सैफी की ओर से तीनों को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हेड पोस्ट मास्टर गुलजार हुसैन, रमेश खुल्वे, यतेन्द्र यादव, पंकज मिश्रा, हर्षपाल सिंह, हेम लता, मनोज कुमार, चन्द्रशेखर गोस्वामी, वेद प्रकाश, गुरुचरण सिंह, संजय, गुलशन महाराज, दलवीर सिंह, लक्ष्मण सिंह आदि डाककर्मी मौजूद रहे।

### नाले में खनन होगा तो करेंगे विरोध

**कालाढूंगी :** विकास खंड कोटाबाग के ग्रामभा विदरामपुर और रामपुर आदि गांवों को होकर जाने वाले निहाल नाले में किसी भी तरह के खनन कार्य का विरोध कर ग्रामीणों ने शनिवार को ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल एवं बीडीसी सदस्य वीरेंद्र कुमार के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी रेखा कोहली को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों का कहना था कि यह नाला विदरामपुर और रामपुर सहित कई गांवों को होकर जाता है और बरसात में ग्रामीणों की भूमि को काटता है और खेती को भी भारी नुकसान करता है, इसलिए इस नाले में किसी भी तरह के खनन कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों को और भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। इस दौरान ब्लाक प्रमुख रवि कन्याल, भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम जंतवाल, बीडीसी सदस्य वीरेंद्र कुमार, जिला पंचायत सदस्य आरती, प्रधान प्रतिनिधि जोगेंद्र प्रसाद, शेखर दत्त जोशी, भुवन टम्टा, पुष्कर सिंह खोलिया, महेंद्र सिंह, वीर सिंह, लाल सिंह बसेड़ा, बिशन सिंह आदि उपस्थित थे।



ग्रामीणों से वार्ता करते एसडीएम। ● अमृत विचार

# वार्ता के बाद बेमियादी धरना स्थगित

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** गांव की सड़क में भारी वाहनों से सीमेंट, ईंट व अन्य स्टॉक के साथ ग्राम चोरपानी में प्रवेश पर रोक की मांग को लेकर ग्रामीणों का धरना फिलहाल प्रशासन के आश्वाशन पर स्थगित कर दिया गया है।

ग्रामीणों की मांग थी कि उनके गांव में ईंटों के कई स्टॉक बनाए गए हैं और इसके साथ ही गांव में एक व्यापारी के गोदाम में भारी वाहनों के आने से गांव की सड़क जहां एक ओर क्षतिग्रस्त हो गई है तो वहीं वाहनों के आवागमन को लेकर ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों की मांग थी कि गांव में लगे ईंटों के स्टॉकों को हटाने के साथ ही उक्त गोदाम संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने कहा था कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होगी तब तक यह सड़क अनिश्चित काल तक बंद रहेगी। शनिवार को एसडीएम राहुल शाह ने अपने कार्यालय में ग्रामीणों की एक बैठक बुलाई जिसमें एआरटीओ संदीप वर्मा, तहसीलदार कुलदीप पांडे, कोतवाल अरुण कुमार सैनी, एसएसआई मनोज नयाल बैठक में पहुंचे। एसडीएम ने बताया कि इस मामले में तहसीलदार द्वारा की गई जांच के बाद धारा 135 की कार्रवाई उनके द्वारा की गई है और दूसरे पक्ष को नोटिस देने की कार्रवाई की जाएगी। उनका पक्ष सुनने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी वहीं प्रशासन की बैठक में मौजूद पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय ने ने बताया कि एसडीएम द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना 14 दिन के लिए स्थगित कर दिया है। इस दौरान चोरपानी प्रधान कृपाल दत्त जोशी, राजकीय महाविद्यालय रामनगर की छात्रा उपाध्यक्ष नीलम मनराल, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष प्रेम मेहरा, पूर्व प्रधान राहुल डंगवाल, राम सिंह, लक्ष्मण सिंह, बालम सिंह, खीम सिंह आदि मौजूद रहे।


### वर्ग पहेली-109

**बाएं से दाएं**

1. 1. परदेश, दूसरा देश, पराया देश 2. स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश।
4. दादूदयाल नामक संत द्वारा चलाए हुए पंथ या संप्रदाय का अनुयायी।
5. 1. सफ़ेद गाय 2. सफ़ेद गोल मिर्च।
8. 1. अन्न के ढेर के चारों ओर गोबर आदि से घेरा बनाना 2. निशान लगाना।
9. स्त्रियों के लिए उनके माता-पिता के घर के सदस्य; मायके के लोग।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जिसके लिए कोई बंधन न हो, बंधन-रहित 2. स्वतंत्र।
3. 1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता 3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।
6. 1. कारण, सबब, हेतु 2. माध्यम, ज़रिया।
7. 1. किसी वस्तु का टूटकर या कट-छंटकर अलग हुआ कोई हिस्सा।



### वर्ग पहेली -108 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ख़ि | ज़ाँ | ■ | ■ | ■ | 2 फ़ |
| ■ | ज़ा | ■ | 3 गं | ■ | ■ | ह |
| ■ | 4 ब | हु | गा | मी | ■ | श |
| ■ | ■ | ■ | ला | ■ | 5 अं | ■ |
| 6 दु | रा | 7 ल | भ | ■ | श | ■ |
| चं | ■ | म | ■ | ■ | भा | ■ |
| द | ■ | धी | ■ | 8 जो | गी | ड़ा |

### सुडोकू-22

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 9 | 3 |
| | | 4 | | | 6 | | | |
| | 5 | | | 2 | | 8 | | |
| | | | 7 | | | 4 | | |
| 3 | | | | | | | 1 | 6 |
| | | 8 | | | 1 | | | |
| | 9 | 1 | | | | | | |
| | 2 | | 8 | | | 5 | | |
| 6 | | | 4 | | | 7 | | |


### सुडोकू - 21 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 6 | 7 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 7 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 9 | 7 | 4 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 3 | 5 | 1 | 8 |
| 4 | 5 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 4 | 5 | 9 | 3 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 7 | 1 | 6 | 8 | 5 | 4 |

### आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वितीया 24 जून 03 .25 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 17 .03 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** – आज आप सामयिक विषयों पर चर्चाओं में शामिल रहेंगे तथा लोगों के सामने आप एक परिपक्व व्यक्ति के रूप में सामने आएंगे। रुके हुए कार्यों को आसानी से पूरा कर सकते हैं। वैवाहिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – आज अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए दिन अच्छा नहीं है। पुराना अनुभव आपके लिए हितकारी होगा। अनावश्यक धन खर्च होने से आप थोड़े नाराज हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में तालमेल की कमी रहेगी।

**मिथुन** – आज व्यापार में भी अपेक्षित प्रगति देखने को मिलेगी। मन में कई दिनों से जो शंका थी, उसका समाधान हो सकता है। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। समय का सदुपयोग करेंगे।

**कर्क** – आज सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपने कार्यक्षेत्र की समस्याओं को लेकर कुछ तनाव में रहेंगे। आपको सिर्फ अपनी मेहनत पर ध्यान देना चाहिए। परिवार में आपका प्रभाव मजबूत होगा। आपको घुटनों में पीड़ा हो सकती है।

**सिंह** – आज प्रेम विवाह के विषय में परिवार से सहमति ले सकते हैं। घर का माहौल शांत रहेगा। उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय सफलता मिल सकती है। नए संबंध बनने के योग बन रहे हैं। पुराने मित्रों से कई दिनों बाद मिलने का अवसर मिलेगा।

**कन्या** – आज घर-बाहर तनाव होने की आशंका है। दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। व्यापार में सफलता मिलेगी। चलते हुए कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। प्रियजनों का व्यवहार आपको व्यथित कर सकता है।

**तुला** – आज वरिष्ठ अधिकारी आपकी प्रशंसा करेंगे। आपके नए मित्र बन सकते हैं। मन काफी शांत रहेगा और आपकी ऊर्जा बढ़ेगी। आप नया काम शुरू कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र का वातावरण काफी अच्छा रहेगा। विरोधी अपने षड्यंत्र में विफल होंगे।

**वृश्चिक** – आज विद्यार्थियों को पढ़ाई में मेहनत करने की आवश्यकता है। लोगों से बहुत अपेक्षाएं न रखें। आपकी कार्यशैली में सुधार देखने को मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णयों के लिए दिन उत्तम नहीं है। सहकर्मियों पर विश्वास कम होगा।

**धनु** – आज व्यापार में बड़ा निवेश कर सकते हैं। आपको मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। किसी नई पॉलिसी में निवेश करने की योजना पर काम कर सकते हैं। नया कार्य शुरू करने के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मकर** – आज दिनभर कोई न कोई परेशानी भरा माहौल रहेगा। शाम के समय किसी प्रियजन से चर्चा कर मन शांत होगा। अधीनस्थ लोगों पर ज्यादा निर्भरता न रखें। दांपत्य जीवन में तनाव हो सकता है। सेहत काफी नरम रहने वाली है।

**कुंभ** – आज दूसरों की भावनाओं का सम्मान करेंगे। प्रेमी जन को मनाने के लिए कोई उपहार देने का विचार कर सकते हैं। आपका आत्मबल और ऊर्जा स्तर बढ़ेगा। प्रियजनों के साथ सम्बन्ध प्रगाढ़ होंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध हो सकते हैं।

**मीन** – आज भूमि-भवन से जुड़े मामले अटक सकते हैं। करियर को लेकर कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़ सकता है। घर के माहौल को शांत रखने की कोशिश करें। कार्यों में ज्यादा व्यस्तता रहेगी। जीवनसाथी आपसे अतिरिक्त देखभाल की अपेक्षा रखेगा।

### आज की फिल्में

**B4U Movies**
हैसियत – दोपहर : 12.00
दरार – रात : 07.16

**&pictures**
सिम्बा – सुबह : 11.00
शादी में जरूर आना – रात : 08.00

**Sony Pix**
65 – सुबह : 11.15
स्पाइडर मैन – रात : 09.00

**Zee Cinema**
रमैया वस्तावैया – दोपहर : 12.00
भोला – रात : 08.30

**Colors Cineplex**
कर्ज – सुबह : 11.10
गंगूबाई काठियावाड़ी – रात : 07.55

**आज की सुपरहिट फिल्म**



कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात : 07.55 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) – एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं।
पति- (कमेंटरी के अंदाज़ में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

# योग आत्मबोध का दर्शन



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मन : शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है।

योग आश्चर्यजनक है। इसके परिणाम गणित के सूत्रों जैसे सत्य सिद्ध हैं। यह भारत का प्राचीन विज्ञान है। षड्दर्शन में योग भी है। इसकी स्वीकृति अंतर्राष्ट्रीय है। दो दिन पहले 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस था। योग दिवस में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया है। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हुए हैं। अस्तित्व महाऊर्जा से भरा पूरा है। योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसका उल्लेख ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। इस किताब में योग के बारे में लिखा है, "शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी।" मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज ऋग्वेद के रचनाकाल से ही योग से परिचित थे।

मनुष्य चित्त चंचल है। चंचलता दुख, सुख, विषाद व अवसाद लाती है। योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, "जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं।" मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, "आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, "आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया।" सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, "आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे।" मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिककाल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। उन्होंने ही 'योगसूत्र' नामक महान ग्रंथ लिखा है।


भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख दुख का कारण माना है। सिग्मंड फ्रायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है। शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, "हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापिस बुलाते हैं।" सभी 6 मंत्रों के अंत में 'तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु' जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। उपकरण कार्यसिद्धि में सहायक हैं। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, "यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, "क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, "समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है।" योग सिद्धि में समय नहीं होता। समय शून्यता के बोध में दुख या सुख नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि "जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है।" पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जानना सन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

# विज्ञान और दार्शनिक पक्ष



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दारा शिकोह ने शाहजहां के दरबारी संस्कृत कवि पंडितराज जगन्नाथ के मार्गदर्शन में और बनारस के कई अन्य पंडितों की सहायता से 50 उपनिषदों का फारसी में 'सिर्र-ए-अकबर' (सबसे बड़ा रहस्य) के नाम से स्वयं अनुवाद किया था।

एक फ्रांसीसी विद्वान एक्वेटिक डु पेरां द्वारा फारसी से लैटिन में किए गए इसके अनुवाद से यूरोप उपनिषदों के ज्ञान से परिचित हुआ और शापेनहावर जैसे जर्मन दार्शनिक इस ज्ञान की अप्रतिम सूक्ष्मता और निरपेक्ष सत्य के प्रति इसके उत्कट आग्रह से प्रभावित हुए। संस्कृत से सीधे यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद बहुत बाद में हुआ।

आर्थर शापेनहावर ने अपनी विश्व प्रसिद्ध पुस्तक 'द वर्ल्ड एज विल एंड रेप्रज़ेंटैशन' (जर्मन से अंग्रेजी में अनूदित नाम) में स्वीकार किया है कि भारत के ऋषियों ने शायद सत्य को पहचान लिया था। दारा शिकोह की दुर्लभ फारसी पुस्तक सिर्र-ए-अकबर इलाहाबाद विवि के इतिहास विभाग के प्रोफेसर ताराचंद (1888-1973) द्वारा अंग्रेजी में लिखित 49 पृष्ठों की भूमिका के साथ प्रकाशित हुई थी जिसे प्रोफेसर ताराचंद ने अपनी ईरान यात्रा के दौरान ईरान के तत्कालीन शाह-मोहम्मद रजा शाह पहलवी को भेंट किया था।

शापेनहावर के माध्यम से ही भौतिकी में नोबल पुरस्कार से सम्मानित आइरिश ऑस्ट्रियाई भौतिकशास्त्री एरविन श्रोडिन्गर (अर्विन श्रोडिन्गर, 1887-1961) उपनिषदों और भारतीय वेदांत दर्शन से परिचित हुए थे।

अद्वैत वेदांत के अनुसार परम या विश्व चेतना ही सृष्टि का आदि कारण है और कार्य कारण संबंध से समस्त सृष्टि में व्याप्त है। नानारूप वस्तुजगत उसी विश्व चेतना का अध्यास है। वही विश्व चेतना हर मनुष्य की चेतना में प्रतिबिंबित है। अर्विन श्रोडिन्गर क्वांटम भौतिकी के पाश्चात्य वैज्ञानिकों के उस समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने क्वांटम भौतिकी की बोधगम्यता के लिए मानव चेतना की समांतर वास्तविकता को अकाट्य पाया और भारतीय उपनिषदों के ज्ञान का उल्लेख करते हुए उसमें निहित चेतना और पदार्थ के अद्वैत के प्रति आदर व्यक्त किया।

श्रोन्दिगर ने 1922 में लिखे अपने एक शोधपत्र में वर्णक्रमीय रेखाओं के संदर्भ में सापेक्षी डॉप्लर प्रभाव (जब इलेक्ट्रॉन-तरंग का निरीक्षक उसके स्रोत की ओर बढ़ता है तो उसी के सापेक्ष तरंग की आवृत्ति भी बढ़ती जाती है) पर एक समीकरण विकसित किया। अपनी प्रसिद्ध पुस्तक 'जीवन क्या है?' में श्रोन्दिगर ने आनुवंशिकी और जैवीय परिघटना को भौतिकशास्त्र की दृष्टि से परखा और विज्ञान के दार्शनिक पक्ष पर विचार करते हुए, पौर्वात्य दार्शनिक एवं नैतिक अवधारणाओं को स्वीकार्य पाया।

श्रोडिन्गर ने मस्तिष्क और पदार्थ विषय पर दिए गए अपने एक व्याख्यान में कहा, "स्थान और समय के आरपार फैला संसार हमारी ही अनुकृति है (यथा पिंडे तथा ब्रह्माण्डे?) यदि संसार वस्तुतः हमारे निरीक्षण कर्म पर आधारित है तो अरबों संसार होने चाहिए हम सब का एक-एक संसार,लेकिन ऐसा कैसे हुआ कि हमारा और आपका संसार वही है, एक ही है,वह क्या है जो इन सभी संसारों को एक-दूसरे के समतुल्य बनाता है?" इसी के साथ श्रोडिन्गर ने औपनिषद महावाक्य 'तत्वमसि' के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। श्रोडिन्गर का निष्कर्ष था-"चेतना की व्याख्या भौतिक शब्दावली में नहीं हो सकती,क्योंकि चेतना निरपेक्ष रूप से मूलभूत सत्ता है। किसी भी इतर संदर्भ से इसकी व्याख्या नहीं हो सकती।"

पता नहीं,भारत को विश्वगुरु सिद्ध करने को बेताब हमारे वर्तमान पुरोधाओं को आर्थर शापेनहावर के माध्यम से अर्विन श्रोडिन्गर को प्राप्त उपनिषद ज्ञान और क्वांटम भौतिकी की अद्यतन खोजों में उसकी प्रासंगिकता का कुछ इल्म है या नहीं!

# नालंदा विश्वविद्यालय के पुनरुत्थान के मायने



प्रो. महेश चंद गुप्ता
दिल्ली

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया है। इसी के साथ सदियों के बाद नालंदा विश्वविद्यालय पूरे विश्व में ज्ञान के प्रसार के लिए उठ खड़ा हुआ है। 455 एकड़ में 1749 करोड़ की लागत से बना नालंदा का नया परिसर केवल कंकरीट की एक इमारत भर नहीं है, बल्कि इस इमारत के निर्माण से हमारे देश का गौरवशाली इतिहास पुनजीर्वित हुआ है। यह भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य की ओर बढ़ा एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके जरिए समूची दुनिया में ज्ञान की अलख जगाने के साथ-साथ एक नया इतिहास रचा जाना तय हो गया है।

सदियों पहले समूचे विश्व के लिए ज्ञान का सागर बने जिस नालंदा को आक्रांताओं ने जलाकर खाक और तहस-नहस कर दिया था, उसका पुनरुत्थान एक बहुत बड़ा और युगांतकारी कदम है। नालंदा में प्राचीन विश्वविद्यालय के खंडहरों के पास नई इमारत की तामीर हमें गौरवान्वित कर रही है। वैसे तो इमारतें रोज बनती हैं,मगर नालंदा में यह नव निर्माण अनूठा है,देश के लिए गर्व का विषय है। नालंदा में मोदी ने कहा भी है कि ''मैं नालंदा को भारत की विकास यात्रा के लिए एक शुभ संकेत के रूप में देखता हूं। नालंदा केवल नाम नहीं है। नालंदा एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा एक मूल्य है, नालंदा मंत्र है, गौरव है, गाथा है। नालंदा है उद्घोष इस सत्य का कि आग की लपटों में पुस्तकें भले जल जाएं,लेकिन आग की लपटें ज्ञान को नहीं मिटा सकतीं। नालंदा के ध्वंस ने भारत को अंधकार से भर दिया था। अब इसकी पुनर्स्थापना भारत के स्वर्णिम युग की शुरुआत करने जा रही है।'' नालंदा में लगाई गई आग किसी इमारत,पुस्तकालय को नष्ट करने का नहीं,बल्कि भारत के गौरव को आहत करने का प्रयास था,क्योंकि प्राचीन मगध साम्राज्य (आधुनिक बिहार) में 5 वीं शताब्दी ई. में स्थापित नालंदा विश्वविद्यालय का नाम समूची दुनिया में था। इसमें दुनिया भर के दस हजार विद्यार्थी पढ़ते थे।

दुनिया के पहले आवासीय विश्वविद्यालय के रूप में नालंदा विश्वविद्यालय का वैभव ही ऐसा था जिसने चीन, कोरिया, जापान, तिब्बत, मंगोलिया, श्रीलंका और दक्षिण पूर्व एशिया सहित दुनियाभर के विद्वानों को आकर्षित किया। नालंदा में चिकित्सा, आयुर्वेद, बौद्ध धर्म, गणित, व्याकरण, खगोल विज्ञान और भारतीय दर्शन जैसे विषय पढ़ाए जाते थे। भारतीय गणित के प्रणेता और शून्य के आविष्कारक आर्यभट्ट छठी शताब्दी ईसवी के दौरान नालंदा के प्रतिष्ठित शिक्षकों में से एक रहे। इतिहासकारों के अनुसार सदियों पहले नालंदा में दाखिला आसान नहीं था। यहां प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थियों को कठिन साक्षात्कार प्रक्रिया से गुजरना पड़ता था। यह सब इतना वैभवशाली था,जो आसुरी शक्तियों और विनाशकारी सोच वालों से देखा नहीं जा रहा था। आसुरी शक्तियों ने समय-समय पर हमारे वैभव को मिटा कर हमें निराश, हताश और आहत करने के लिए प्रयास किए। अतीत में समय चक्र कुछ ऐसे चला जिससे आसुरी शक्तियां हावी हो गईं। विदेशी आक्रांताओं की वजह से एक लंबे कालखंड तक देश में प्रतिकूल हालात बने रहे। आक्रांताओं ने हमारे नालंदा जैसे विशाल भवन नष्ट कर दिए।

हमारे अस्तित्व के खात्मे की कोशिशें की गईं,मगर वह ज्ञान को भला किस प्रकार मिटा पाते। उस ज्ञान को कैसे मिटाते,जो हमारे सहज स्वभाव में है। वक्ती तौर पर भवनों को ढहा देने वाले आक्रांता खुश होकर चले गए,लेकिन जिस प्रकार काले बादलों का अंधेरा छंटने पर सूर्य की सप्त रश्मियां वातावरण को फिर से जगमग कर देती हैं,उसी प्रकार राष्ट्रीय महत्व के संस्थान और उत्कृष्टता के रूप में नामित नालंदा विश्वविद्यालय से पुनः शिक्षा का उजियारा फूटना शुरू हो गया है। मैं चार दशक से ज्यादा समय दिल्ली यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर रहा हूं। एक शिक्षक के रूप में लंबे अनुभव की बदौलत मेरी यह मान्यता है कि शिक्षा और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं। शिक्षा की सीढ़ी पर चढ़कर ही विकास की प्रत्येक मंजिल पर पहुंचा जा सकता है।

यदि हम आजादी के सौ साल पूरे होने के अवसर पर वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश के रूप में देखना चाहते हैं तो यह शिक्षा की बदौलत ही संभव है,लेकिन यह इतना सरल और सहज नहीं है। इसके लिए देश के विश्वविद्यालयों के लिए जमकर काम करना होगा। सरकारी विश्वविद्यालयों को ऊर्जावान बनाना होगा। सभी राज्यों को अपने-अपने विश्वविद्यालयों का ढांचा मजबूत करने के लिए होड़ लगानी पड़ेगी। अभी देश में प्राथमिक शिक्षा से लेकर स्नातकोत्तर तक शिक्षा और सरकारी विश्वविद्यालयों की जो हालत है,वह बेहद चिंताजनक हैं। आजादी के बाद सत्तर सालों में शिक्षा को नजरअंदाज ही किया गया है। बजट में शिक्षा के लिए पर्याप्त प्रावधान नहीं किए गए। इसी कारण हमारे सरकारी विश्वविद्यालय और अन्य उच्चतर संस्थान पिछड़ गए। हमारे देश में निजी विश्वविद्यालय निरंतर विस्तार कर रहे हैं,पैसा कमा रहे हैं,लेकिन इसके विपरीत यूजीसी की फंडिंग वाले विश्वविद्यालय पिछड़ रहे हैं।

हमारे ज्यादातर विश्वविद्यालयों का बुनियादी ढांचा मजबूत नहीं है। उनमें विश्व स्तरीय स्मार्ट क्लास रूम का अभाव है। अच्छे ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, एकेडमिक ब्लॉक्स और बेहतरीन लैब की कमी खलती है,जो भारत प्राचीन काल में समूचे विश्व में शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था, जिस भारत में उच्च शिक्षा के दुनिया के पहले विश्वविद्यालयों में शामिल सर्वाधिक महत्वपूर्ण और विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हुई,उस भारत में विश्वविद्यालयों की मौजूदा स्थिति विचारणीय है। इस वजह से देश में उच्च शिक्षा गुणवत्ता के लिहाज से पिछड़ रही है। धनवान लोगों के बच्चे तो उच्च शिक्षा के लिए विदेश चले जाते हैं और वहीं करियर बनाकर बस भी जाते हैं। आम लोगों के बच्चे निजी विश्वविद्यालयों में शोषण झेल रहे हैं। यूजीसी फंडिंग वाले विश्वविद्यालयों की स्थिति सुधारी जाए तो हालात बदले जा सकते हैं। ऐसा तभी संभव है,जब हम हमारे विश्वविद्यालयों को विश्व रैंकिंग में लाएंगे। उन्हें बड़ा ब्रांड बनाने की दिशा में काम करेंगे।

## जनता को भी मिले बैंकों के लाभ का फायदा



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत कुछ वर्षों से सार्वजनिक बैंको ने काफी अच्छा लाभ कमाया है। वर्ष 2023-2024 के लाभ की बात की जाए तो सभी 12 राष्ट्रीकृत बैंकों ने 141203 करोड़ का शुद्ध मुनाफा कमाया है,जबकि विगत 2022-2023 में यह लाभ 104649 करोड़ था। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि सरकार क्यों इनमें से कुछ बैंकों को निजी क्षेत्र में देने की सोच रही है? 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की शुरुआत हुई थी, लेकिन विगत वर्षों में कुछ बैंको के विलय हो जाने से मात्र 12 ही राष्ट्रीयकृत बैंक बचे हैं,जिन्हें आज भी नवरत्न कहना असंगत न होगा।

सरकार को अपनी सोच बदलकर न केवल इनका वर्तमान स्वरूप बनाए रखने की जरूरत है,बल्कि वर्तमान निजी बैंकों को भी राष्ट्रीयकृत घोषित करने की जरूरत है। आखिर जनता की जमा राशियों को सुरक्षित हाथों में रखने की भी जरूरत है।

सरकार को चाहिए कि वो इस बात को समझे कि जनता की निधि जनता के हितों और सामाजिक लाभ के लिए ही हो, न कि प्राइवेट लूट के लिए,आने वाले बैंक राष्ट्रीयकरण दिवस पर यह मांग बैंक कर्मचारियों की ओर से उठने जा भी रही है। जब सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों ने आशा से अधिक लाभ कमा कर दिया है तो जनता पर लगाए गए अधिभारों जैसे एसएमएस चार्जेज, एटीएम से नकद निकासी चार्जेज, पासबुक, चेकबुक चार्जेज, नकदी जमा चार्जेज,को समाप्त करने, जमाराशियों पर ब्याज दरें बढ़ाने और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में ब्याज कम कर जनता को राहत दिए जाने का समय आ गया है। क्या हमारी यह सरकार इस पर विचार करेगी?

## सनातन सहिष्णुता



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

ओटीटी नेटफ्लिक्स पर आई महाराज फिल्म देखी। एक सत्य ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के बावजूद यह प्रभावित नहीं करती। यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जितनी स्वतंत्रता फिल्मकार हिन्दू धर्म की विकृतियों को उघाड़ने में लेते हैं, दूसरे धर्मों की नुक्ताचीनी में उनकी घिघ्घी क्यों बंधी रहती है?

क्या यह हिन्दू धर्म की सनातन सहिष्णुता का नाजायज फायदा उठाना नहीं है? इस लिहाज से महाराज ओटीटी फिल्म को यदि वल्लभाचार्य संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा अदालत में दी गई चुनौती कि उनकी भावनाओं को फिल्म द्वारा आहत किया गया है, उचित है अथवा अनुचित अदालत को फैसला करना है। महाराज से जुड़े अदालती मामले की विस्तृत जानकारी गूगल पर उपलब्ध है।

फिल्म 1862 की एक सच्ची घटना से संबंधित है जिसमें एक वैष्णवपंथी दुराचारी मठाधीश हवेली में चरणसेवा के नाम पर नारियों का दैहिक मानसिक शोषण करता रहता है और धर्म तथा परंपरा के नाम उसको उचित ठहराता है। नायक जब धर्म के नाम पर दुराचार का विरोध करता है और अपने पक्ष में जन जागरण करता है तो महाराज द्वारा अदालत में उसके विरुद्ध मानहानि का मुकदमा दायर किया जाता है। अंग्रेजी कोर्ट का फैसला महाराज के विरुद्ध आता है। फिल्म में महाराज के अभिनय के अलावा सभी दूसरे पात्र बहुत फीके हैं। संवाद प्रभावशाली हैं,पर उनकी अदायगी बेदम है। न भी देखेंगे तो चलेगा। इसके साथ ही अन्नू कपूर की "हम दो हमारे बारह" भी अदालती प्रक्रिया से गुजरकर तनिक कतर ब्योत के साथ रिलीज हो गई है जिस पर मुस्लिम समुदाय का एक बड़ा वर्ग आहत है। फिल्म अभी मैंने देखी नहीं इसलिए उस पर टिप्पणी करना मुनासिब नहीं है।

# उत्तराखंड में हादसों की सड़कें



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों की हालातों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो।

पिछले कुछ महीनों से पहाड़ी राज्य उत्तराखंड में सड़क दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और खूनी सड़कें लगातार लोगों की जिदंगियां ले रही हैं। गत 15 जून को रुद्रप्रयाग जिले में बदरीनाथ हाईवे पर दिल्ली से आए एक टेंपो ट्रैवलर के अलकनंदा नदी में गिर जाने से पंद्रह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना का कारण टेंपो ट्रैवलर के ड्राइवर को नींद आना बताया जा रहा है। झपकी आने के कारण ड्राइवर स्टेरिंग से नियंत्रण खो बैठा और टेंपो ट्रैवलर सीधे नदी में जा गिरा। लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं सड़क सुरक्षा पर कई प्रश्नचिन्ह खड़े कर रही है।

इस दुर्घटना के कुछ दिन बाद पौड़ी गढ़वाल जनपद में भी दो सड़क दुर्घटनाएं हुईं। खिरसू के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वही सतपुली में एक टाटा सुमो के खाई में गिरने से 10 लोग बुरी तरह घायल हो गए। इसके अतिरिक्त आए दिन पहाड़ में सड़क दुर्घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

इस समय उत्तराखंड में पर्यटन सीजन चल रहा है। सड़कों पर गाड़ियों की भरमार है। पर्यटन स्थलों और चार धामों जाती सड़कों पर लंबा जाम लग रहा है। ज्यादातर सड़क हादसे चालकों की लापरवाही से होते हैं। मैदानी सड़कों पर चलने वाले ड्राइवरों को पहाड़ की घुमावदार सड़कों पर वाहन चलाने का अनुभव नहीं होता। उन्हें सड़कों की स्थिति का पता नहीं होता कि कहां सड़कें संकरी हैं, कहां घुमावदार मोड़ है और कहां सीधी चढ़ाई या तीव्र ढलान। जरा सी लापरवाही हुई नहीं कि वाहन दुर्घटना का सबक बन जाता है।

नशे में गाड़ी चलाना भी सड़क दुर्घटना का एक प्रमुख कारण है। रात के समय अधिकांश ड्राइवर नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़े गए हैं। नशा और ऊपर से तेज गाड़ी चलाने के कारण भी दुर्घटनाएं होती हैं। पहले पहाड़ में रात के समय गाड़ी चलाना मना था, लेकिन अब नियमों में थोड़ी डील मिलने से ड्राइवर रात को भी धड़ल्ले से गाड़ी चला रहे हैं। नतीजन कई बार चालकों को झपकी आने से भी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। रुद्रप्रयाग जनपद में हुई घटना के बाद प्रशासन ने रुद्रप्रयाग जिले में रात में वाहन चलाने पर रोक लगा दी है।

दूसरे कारणों में सड़कों की स्थिति और बनावट है। पहाड़ी इलाकों में खासकर संपर्क मार्गों की स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं हैं। लगातार होते भूस्खलनों के कारण भी सड़कों की स्थिति खराब है। कई जगहों पर सड़कें बहुत संकरी और टूटी हैं तो कहीं सड़कों में गड्ढे हैं। कहीं सड़क किनारे सुरक्षा के लिए लगाए गए पैराफिट ही नहीं हैं। इसके अतिरिक्त कई सड़कों में वर्षों से डामरीकरण नहीं हुआ है। दुर्घटना के लिए चाहे वाहन चालक की लापरवाही हो या सड़क की बदतर स्थिति, दोनों ही सूरत में जिम्मेदारी सरकारी विभागों की ही होती है, क्योंकि सड़क बनाना, वाहन की फिटनेस, सड़क नियमों का पालन कराना, वाहन चालकों को लाइसेंस देना, इन सब में सरकारी विभागों की ही भागीदारी और जिम्मेदारी है।

देवभूमि में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का सबब हैं। सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए सबसे पहले सभी सड़कों को ठीक किया जाए। जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों की जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा लापरवाही पर सख्त सजा का प्रावधान हो। रात में वाहन चलाने पर तत्काल रोक लगा दी जानी चाहिए। हर सड़क पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के नाम और उनके फोन नंबर के डिस्प्ले होने चाहिए। हर माह सड़कों की मॉनिटरिंग हो तथा सड़क गड्ढा मुक्त हो। वाहन चालकों को जागरूक और प्रशिक्षित किए जाने की भी आवश्यकता है।

# परीक्षा में धांधली रोकने को कड़ाई जरूरी



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

ऐसे में उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन-जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं।

केंद्र तथा राज्य सरकारों की प्रतियोगी परीक्षाओं के लीक होने से चतुर्दिक अफरातफरी की स्थिति हो जाती है। इस वक्त तो केंद्र की नीट एवं यूजीसी नेट का मामला सामने है, लेकिन इसके पहले यूपी में कई प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हुए तथा पैसे के बल पर बेचे गए। इसका जबर्दस्त विरोध भी हुआ। हिंसक झड़पें हुईं। इसके अलावा विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में अनेक अभ्यर्थियों ने आत्महत्याएं भी कर ली। यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक है। उन अभ्यर्थियों की हालत बड़ी खराब हो जाती हैं जिनके माता-पिता किसी प्रकार जमीन जायदाद बेचकर या गिरवीं रखकर अपने बच्चों की कोचिंग फीस आदि की व्यवस्था करते हैं। जिन अभिभावकों के पास पर्याप्त धन है तो उनके ऊपर इस तरह का आर्थिक बोझ भले न पड़ता हो, लेकिन बच्चों पर विपरीत मानसिक दवाब पड़ता है। इसी में पैसे से सब कुछ हासिल करने वाले बच्चे और उनके अभिभावक लाखों रुपए तक खर्च कर एडवांस में पेपर प्राप्त कर लेते हैं। उनकी सेहत पर लीक से कोई असर नहीं पड़ता। अभी लोकसभा चुनाव के पूर्व यूपी में पुलिस परीक्षा का पेपर भी लीक हुआ। लीक पेपरों की प्रारंभिक जांच में इस तरह की बातें सामने आ रही हैं कि लीक करने वाले सामान्य स्तर के नहीं होते। मध्य प्रदेश के व्यापम मामले की याद ताजा होती रहती है।

पेपर सुचारु और पवित्र हो, इस दायित्व में फिलहाल सरकारी मशीनरी फेल दिखती है। स्मरणीय है कि लोकसभा तथा विधानसभा चुनावों में भी बड़ी अव्यवस्था होती थी, लेकिन जब से अर्धसैनिक बलों की देखरेख में चुनाव की जिम्मेदारी आई तब से चुनावों में हिंसा, मारकाट एवं हानि बहुत कम हुई है। ऐसी स्थिति में यदि सरकारी तंत्र परीक्षा संपन्न कराने में असफल हो रहा है तो हर तरह की प्रतियोगी परीक्षा में भी अर्धसैनिक बलों का इस्तेमाल किया जाए। पेपर बनाने, परीक्षा कराने से लेकर रिजल्ट आउट होने तक सारा इंतजाम अर्धसैनिक बलों की निगरानी में किया जाए। केवल कुछ सख्त कानून से काम नहीं चलेगा, इसके लिए कड़ाई बरतने की भी जरूरत है।

# रानीधारा मार्ग की मरम्मत न होने से भड़के लोग, प्रदर्शन

## सीवर लाइन बिछाने के बाद विभाग ने नहीं की सड़क की मरम्मत, आवाजाही में बना है खतरा, सड़क पर धरने पर बैठे लोग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** रानीधारा लिंक सड़क का सुधारीकरण न होने से लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुस्साए लोगों ने मार्ग पर धरना दिया और प्रदर्शन करते हुए जिला प्रशासन व कार्यदाई संस्था के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना- प्रदर्शन के संयोजक विनय किरौला ने कहा कि एक सप्ताह पूर्व उनके द्वारा जिला प्रशासन को चेताया गया था। एक सप्ताह के भीतर एडम्स से धार की तूनी को जोड़ने वाले मोटर मार्ग का निर्माण नहीं किया गया तो वह अल्मोड़ा की जनता के साथ धरने पर बैठने को मजबूर हो जाएंगे।

उक्त मोटर मार्ग में स्कूली बच्चों सहित सैकड़ों लोगों की आवाजाही हर रोज होती है। साथ ही 6 माह पूर्व बन चुकी सीवर लाइन अभी तक मार्ग के सुधारीकरण का कार्य नहीं हो पाया जिसको लेकर पूर्व में अनेकों बार कार्यदायी संस्था सहित जिला प्रशासन को मार्ग के सुधारीकरण की मांग की गई। धरने में मौजूद स्थनीय निवासी डॉ. सैयद अली हामिद ने कहा कि सीवर लाइन बनने के बाद खुर्द-बुर्द हो चुके इस लिंक रोड में पानी की निकासी के पारंपरिक रास्ते बंद हो चुके हैं, जिससे पानी रास्ते के नीचे लोगों के घरों में घुस रहा है जो बड़ी आपदा को दावत दे सकता है। धरने के सयोजक विनय किरौला ने कहा कि जब तक उक्त लिंग का मोटर मार्ग का सुधारीकरण का कार्य प्रारंभ नहीं होगा तब तक सभी लोग धरने पर बैठे रहेंगे।

धरने में मौजूद डॉ एसएस पथनी ने कहा कि प्रदेश में नौकरशाही इस कदर हावी हो चुकी है कि लोग बुनियादी समस्याओं के समाधान से वंचित हो गए हैं। धरने में उपस्थित अन्य वक्ताओं में नीमा पंत, मनोज बिष्ट, शंभू बिष्ट, मीनाक्षी पांडेय, हेमा पंत, अमरीश पवार ने धरने को पूर्ण समर्थन दिया। धरने में विनय किरौला, सुजीत टम्टा, संदीप दर्मवाल, मनोज बिष्ट भय्यू, अमरीश पवार, हिमांशु पंत, नंदन सिंह,नीमा पंत, मीनाक्षी पांडेय, हेमा पंत, बीना पंत, नीमा पंत, मीनाक्षी पांडेय, माया बिष्ट, गीता पांडेय, सुषमा पांडेय, गीता पंत, मीनू पंत, हेमा चौहान, कल्पना पांडेय, सुनीता फर्त्याल, नेहा पांडेय, हेमा जोशी, चतुर सिंह नेगी, सुमित नज्जोन, पंकज पंत,नवीन बिष्ट, राकेश जेसवाल, चंद्र मोहन जेसवाल, चतुर सिंह नेगी, चतुर सिंह अलमिया आदि उपस्थित रहे।


रानीधारा लिंक मोटर मार्ग की बदहाली के विरोध में प्रदर्शन करते लोग।● अमृत विचार


टनकपुर में मोटर मार्ग में डामरीकरण किए जाने को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# क्वारकोली-पाड़ासोसेरा मार्ग में डामरीकरण न होने से रोष

संवाददाता, टनकपुर/ लोहाघाट

- पीएमजीएसवाई पर लगाया अनदेखी का आरोप, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी
- जगह-जगह सड़क में गड्ढे होने के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है

**अमृत विचार :** बाराकोट विकास खंड के क्वारकोली-पाड़ासोंसेरा मोटर मार्ग में डामरीकरण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पीएमजीएसवाई के विरूद्ध प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि लंबे समय से डामरीकरण नहीं होने से सड़क में जगह-जगह गड्ढे.पड़ गए हैं। कई बार गुहार लगाने के बाद भी विभाग सड़क की बदहाली दूर नहीं कर रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि आठ साल पहले पीएमजीएसवाई ने करीब 15 किलोमीटर लंबे मोटर मार्ग पर डामरीकरण किया गया। लेकिन अब सड़क से डामर उखड़ गया है, जिससे जगह-जगह सड़क में गड्ढे बन गए हैं। सड़क खराब होने से वाहनों से आवाजाही करने पर हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने कहा कि इस मार्ग से झिरकुनी, छुलापै, सूरी, बैबड़ी, भटवाड़, रावल गांव, सूराकोट, चौड़ी, पाड़ासोसेरा आदि गांवों के लोग आवाजाही करते हैं। कई वार संबंधित विभाग एवं प्रशासन से बदहाल सड़क के डामरीकरण करने की मांग की जा चुकी है, लेकिन ग्रामीणों की मांग को अनसुना किया जा रहा है। उन्होंने शीघ्र सड़क की बदहाली दूर न किए जाने पर विभाग के विरूद्ध आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी। प्रदर्शन करने वालों में गोलू अधिकारी, बलवंत अधिकारी, अमित बिष्ट, गोकुल अधिकारी, भारत अधिकारी, ललित अधिकारी, मनोज अधिकारी, राहुल अधिकारी, सुमित अधिकारी, प्रकाश अधिकारी, मोहित अधिकारी, मनोज अधिकारी, सूरज अधिकारी आदि मौजूद रहे।


स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़।● अमृत विचार

# बिनसर महादेव में पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन

संवाददाता रानीखेत

- हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने किया प्रसाद ग्रहण

**अमृत विचार:** विकासखंड ताड़ीखेत के सौनी स्थित विगत 10 दिनों से चल रहे स्वर्गाश्रम बिनसर महादेव मंदिर में होमात्मक यज्ञ एवं श्रीमदिशवपुराण ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान, वस्ण व व्यास पूजन तथा पुराण व पूर्णाहुति व विशाल भंडारे के साथ विधिवत समापन हुआ। इस अवसर पर हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

विगत 11 जून से प्रारंभ होमात्मक यज्ञ एवं शिव पुराण प्रारंभ हुआ था। जिसका पूर्णाहुति के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर विशाल भंडारे में दूरदराज से आए हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रातः समय यज्ञारंभ, पंचांग पूजन, ब्राह्मण वरण के साथ होमात्मक महारुद्र यज्ञ एवं श्रीमद् शिव पुराण ज्ञान कथा का शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात हवन व पूर्णाहुति में भक्तजनों ने भारी संख्या में भाग लिया। मंदिर के महंत पीठासीन श्री श्री 108 गोवर्धन गिरी महाराज ने बताया कि ब्रह्मलीन श्री 108 मोहन गिरी व रामगिरी महाराज की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, कथा व्यास स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज रहे। चंद्रशेखर करगेती व दीप करगेती मुख्य यजमान रहे। यहां लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी भी की।

# भनारखोला के पास पिकअप खाई में गिरने से चालक की मौत, एक घायल

- न्यूरिया पीलीभीत का रहने वाला था मृतक, नानकमत्ता से मुर्गियां लेकर आ रहा था

संवाददाता, टनकपुर


घायल वसीम।

**अमृत विचार :** टनकपुर-चम्पावत राष्ट्रीय राजमार्ग पर अमोड़ी और बेलखेत के बीच स्थित भनारखोला के पास शनिवार की सुबह साढ़े पांच बजे पिकअप वाहन संख्या- यूके 06 सीडी-9253 दुर्घटनाग्रस्त होकर 100 मीटर गहरी खाई में गिर गया।

हादसे में चालक दानिश (24) पुत्र मोहम्मद नवीस अहमद, निवासी न्यूरिया जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिकअप वाहन स्वामी वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस द्वारा खाई में गिरे मृतक और घायल को ऊपर मार्ग में लाया गया। बताया जा रहा है कि वाहन मुर्गियां लेकर नानकमत्ता से लोहाघाट जा रहा था। घायल वसीम (28) पुत्र मोहम्मद सलीम, निवासी न्यूरिया जिला पीलीभीत का प्राथमिक उपचार अमोड़ी के निजी क्लीनिक में करने के बाद उसे टनकपुर उप जिला चिकित्सालय भेजा गया है। सिर में अधिक चोट लगने के कारण यहां चिकित्सकों ने वसीम को हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह घटना घटी।


चम्पावत हाईवे पर खाई में गिरा पिकअप।● अमृत विचार

# सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाएं

**बैठक**

- कृषि विभाग मडुवे की पैदावार बढ़ाए, अमृत सरोवरों में मत्स्य पालन का कार्य करें
- उद्यान विभाग किसानों को उच्च कोटि के फल पौध समय से उपलब्ध करें : पांडेय

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** विभागीय अधिकारी सिर्फ लक्ष्य की पूर्ति तक ही सीमित न रहें, बल्कि योजनाओं के उद्देश्य के अनुरूप लोगों को लाभान्वित करने का कार्य करें।

यह बात आज सचिव लोक निर्माण विभाग, आयुष एवं आयुष शिक्षा तथा जनपद प्रभारी डॉ. पंकज कुमार पांडे ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों की बैठक लेते हुए कही। उन्होंने कहा कि योजनाओं के लक्ष्य पूर्ति के अतिरिक्त विशेष उपलब्धियों पर कार्य करते हुए योजनाओं के माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के साथ ही अधिकारियों को नवाचार एवं तकनीकी पर फोकस करना होगा।

कहा कि किसी भी योजना का उद्देश्य अंततः लोगों की आर्थिकी एवं उनकी सुविधाओं को बढ़ाना ही है। इसलिए सभी विभाग इस बात का विशेष ध्यान रखें कि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लोगों तक पहुंचे। मनरेगा की समीक्षा के दौरान प्रभारी सचिव ने कहा कि जो भी कार्य किए जा रहे हैं, उनमें लोगों की आर्थिकी को बढ़ाने की गतिविधियों को शामिल किया जाए। जनपद में बने अमृत सरोवरों में मत्स्य पालन के माध्यम से लोगों की आर्थिकी बढ़ाने पर जोर दिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में उन्होंने कहा कि जिन लोगों की आर्थिकी बहुत कमजोर है, उनके लिए होम स्टे, मनरेगा समेत अन्य योजनाओं के माध्यम से सहयोग दिया जाए। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिस फल, फूल एवं सब्जी के उत्पादन का जनपद में स्कोप अधिक है उसके उत्पादन पर विशेष बल दिया जाए। उन्होंने मुख्य उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि किसानों को यहां की जलवायु के अनुकूल फसलों की सही जानकारी दी जाए एवं उन्हें प्रोत्साहित कर हर संभव सरकारी सहायत प्रदान की जाए।

ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुधर सके। वहीं मुख्य कृषि अधिकारी को निर्देश दिए कि वर्तमान समय में मडुआ की व्यापक मांग है, इसलिए इसका उत्पादन बढ़ाने के लिए कार्य किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी विनीत तोमर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा, जिला विकास अधिकारी एस के पंत सहित अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।


अधिकारियों की बैठक लेते लोक निर्माण विभाग व आयुष शिक्षा सचिव पंकज पांडेय।● अमृत विचार


चम्पावत में नशा मुक्ति को लेकर जागरूक करते युवा।● अमृत विचार

## चम्पावत में नशा मुक्ति को चलाया हस्ताक्षर अभियान

**टनकपुर/ चम्पावत :** नशा हटाओ जीवन बचाओ अभियान के अन्तर्गत चम्पावत के नागनाथ वार्ड में समाजसेवी कविता तिवारी की अध्यक्षता तथा संकल्प नशामुक्ति केन्द्र संचालक आशुतोष सिंह असवाल के संचालन में नशे से सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक संकल्प कर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जागरूकता में वन स्टाप सेंटर केन्द्र प्रशासक एडवोकेट रितु सिंह, दिव्या राय, मेनका साह, अनीता तड़ागी, पीएलवी रंजना पांडेय तथा संयोजक शिक्षक सामश्रवा आर्य ने बताया कि नशे के कारण परिवार व समाज में बालिकाओं एवं महिलाओं के शोषण, उत्पीड़न तथा घरेलू हिंसा की घटनाएं बढ़ती ही जा रही हैं। ऐसे में नशे पर रोक के लिए परिवार,समाज और शिक्षक ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। केन्द्र संचालक असवाल युवाओं और युवतियों ने घर-परिवार और समाज को जागरूक करने तथा पीड़ित वर्ग की काउंसलिंग कर उसे सही दिशा प्रदान करने का संकल्प लिया।

# बागेश्वर में साधारण बीमारी में भी सीटी स्कैन कराने की जिद से डॉक्टर परेशान

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** लंबे इंतजार के बाद जिला चिकित्सालय में सीटी स्कैन मशीन स्थापित होने से मरीजों को राहत मिल रही है। हालांकि कई लोग जानकारी के अभाव में सामान्य बीमारी में भी सीटी स्कैन कराने की मांग कर रहे हैं।

ऐसे मरीजों को चिकित्सक समझा रहे हैं। बीते दिनों विधायक पार्वती दास ने सीटी स्कैन मशीन का शुभारंभ किया था। सीटी स्कैन लगने के बाद चमोली व पिथौरागढ़ जिले के जरूरतमंद ग्रामीण भी बागेश्वर पहुंच रहे हैं। कई ऐसे मरीज भी आ रहे हैं जो चिकित्सकों से सामान्य बीमारी में भी सीटी स्कैन करवाने की जिद कर रहे हैं। हालांकि चिकित्सक ऐसे मरीजों को रेडिएशन का खतरा बताकर उन्हें समझा रहे हैं।



### न्यूरो सर्जन नहीं होने से मरीज हो रहे हैं रेफर

**बागेश्वर।** सीटी स्कैन कराने की आवश्यकता वाले मरीजों को अधिकांश मामलों में न्यूरो सर्जन की आवश्यकता होती है। परंतु यहां पर न्यूरो सर्जन नहीं है। चिकित्सकों के अनुसार गंभीर मरीज को सीटी स्कैन कराने के बाद हायर सेंटर ही रेफर करना पड़ता है।

> कई मरीज यहां पहुंच रहे हैं तथा जबरन सीटी स्कैन कराने के लिए अनुरोध करते हैं। जिससे अन्य मरीजों को देखने में भी व्यवधान होता है। सीटी स्कैन अत्यंत आवश्यकता वाले मरीज का ही किया जाता है। सीटी स्कैन कराने से कई दुष्प्रभाव भी सामने आते हैं।
>
> -डॉ. सीएस भैसौड़ा, फिजिशियन

> दूरस्थ इलाकों के साथ ही स्थानीय मरीज भी यहां पहुंच रहे हैं तथा सामान्य बीमारी पर भी सीटी स्कैन कराने की जिद कर रहे हैं। सीटी स्कैन से निकलने वाला रेडिएशन एक्सरे से 70 फीसदी अधिक की होती हैं जो कि नुकसान करती हैं। आवश्यकता होने पर चिकित्सक खुद परीक्षण कराते हैं।
>
> - डॉ. राजीव उपाध्याय, सर्जन जिला अस्पताल बागेश्वर

## सार-संक्षेप


चम्पावत में बैठक लेते जिलाधिकारी नवनीत पांडेय।

### जिला योजना की बैठक में भाग लेंगीं प्रभारी मंत्री रेखा आर्य

**टनकपुर :** 25 जून को पूर्वाह्न 11 बजे चम्पावत जिला कार्यालय सभागार में जिला योजना वित्तीय वर्ष 2024- 25 की जिला योजना व जिला नियोजन समिति की बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता चम्पावत की प्रभारी मंत्री रेखा आर्य करेंगी। इस मौके पर जिला योजना की संरचना एवं विकास कार्यों के संबंध में समीक्षा भी की जाएगी। प्रभारी मंत्री की बैठक को लेकर जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागों द्वारा प्रस्तावित संरचना पर चर्चा की गई। डीएम ने प्रस्तावित बैठक में सभी सूचनाओं के साथ उपस्थित होने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### एएचटीयू टीम ने गढ़ीगोठ में ग्रामीणों को जागरूक किया

**बनबसा :** एएचटीयू टीम ने गढ़ीगोठ में ग्रामीणों को जागरूक किया। शनिवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा ग्राम गढ़ीगोठ में उपस्थित महिलाओं, पुरुषों, बच्चों को मानव तस्करी, बाल विवाह, घरेलू हिंसा, महिलाओं व बच्चों के प्रति अपराधों की रोकथाम के लिए बनाए कानूनी प्राविधानों, मादक पदार्थों के दुष्परिणाम व उनसे बचाव के तरीकों की जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराधों को लेकर जागरूक किया गया। उत्तराखंड पुलिस एप व गौराशक्ति एप की जानकारी दी गई।


जागरूक करते एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के सदस्य।

### मानदेय वृद्धि के लिए योग अनुदेशकों ने बांधी काली पट्टी

**टनकपुर/लोहाघाट, अमृत विचार :** मानदेय वृद्धि की मांग को लेकर आयुष व वेलनेस सेंटरों में तैनात योग अनुदेशक मुखर हो गए हैं। उन्होंने बांहों में काले फीते बांधकर विरोध जताया। योग अनुदेशकों का कहना था कि उत्तराखंड के आयुष व वेलनेस सेंटर के योग अनुदेशक अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सभी सेंटरों पर गांव व क्षेत्रवासियों को योग का अभ्यास करा रहे हैं। बताया कि अनुदेशकों को मात्र 250 रुपये प्रतिदिन मानदेय दिया जा रहा है। अनुदेशकों ने उन्हें स्थाई नियुक्ति देने व मानदेय वृद्धि की मांग उठाई। विरोध जताने वालों में योग अनुदेशक सोनिया आर्या, विजय देउपा, मनोज शर्मा, लीला जोशी, गोकुल चौबे, शंकर अधिकारी, जगदीश महरा, कमला बिनवाल, प्रकाश नेगी रहे।


मानदेय वृद्धि को लेकर बाहों में काटी पट्टी बांधे योग अनुदेशक।

# भैरव मंदिर में लगाया गया विशाल भंडारा

**आस्था**

- मां पूर्णागिरि धाम पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण
- मेला समाप्त होने के बाद भी पूर्णागिरि धाम आ रहे श्रद्धालु

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** सरकारी पूर्णागिरि मेला समाप्त होने के बाद भी इस समय मां पूर्णागिरि धाम में भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्र नगर और ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी भारतीय श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं।

मां पूर्णागिरि धाम के सरकारी मेला 15 जून को संपन्न होने के ठीक एक सप्ताह बाद देवी दरबार में भैरव मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा श्यामबेड़ा और रामबेड़ा की ओर से कराया गया। मेले के शांति और निर्विघ्न तरीके से संपन्न होने पर आयोजित इस भंडारे में कई हजार देवी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे से पूर्व हुए धार्मिक अनुष्ठान में पंडित मोहन चंद्र पांडे ने सभी के कल्याण के लिए प्रार्थना की। भंडारे के आयोजन में पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी, उपाध्यक्ष पंडित नीरज पांडे, सचिव पंडित सुरेश तिवारी, कोषाध्यक्ष पंडित नवीन तिवारी, पंडित राजेंद्र तिवारी, पंडित जगदीश तिवारी, पंडित पंकज तिवारी, पंडित शेखर पांडे, पंडित महेश पांडे, पंडित कैलाश पांडे, पंडित दीपू तिवारी आदि ने सहयोग किया।

इधर सरकारी मेलावधि निपटने के बाद सरकारी व्यवस्थाएं हटा ली गई हैं। वहीं मानसून की आहट भी होने लगी है। लेकिन इसके बावजूद बड़ी तादात में देवी के भक्त पूर्णागिरि दरबार पहुंच रहे हैं। शनिवार को भी 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन किए। वैसे मौसम को देखते हुए मंदिर समिति ने रात में प्रवेश पर रोक लगाने का निर्णय लिया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी ने बताया कि 24 जून से 1 अक्तूबर तक रात 8 बजे से सुबह 5 बजे तक आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके लिए उन्होंने एसपी अजय गणपति को भेजे ज्ञापन पत्र में भैरव मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से चार पुलिसकर्मियों की तैनाती करने की मांग उठाई है।


भैरव मंदिर में लगाए गए भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।● अमृत विचार

# समर कैंप में बच्चों ने जानी निबंध लेखन की बारीकियां

संवाददाता, अल्मोड़ा

- बाल कवि सम्मेलन के लिए हुआ कवि व कवयित्रियों का चुनाव

**अमृत विचार:** बच्चों की पत्रिका बालप्रहरी/बालसाहित्य संस्थान तथा भारत ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा राजा आनंदसिंह राजकीय बालिका इंटर कालेज अल्मोड़ा में आयोजित समर कैंप के दूसरे दिन बच्चों ने निबंध लेखन की बारीकियों को जाना।

बालप्रहरी के संपादक उदय किरौला ने बताया कि निबंध साहित्य की वह विधा है जिसके लिखने में कोई बंधन नहीं है। बच्चों ने अपनी हस्तलिखित पुस्तक के लिए अल्मोड़ा की बाल मिठाई, अल्मोड़ा का नंदादेवी कौतिक, अल्मोड़ा का दशहरा मेला, आदि विषयों पर निबंध लिखे। साहित्यकार नीरज पंत के निर्देशन में बच्चों ने अल्मोड़ा, बाल मिठाई, फूल, तितली, गरमी, कुल्फी, भोजन की बरबादी आदि विषयों पर स्वरचित कविताएं तैयार की। बाल कवि सम्मेलन के लिए कवियों का चुनाव हुआ। बाल कवि सम्मेलन के लिए संचालकों का चुनाव खुले सत्र में मतदान के आधार पर हुआ। हिमांशी रौतेला को संचालक चुना गया। प्रमोद तिवारी के निर्देशन में बच्चों ने नुक्कड़ नाटक 'कुदरत का विज्ञान' तैयार किया। अध्यक्ष मंडल में इशिका जोशी व दीपांशु तिवारी को शामिल किया गया। स्मृति चित्रण, शब्द लेखन प्रतियोगिता तथा अंक लेखन प्रतियोगिता में बाणी जोशी, मोनिका पंत, मानस जोशी तथा इशिका जोशी को बालसाहित्य उपहार में दिया गया।



# हार्दिक की तूफानी पारी, भारत का विशाल स्कोर

## भारतीय टीम ने दिया 197 रन का लक्ष्य, कोहली-पंत और दुबे भी गरजे



नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

हार्दिक पंड्या के तेजतर्रार अर्धशतक और उनकी अगुआई में बल्लेबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में पांच विकेट पर 196 रन बनाए। भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 27 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों से नाबाद 50 रन बनाए। विराट कोहली ने 37, ऋषभ पंत ने 36 और शिवम दुबे ने 34 ने रन की पारी खेली। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया जिसके बाद कप्तान रोहित शर्मा (23 रन, 11 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) और विराट कोहली ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। बांग्लादेश ने मेहदी हसन और शाकिब अल हसन (37 रन पर एक विकेट) की स्पिन जोड़ी से गेंदबाजी की शुरुआत कराई। रोहित ने मेहदी हसन और शाकिब पर चौके मारे। उन्होंने और कोहली ने शाकिब पर छक्का भी जड़ा। रोहित हालांकि शाकिब की गेंद पर एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहराकर जाकिर अली को कैच दे बैठे। कोहली ने मुस्ताफिजुर पर छक्के के साथ पावर प्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 53 रन तक पहुंचाया।

कोहली ने रिशाद का स्वागत सीधे छक्के के साथ किया जबकि पंत ने भी इस लेग स्पिनर पर चौका जड़ा। कोहली तेज गेंदबाज तंजीम की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हुए। उन्होंने 28 गेंद का सामना करते हुए तीन छक्के और एक चौका मारा। सूर्यकुमार यादव ने (06) पहली ही गेंद पर तंजीम पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर विकेटकीपर लिटन दास को कैच दे बैठे। भारत ने 10 ओवर में तीन विकेट पर 83 रन बनाए। पंत ने 11वें ओवर में मुस्तफिजुर पर दो चौके और एक छक्का जड़कर भारत के रनों का शतक पूरा किया।

उन्होंने अगले ओवर में रिशाद की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद को रिवर्स स्वीप करने की कोशिश में शॉर्ट थर्ड मैन पर तंजीम को कैच दे बैठे। पंत ने 24 गेंद का सामना करते हुए चार चौके और दो छक्के मारे। हार्दिक पंड्या ने मेहदी हसन की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका जड़कर तेवर दिखाए जबकि शुभम दुबे ने भी शाकिब और तंजीम पर छक्के के साथ 17वें ओवर में टीम के 150 रन पूरे किए। दुबे ने रिशाद पर भी छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 24 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के मारे। हार्दिक ने रिशाद और तंजीम पर छक्के मारे और अंतिम ओवर में मुस्ताफिजुर पर तीन चौकों के साथ 27 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।



## खेल डायरी

### गंगजी ने सेलांगोर मास्टर्स गोल्फ खिताब जीता

**सेलांगोर (मलेशिया)।** भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी शनिवार को यहां अंतिम दिन तीन ओवर 73 के कार्ड में छह बोगी के बावजूद डेयेन लॉसन (69) को एक शॉट से पछाड़कर पीकेएनएस सेलांगोर मास्टर्स खिताब जीता। इस 45 साल के अनुभवी गोल्फर ने पांच शॉट की बढ़त से शुरुआत की और आठ अंडर पर रहे। यह गंगजी की एडीटी में दूसरी जीत है। उन्होंने 2018 में भारत में लुई फिलिप कप में खिताब जीता था। गंगजी एशियाई टूर पर दो जीत दर्ज कर चुके हैं, जिसमें पहली 2004 में बीजिंग में फॉक्सवैगन मास्टर्स में और फिर जापान में पैनासोनिक ओपन में मिली थी।

### अदिति ने महिला पीजीए गोल्फ में हासिल किया कट

**समामीश (सिएटल)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी। सारा श्मेलजेल (67) और एमी यंग (68) दोनों छह अंडर 138 के स्कोर से संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

### तलवारबाज ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता

**जम्मू।** भारतीय टीम में शामिल जम्मू-कश्मीर के तलवारबाज अजय कुमार ने रूस के कज़ान में चल रहे ब्रिक्स खेलों में टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सूत्रों के अनुसार जम्मू-कश्मीर के शीर्ष तलवारबाज अजय ने ब्रिक्स खेलों में एपी टीम इवेंट में कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। अजय ने सीनियर और जूनियर नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के पिछले दोनों संस्करणों में भी पदक जीते हैं। इसके अलावा, उन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप, सीनियर और जूनियर विश्व कप जैसे कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

### नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

**चेन्नई।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने शनिवार को पुष्टि की कि उन्होंने आगामी पेरिस ओलंपिक की पुरुष एकल स्पर्धा के लिए आधिकारिक तौर पर क्वालीफाई कर लिया है। नागल के लिए यह दूसरा ओलंपिक होगा। उन्होंने इससे पहले 2020 तोक्यो खेलों के लिए भी क्वालीफाई किया। वह तोक्यो में दूसरे दौर में पहुंचे थे। नागल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि मैंने आधिकारिक तौर पर 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। यह मेरे लिए एक यादगार क्षण है क्योंकि ओलंपिक मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है।

# पंत की वापसी काबिले तारीफ

**इयान स्मिथ बोले**

- गिलक्रिस्ट के स्तर तक पहुंचने के लिए ऋषभ को तय करना होगा लंबा रास्ता

ग्रॉस आइलेट, एजेंसी

न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है।





उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा कि ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है।

## क्विंटन की पारी ने पैदा किया अंतर : बटलर

**ग्रॉस आइलेट, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी-20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं दिखा पाए जिनकी पारी ने दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया।

डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद कहा कि जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।

# शाई होप ने जिंदा रखी विंडीज की उम्मीद



**टी-20 विश्व कप**

- अमेरिका को नौ विकेट से दी करारी शिकस्त
- अभी भी सेमीफाइनल में पहुंच सकता है वेस्टइंडीज

ब्रिजटाउन,एजेंसी

रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी-20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। पहले मैच में इंग्लैंड से हारने वाले वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक रहा।

उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की परी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया। होप ने अपनी पारी में चार चौके और आठ छक्के लगाए।

विंडीज को अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अफ्रीका को हराना होगा। इंग्लैंड अगर अपने अगले मैच में अमेरिका को हरा देता है तब भी विंडीज आगे बढ़ सकता है क्योंकि अभी उसका नेट रन रेट अफ्रीका और इंग्लैंड से बेहतर है। जॉनसन 15 रन पे आउट हो गए, लेकिन होप और निकोलस पूरन ने 23 गेंद पर 63 रन जोड़कर टीम को बड़ी जीत दिलाई।

# अफगान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

किंग्सटाउन, एजेंसी

भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी-20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में आस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता आस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।



**टीमें : आस्ट्रेलिया :** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान :** राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

**मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे शुरू होगा।**

## पर्वतारोही बलजीत एक बार फिर माउंट एवरेस्ट पर पहुंचीं

**शिमला, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली कंपनियों में से एक टाटा पावर ने गर्व के साथ की है कि इसकी सस्टेनेबिलिटी चौंपियन और शीर्ष पर्वतारोही बलजीत कौर ने कंपनी केस स्टेनेबल इज अटेनेबल संदेश को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी तक पहुंचाते हुए माउंट एवरेस्ट पर सफलता पूर्वक फतह हासिल की।

टाटा पावर के सीईओ एवं एमडी डॉ. प्रवीर सिन्हा ने अप्रैल में इस अभियान की शुरुआत मुंबई में औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाकर की थी। इसके बाद बलजीत ने लद्दाख जंस्कर हिमालय पर्वतमाला में कठिन प्रशिक्षण लिया जहां उन्होंने माउंट यूटी लद्दाख कांगड़ी (6070 मीटर) पर चढ़ाई की।

# तीरंदाजी टीम की स्वर्ण की हैट्रिक

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण 3 में यहां स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी। खेलो इंडिया योजना की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की तिकड़ी ने इस 2024 में लगातार तीसरा विश्व कप जीता। शंघाई में विश्व कप चरण 1 में तिकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता था जबकि येचिओन, कोरिया गणराज्य में विश्व कप चरण 2 में स्वर्ण पदक जीता और अंताल्या, तुर्की में विश्व कप स्टेज-3 में स्वर्ण पदक की हैट्रिक पूरी की।

उन्होने कड़े मुकाबले में छठी रैंकिंग वाली एस्टोनिया को 232-229 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक की हैट्रिक बनाई।



उन्होने फाइनल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए लगातार 13वीं जीत दर्ज की। इस साल की शुरुआत में शंघाई में पहले चरण और येचेओन में दूसरे चरण में शीर्ष स्थान हासिल करने के बाद टीम ने स्वर्ण पदकों की क्लीन स्वीप भी पूरी की। शीर्ष रैंकिंग वाली भारतीय कंपाउंड महिला टीम ने शनिवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण-3 में स्वर्ण पदक जीता।

# बड़ी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा इंग्लैंड

**टी-20 वर्ल्ड कप**

- अमेरिका से मुकाबला आज लाज बचाने उतरेगी टीम
- अमेरिकी टीम को हल्के में नहीं ले रहे इंग्लैंड के खिलाड़ी

ब्रिजटाउन, एजेंसी

गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर' की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

इंग्लैंड के बल्लेबाज अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया। विंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है।

ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। वहीं, इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि अमेरिका की टीम को हल्के में लेना हमारे लिए गलत होगा।

**यूरो कप** ग्रुप डी में दोनों टीम चार अंकों के साथ शीर्ष पर

# नीदरलैंड-फ्रांस ने गोलरहित ड्रॉ पर बांटे अंक

लीपज़िग, एजेंसी

यूरो 2024 के ग्रुप डी के एक करीबी मुकाबले में नीदरलैंड और फ्रांस ने शनिवार को यहां गोल रहित ड्रॉ खेला और अंक बांट लिये। ग्रुप डी में दोनों टीमें अब चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं और शीर्ष पर बने रहने की यह जंग ग्रुप के अंतिम मैच तक जारी रहेगी।

दोनों टीमों ने मैच के दौरान लचीली और रक्षात्मक शैली अपनायी। नीदरलैंड के कप्तान वर्जिल वान डिज्क ने प्रभावित किया और फ्रांस के शक्तिशाली आक्रमण को बेअसर कर दिया।



### चेक गणराज्य और जॉर्जिया ने खेला ड्रॉ

**हैम्बर्ग।** जॉर्जिया ने शनिवार को यहां यूरो 2024 फुटबॉल टूर्नामेंट में ग्रुप एफ मैच में चेक गणराज्य को 1-1 से बराबरी पर रोककर किसी बड़े टूर्नामेंट में पहली बार अंक हासिल किया। मैच में वीडियो रिव्यु पर चेक गणराज्य के एडम हलोजेक के गेल को हैंडबॉल के कारण नकार दिया गया। यूरो 2024 में पदार्पण कर रही एकमात्र टीम जॉर्जिया ने इसके बाद जॉर्जेस मिकाउताद्जे के गोल से बढ़त बनाई। जॉर्जेस ने पेनल्टी पर गोल किया जो चेक गणराज्य के डिफेंडर रोबिन हरानेक के हैंडबॉल के कारण मिली थी।

# भारतीय महिला टीम की निगाहें क्लीन स्वीप पर

**तीन मैचों की श्रृंखला**

- भारतीय टीम ने 2-0 से हासिल कर रखी है अजेय बढ़त
- फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना पर रहेगी अफ्रीकी टीम की नजर

बेंगलुरु, एजेंसी

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीनस्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा। पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया। पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजान कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

# स्विटजरलैंड की अदालत के सजा सुनाने पर हिंदुजा परिवार स्तब्ध, अपील दायर की

लंदन, एजेंसी

● हिंदुजा परिवार के चार सदस्य घरेलू सहायकों का शोषण करने के दोषी पाए गए

ब्रिटेन के सबसे धनी परिवार हिंदुजा ने कहा है कि वह अपने कुछ सदस्यों को स्विटजरलैंड की अदालत द्वारा जेल की सजा सुनाये जाने के फैसले से स्तब्ध है और उन्होंने इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में अपील दायर कर इस निर्णय को चुनौती दी है। स्विस अदालत ने हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को जिनेवा स्थित अपने विला में घरेलू सहायकों का शोषण करने का दोषी पाया था।

शुक्रवार को परिवार की ओर से जारी एक बयान में स्विट्जरलैंड के वकीलों ने अपने मुवक्किलों का बचाव करते हुए कहा कि प्रकाश और कमल हिंदुजा (दोनों की आयु 70 वर्ष) तथा उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने जिनेवा स्थित अदालत के आदेश के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिए जाने के मीडिया रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया। वकील येल हयात, रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हमारे मुवक्किलों को मानव तस्करी के सभी आरोपों से बरी कर दिया गया है। प्रथम दृष्टया, इस अदालत में लिये गये बाकी निर्णय से हम स्तब्ध व निराश हैं और हमने निश्चित रूप से उपरी अदालत में अपील दायर की है, जिससे फैसले का यह हिस्सा प्रभावी नहीं होगा। स्विट्ज़रलैंड की एक आपराधिक अदालत ने शुक्रवार को हिंदुजा परिवार के चार सदस्यों को घरेलू सहायकों का शोषण करने के मामले में चार से साढ़े चार साल तक की जेल की सजा सुनाई। अदालत ने साथ ही, मानव तस्करी के आरोपों को खारिज कर दिया।

भारतीय मूल के उद्योगपति प्रकाश हिंदुजा और उनकी पत्नी, बेटे व पुत्रवधू पर अपने नौकरों की तस्करी का आरोप लगाया गया था, जो जिनेवा में उनके आलीशान विला में काम करते थे। चारों आरोपी जिनेवा की अदालत में मौजूद नहीं थे, हालांकि परिवार का व्यवसाय प्रबंधक और पांचवां आरोपी नजीब जियाजी अदालत में मौजूद था।


## रूसी राजनयिकों के कर छूट का विशेषाधिकार छीना

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने रूसी राजनयिकों से उनके कर छूट विशेषाधिकार छीन लिए हैं। अमेरिका में रूस के राजदूत अनातोली एंटोनोव ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी है। यह कर छूट विशेषाधिकार कार्ड विदेशी राजनयिकों को अमेरिका में दुकानों, रेस्तरां और अन्य इस तरह के प्रतिष्ठानों में किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद उसका भुगतान करते समय उन्हें बिक्री कर भुगतान नहीं करने की अनुमति देता हैं। एंटोनोव ने कहा, आज अमेरिका ने रूसी राजनयिकों, द्विपक्षीय संस्थानों के राजनयिकों पर चौंकाने वाला हमला किया। उन्होंने हमारे कर छूट विशेषाधिकार कार्ड छीन लिये।

# यात्रा से पहले पुख्ता की गई सुरक्षा व्यवस्था

श्रीनगर, एजेंसी





एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और तीर्थयात्रा को बाधित करने के आतंकवादियों के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए उच्च स्तर की सतर्कता की जरूरत पर जोर दिया।

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा शनिवार को श्रीनगर के राजभवन से ही अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा में डिजिटल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने कहा, देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए दर्शन 29 जून से शुरू होंगे। श्राइन बोर्ड (श्री अमरनाथ) और जम्मू कश्मीर प्रशासन ने तीर्थयात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की है। पिछले दो वर्षों में यात्रियों के लिए सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने पवित्र गुफा मंदिर तक जाने वाली सड़कों को बेहतर बनाया है और कुछ हिस्सों को चौड़ा किया है। पूजा के बाद राजभवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा, मेरा मानना है इस बार तीर्थयात्रियों की यात्रा ज्यादा सुगम होगी। उपराज्यपाल ने कहा कि सभी धर्म के लोगों ने हमेशा यात्रा का समर्थन किया है।

### अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: डुल्लू

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यहां भगवती नगर आधार शिविर में व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन के साथ डुल्लू ने वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए भारी सुरक्षा वाले आधार शिविर का दौरा किया। अमरनाथ के लिए 52 दिवसीय तीर्थयात्रा 29 जून को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किलोमीटर के छोटे लेकिन खड़ी चढ़ाई वाले बालटाल मार्ग से शुरू होगी। मुख्य सचिव ने आधार शिविर में संवाददाताओं से कहा, तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को 28 जून को यहां (भगवती नगर) से रवाना किया जाएगा और अगले दिन (कश्मीर में) यात्रा शुरू होगी। हम व्यवस्था का निरीक्षण करने आए हैं और संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की है।

## एक नजर

### इटली में शरणार्थी जहाज़ दुर्घटनाग्रस्त 34 की मौत

**रोम।** इटली के दक्षिणी तट के पास आयोनियन सागर में 14 प्रवासियों के शव बरामद किए जाने के साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है। इस सप्ताह के शुरुआत में शरणार्थी को ले जा रही नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इतालवी समाचार मीडिया ने शनिवार को तटीय रक्षक सेवाओं का हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले इतालवी मीडिया आउटलेट्स ने बताया था कि दुर्घटना में कम से कम 20 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी, जिनमें से आठ नाबालिग थे।

### ईशनिंदा में हत्या के मामले में दो केस दर्ज

**मद्यन (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान में स्वात पुलिस ने मद्यन में एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में दो प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की हैं। पिछली रात एक व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को प्राथमिकियां दर्ज की गईं। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पवित्र कुरान के कथित अपमान के आरोप में हिरासत में लिये गये एक व्यक्ति की मद्यन पुलिस स्टेशन के अंदर भीड़ ने गुरुवार शाम बेरहमी से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। इसके बाद भीड़ ने संदिग्ध के शव, पुलिस स्टेशन और एक पुलिस वाहन में आग लगा दी।

### चीन ने नया खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया

**ज़िचांग।** चीन ने शनिवार को ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह प्रक्षेपित किया। यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर को दक्षिण पश्चिम सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च -2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया था।

### रूस के साथ लड़ाई में 370 सैनिक खोए

**मॉस्को।** रूस के जैपाद (पश्चिम) ग्रुप ऑफ फोर्सेज ने यूक्रेन के साथ चल रहे संघर्ष में पिछले 24 घंटों में दो हमलों को विफल कर दिया और गोला-बारूद के भंडार को नष्ट कर दिया है जबकि यूक्रेन के कम से कम 370 सैनिक मारे गये। रूसी रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने 370 सैनिकों, दो वाहनों, एक 122 मिमी डी-30 होवित्जर को खो दिया है।

# भविष्य की योजना पर जताई सहमति

## भारत-बांग्लादेश में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए

नई दिल्ली, एजेंसी



बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते प्रधानमंत्री मोदी।

भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को नये क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए भविष्य की योजना पर सहमति जताई और समुद्री क्षेत्र समेत कई अहम क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देने के लिए 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना के बीच व्यापक वार्ता के दौरान समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों पक्षों द्वारा हस्ताक्षरित प्रमुख समझौतों में डिजिटल क्षेत्र में संबंध प्रगाढ़ करने और हरित साझेदारी पर भी एक समझौता शामिल है। दोनों पक्षों ने रेलवे संपर्क पर भी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। अन्य समझौते समुद्र विज्ञान, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा, आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन के क्षेत्रों में किए गए।

प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा, आज हमने नये क्षेत्रों में सहयोग के वास्ते भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण तैयार किया है। हरित साझेदारी, डिजिटल भागीदारी, समुद्री अर्थव्यवस्था और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर बनी सहमति से दोनों देशों के युवाओं को लाभ मिलेगा। अपनी टिप्पणी में हसीना ने भारत को बांग्लादेश का प्रमुख पड़ोसी और एक विश्वसनीय मित्र बताया। उन्होंने कहा, भारत हमारा प्रमुख पड़ोसी, विश्वसनीय मित्र और क्षेत्रीय साझेदार है। बांग्लादेश, भारत के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा, मैं 1971 में बांग्लादेश की स्वतंत्रता में भारत सरकार और भारत के लोगों के योगदान को कृतज्ञता के साथ याद करती हूं। हसीना ने 1971 के युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि भी दी। उन्होंने कहा, आज हमारी बहुत ही सार्थक बैठकें हुईं, जिसमें हमने सुरक्षा, व्यापार, संपर्क, साझा नदियों के पानी के बंटवारे, बिजली और ऊर्जा तथा क्षेत्रीय व बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

### सहयोग दोनों देशों के संबंधों की दिशा तय करेगा: मुर्मु

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और उन्हें विश्वास है कि इससे भारत-बांग्लादेश संबंधों की भविष्य की दिशा होगी। भारत की दो दिन की यात्रा पर आयीं बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

### भारतीय कंपनियों को निवेश के लिए आमंत्रण

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारतीय कंपनियों को देश के विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग की अपार संभावनाओं पर प्रकाश डाला है। हसीना ने शुक्रवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत और बांग्लादेश, दोनों को कारोबार क्षेत्र में मिलकर काम करना चाहिए। हसीना ने कहा, भारत बहुत बड़ा बाजार है, इसलिए दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

### धनखड़ से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। श्रीमती हसीना और धनखड़ की यह बैठक उप राष्ट्रपति एन्क्लेव पर हुई। दोनों नेताओं ने दोनों देशों के ऐतिहासिक और गहरे संबंधों का उल्लेख किया और विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। बैठक में आर्थिक एवं विकास भागीदारी, क्षेत्रीय संपर्क, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रसार और अंतरिक्ष समेत कई मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया गया।

## अमेरिका में गोलीबारी में तीन की मौत

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के अर्कांसस के फोर्डिस प्रांत में एक किराने की दुकान के बाहर गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। राज्य पुलिस ने शुक्रवार को अपराह्न में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि घायलों में दो कानून प्रवर्तन अधिकारी भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि घायलों में से कुछ लोगों को हल्की चोटें आयी हैं, जबकि कुछ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस द्वारा गोली मारे जाने के बाद शूटर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे हिरासत में ले लिया गया है।

# ओलंपिक में हमले की योजना बनाने का आरोप

पेरिस, एजेंसी

● इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले किशोर को हिरासत में लिया

फ्रांस में एक किशोर पर आगामी ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के दौरान हमलों की साजिश रचने का आरोप लगाया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने शनिवार को एक न्यायिक स्रोत का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। इले-डी-फ्रांस क्षेत्र में रहने वाले 19 वर्षीय किशोर पर आपराधिक आतंकवादी साजिश के साथ-साथ आतंकवादी उद्देश्यों के लिए हथियार खरीदने और रखने का आरोप लगाया गया है।

समाचार प्रसारक ने कहा कि कानून प्रवर्तन को किशोर और 13 जून को हिरासत में लिए गए नाबालिग के बीच संबंधों पर संदेह है। समाचार आउटलेट की रिपोर्ट के अनुसार दोनों किशोरों पर विशेष रूप से यहूदियों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने के लिए सोशल मीडिया पर संपर्क बनाने का संदेह है। पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा।

# भारतीय चालक दल के आठ सदस्य रवाना

वाशिंगटन, एजेंसी

● 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर मालवाहक पोत हुआ था दुर्घटनाग्रस्त

अमेरिका के मैरीलैंड प्रांत में 26 मार्च को बाल्टीमोर में पुल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुए मालवाहक पोत डाली के भारतीय चालक दल के आठ सदस्य तीन महीने बाद शुक्रवार को स्वदेश रवाना हुए। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज के अनुसार 21 सदस्यीय चालक दल में से चार अब भी मालवाहक पोत एमवी डाली पर ही हैं जो कि शुक्रवार शाम वर्जीनिया के नॉरफॉक के लिए रवाना होगा।

चालक दल को शेष सदस्यों को बाल्टीमोर के एक सरकारी आवास में ले जाया गया है और जांच पूरी होने तक वे सभी वहीं रहेंगे। पोत सवार चालक दल के 20 सदस्य भारतीय नागरिक थे। इस दुर्घटना में छह श्रमिकों की मौत हो गई थी। इस मालवाहक पोत की मरम्मत नॉरफॉक में की जाएगी। न्यायाधीश की मंजूरी के बाद एक रसोइए, एक फिटर और नाविक सहित भारतीय चालक दल के आठ सदस्यों को स्वदेश रवाना कर दिया गया है। इनमें से कोई भी अधिकारी स्तर का नहीं है। अन्य 13 लोग जांच पूरी होने तक अमेरिका में ही रहेंगे।

बाल्टीमोर इंटरनेशनल सीफेयरर्स सेंटर के निदेशक जोशुआ मेसिक ने सीएनएन को बताया, वे (चालक दल) इस बात को लेकर काफी चिंतित हैं और तनाव में हैं कि आगे क्या होगा।

# अमेरिकी विमानवाहक पोत दक्षिण कोरिया पहुंचा

सियोल, एजेंसी

● परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास में होगा शामिल

परमाणु ऊर्जा से संचालित अमेरिकी विमानवाहक पोत त्रिपक्षीय अभ्यास के लिए शनिवार को दक्षिण कोरिया पहुंचा। रूस और उत्तर कोरिया की गुटबंदी के बाद उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरों से निपटने के लिए दोनों देशों के सैन्य प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने के तहत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट स्ट्राइक ग्रुप दक्षिण कोरिया के बुसान शहर पहुंचा।

इससे एक दिन पहले दक्षिण कोरिया ने रूस के राजदूत को तलब किया था और इस हफ्ते के शुरू में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन के बीच एक समझौते के लिए बनी सहमति को लेकर विरोध दर्ज कराया था। यह समझौते में किसी एक देश पर युद्ध की स्थिति में पारस्परिक रक्षा सहायता का संकल्प जताया गया है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि यह समझौता उसकी सुरक्षा के लिए खतरा है और उसने चेतावनी दी है कि वह रूसी आक्रमण से निपटने के लिए यूक्रेन को हथियार भेजने पर विचार कर सकता है।

जून की शुरुआत में सिंगापुर में अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के रक्षा प्रमुखों की बैठक हुई थी जिसके बाद इन देशों ने फ्रीडम एज की घोषणा की।

# पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस ने आईएसआईएस, टीटीपी और अन्य प्रतिबंधित संगठनों के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार कर एक बड़ी आतंकी साजिश को विफल करने का शनिवार को दावा किया। आतंकवाद-निरोधक विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, इस सप्ताह पुलिस ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर पंजाब के विभिन्न जिलों में अभियान चलाया तथा आईएसआईएस, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी), बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और लश्कर-ए-झांगवी (एलईजे) के 22 संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि इन कथित आतंकवादियों को लाहौर, एटक, शेखपुरा, मुजफ्फरगढ़, ननकाना साहिब, बहावलपुर, डी जी खान, फैसलाबाद, मुल्तान, बहावलनगर और रावलपिंडी जैसे क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया। प्रवक्ता के अनुसार, संदिग्धों के पास से कथित रूप से 1645 ग्राम विस्फोटक, तीन हथगोले, एक आईईडी बम, 12 डिटोनेटर, एक पिस्तौल और प्रतिबंधित साहित्य सामग्री बरामद की गयी।

उन्होंने कहा, गिरफ्तार किये गये आतंकवादियों ने पंजाब में गड़बड़ी फैलाने की साजिश रची थी और वे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं हस्तियों को निशाना बनाना चाहते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आतंकवादियों के खिलाफ 19 मामले दर्ज किये हैं और उन्हें पूछताछ के लिए अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है।

### पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, पांच सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों के हमले में पांच सैनिकों की मौत हो गयी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि शुक्रवार को कुर्रम जिले में सुरक्षा बलों के वाहन पर विस्फोट किया गया। हमले में मारे गए सैनिकों की उम्र 24 से 33 वर्ष के बीच थी। फिलहाल किसी आतंकवादी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

# कनिष्क कांड की जांच अब भी जारी : कनाडा पुलिस

ओटावा, एजेंसी

● पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

मॉन्ट्रियल-नयी दिल्ली एयर इंडिया 'कनिष्क' उड़ान संख्या-182 में 23 जून 1985 को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर उतरने से 45 मिनट पहले विस्फोट हो गया, जिससे विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए थे। इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने ऑपरेशन ब्लू स्टार के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

## बॉलीवुड हलचल

### प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 2898 एडी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है।ट्रेलर में फिल्म के कलाकारों को उनके शानदार अवतारों में दिखाया गया है। अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के रूप में साहसी स्टंट करते हैं, उलगनायगन कमल हासन यास्किन के रूप में एक अपरिचित लेकिन घातक अवतार में दिखाई देते हैं, और प्रभास उनके साथ भैरव के रूप में स्क्रीन पर कमान संभालते हैं। दीपिका पादुकोण ने सुमति का किरदार निभाया है, जो गर्भवती होने के दौरान अपनी भूमिका में तीव्र चुनौतियों का सामना करती है, और दिशा पटानी रॉक्सी के रूप में एक शक्तिशाली उपस्थिति देती हैं। बुज्जी के अवतार को भी दिखाया गया है। ट्रेलर में कल्कि 2898 एडी की तीन अलग दुनियाओं का परिचय दिया गया है।

### स्काईफोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे अक्षय कुमार



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म स्काई फोर्स में पायलट की भूमिका में नजर आयेंगे। अक्षय कुमार फिल्मकार दिनेश विजन के बैनर की फिल्म स्काई फोर्स में काम कर रहे हैं। इस फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच 1965 में हुई जंग के बैकग्राउंड पर आधारित है।इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर,वीर पहाड़िया और सारा अली खान हैं। अक्षय कुमार इस फिल्म में एयरफोर्स पायलट के किरदार में नजर आयेंगे। इस फिल्म के लिये आर्ट डायरेक्शन और सिनेमैटोग्राफी पर खासा ध्यान दिया गया है।इस फिल्म के डीओपी सामंथा कृष्णन रविचंद्रन हैं। स्काई फोर्स का निर्देशन और लेखन संदीप केवलानी और अभिषेक कपूर ने किया है। फिल्म का निर्माण दिनेश विजान, अमर कौशिक और ज्योति देशपांडे ने किया है।

### कुलदीप-पूजा स्टारर प्रोडक्शन न. 1 की शूटिंग शुरू

**मुंबई, एजेंसी।** रिलफील एंटरटेनर फिल्म्स के बैनर तले बन रही कुलदीप कुमार और पूजा गांगुली स्टारर फ़िल्म प्रोडक्शन न.1 की शूटिंग शुरू हो गयी है। फ़िल्म प्रोडक्शन न. 1 के निर्माता ललित कुमार शर्मा है, जबकि सह निर्माता राजेश पटेल है। निर्देशक सुमित सागर है। यह एक पारिवारिक फ़िल्म है। फ़िल्म को लेकर निर्माता-निर्देशक ने बताया कि फ़िल्म पूरी तरह सामाजिक अनूठी कहानी पर केंद्रित है, जिसमे दर्शकों को पूरी तरह नायपन दिखेगा। फ़िल्म समाज का आइना होता है और यह फ़िल्म पूरी तरह से अपने टाइटल के अनुसार फिलमाया जा रहा है। अभिनेता कुलदीप ने कहा, मैं इस फ़िल्म के हिस्सा बनाकर बहुत ख़ुश हूं और उम्मीद करता हूं की यह फ़िल्म दर्शकों के दिलो पर राज करेंगी।

## खगोल विज्ञान

सुपर मैसिव ब्लैक होल जे1120 0641 नामक आकाशगंगा के केंद्र में है मौजूद

# ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास में महत्वपूर्ण ब्लैक होल की खोज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने एक ऐसे ब्लैक होल की खोज की है, जिसका उदय ब्रह्मांड की उत्पत्ति के बाद हुआ था। यह सुपर मैसिव ब्लैक होल एक परिपक्व क्वासर है, जो जे1120 0641 नामक आकाशगंगा में मौजूद है। ब्रह्मांड की उत्पत्ति व विकास को लेकर यह खोज महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

खोजकर्ता वैज्ञानिकों के अनुसार यह सुपर मैसिव ब्लैक होल है, जो आकाशगंगा के केंद्र में मौजूद है। यह गैस और धूल की एक चमकदार घेरे में घिरा हुआ है। नासा की अंतरिक्ष दूरबीन जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप अब इस ब्लैक होल की आगे का अध्ययन करेगी। इसी टेलीस्कोप से जे1120 0641 आकाशगंगा को देखा गया। तब इस ब्लैक होल की मौजूदगी की जानकारी मिल पाई। इस आकाशगंगा से प्रकाश को पृथ्वी तक पहुंचने में लगभग उतना ही समय लगता है, जितना कि ब्रह्मांड को आज तक विकसित होने में लगा है। इस ब्लैक होल का वजन एक अरब सौर द्रव्यमान से अधिक हो सकता है। यह खोज नेचर एस्ट्रोनॉमी पत्रिका में प्रकाशित हुई है। इस खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि यह हैरान कर देने वाली खोज है। इस ब्लैक होल के नजदीक सामग्री के अवलोकन से विशेष रूप से कुछ और पता चलने वाला था, लेकिन उन्हें कुछ खास नहीं मिला। मगर यह परिणाम और भी अधिक असाधारण है। इसका मतलब यह हो सकता है कि खगोल भौतिकीविद् आकाशगंगाओं के विकास के बारे में जितना सोचते थे, वह वास्तव में पर्याप्त नहीं हैं। जिस कारण यह खोज अधिक महत्वपूर्ण हो चली है। संभवतः यह खोज भौतिकी के क्षेत्र में नई दिशा देगी।



ब्रह्मांड की उत्पत्ति के समय जन्मा ब्लैक होल।

### आकाशगंगाओं की व्याख्या बड़ी चुनौती

प्रारंभिक विशाल ब्लैक होल व आकाशगंगा विकास की व्याख्या वर्तमान मॉडल के लिए एक बड़ी चुनौती है। क्या ऐसा हो सकता है कि प्रारंभिक ब्लैक होल वर्तमान की तुलना में गैस एकत्र करने में अधिक कुशल थे। आकाशगंगाओं में धूल की उपस्थिति व क्वासर का द्रव्यमान हमारे अनुमानों को प्रभावित कर सकता है। बहरहाल वर्तमान में कुछ नहीं कहा जा सकता। इसका सही पता भविष्य बताएगा।